सूर्योदय : 6:04
सूर्यास्त : 6:19
अधिकतम तापमान : 35.5
न्यूनतम : 21.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-273 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 26 मार्च 2026
06 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने उठाए सवाल

## रक्षा मंत्री के नेतृत्व में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा, गृह मंत्री और विदेश मंत्री रहे मौजूद

- तृणमूल कांग्रेस ने बैठक से दूरी बनाई
- राहुल गांधी भी शामिल नहीं हुए



**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद के वर्तमान बजट सत्र के बीच बुधवार को सर्वदलीय बैठक की, जिसमें पश्चिम एशिया के हालात और उसके भारत पर प्रभाव को लेकर चर्चा की गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर एवं मुकुल वासनिक तथा कई अन्य नेता शामिल हुए। विपक्ष ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य के बाद इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक की मांग उठाई थी।

कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दल पश्चिम एशिया युद्ध और इसके भारत पर प्रभाव को लेकर सरकार से लगातार सवाल कर रहे हैं। राज्यसभा में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में छिड़े वर्तमान संघर्ष के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए अधिकार संपन्न सात नये समूहों का गठन किया गया है जो एलपीजी, आवश्यक सेवाओं एवं वस्तुओं की आपूर्ति एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य विषयों का नियमित आकलन कर सुझाव देंगे।

बैठक का उद्देश्य सभी राजनीतिक दलों को स्थिति की जानकारी देना और एक साझा रणनीति पर चर्चा करना था। कांग्रेस की ओर से तारिक अहमद और मुकुल वासनिक शामिल हुए हैं, जबकि जेडीयू से ललन सिंह और संजय झा बैठक में पहुंचे हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वैश्विक हालात और पश्चिम एशिया के संकट पर विस्तार से जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस ने बैठक से दूरी बनाई है और राहुल गांधी भी इसमें शामिल नहीं हुए हैं। बैठक में मौजूदा हालात और भारत की रणनीति पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात और उसके भारत पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा हुई है। खासतौर पर ऊर्जा आपूर्ति, आर्थिक असर और कूटनीतिक रणनीति को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। सरकार ने स्पष्ट किया कि देश में ऊर्जा संसाधनों की कोई कमी नहीं है। तेल की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

सरकार ने बताया कि चार और जहाज भारत की ओर आ रहे हैं और कुछ अन्य जहाज जल्द ही होर्मुज क्षेत्र से निकलेंगे। इससे साफ है कि सप्लाई चेन को लेकर कोई बड़ा खतरा नहीं है।बैठक में सरकार ने विपक्ष को मौजूदा हालात की पूरी जानकारी दी और उनके सवालों का जवाब भी दिया। विपक्ष ने सुरक्षा, तेल आपूर्ति और विदेश नीति को लेकर सवाल उठाए, जिन पर सरकार ने भरोसा दिलाया कि सभी पहलुओं पर नजर रखी जा रही है। सरकार ने साफ कहा कि वैश्विक हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर तुरंत कदम उठाए जाएंगे। साथ ही आम लोगों से अपील की गई कि वे किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं।

बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र ने संसद में कहा कि पश्चिम एशिया का यह संघर्ष भारत की ऊर्जा आपूर्ति, महंगाई और सप्लाई चेन पर लंबे समय तक असर डाल सकता है, इसलिए देश को हर चुनौती के लिए तैयार रहना होगा।

इस मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरा और मांग की कि सिर्फ बैठक नहीं बल्कि संसद में विस्तृत बहस होनी चाहिए। वहीं राहुल गांधी ने बैठक में शामिल न होने का फैसला लिया और सरकार की विदेश नीति की आलोचना की। साथ ही कुछ विपक्षी नेताओं ने सरकार के ईरान के साथ संबंधों और एलपीजी संकट को लेकर सवाल उठाए, जबकि सत्तापक्ष ने इस समय राष्ट्रीय एकता की जरूरत पर जोर दिया।

भाजपा सांसद शशांक मणि ने सर्वदलीय बैठक पर कहा, 'विपक्ष को जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि इसमें सभी के प्रयास की आवश्यकता है। यह विपदा हमारी बनाई हुई नहीं है बल्कि यह विपदा बाहर से आई है। तो हमें मिलकर इस पर काम करना चाहिए। यह बहुत दुखद बात है अगर टीएमसी ने वॉकआउट करने के लिए बोला है।

### संसद में चर्चा होनी चाहिए : विपक्ष

**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद विपक्ष ने कहा कि इस मामले से जुड़े मुद्दों पर सरकार का जवाब संतोषजनक नहीं था। उन्होंने यह मांग फिर दोहराई कि लोकसभा और राज्यसभा में नियम 176 के तहत पश्चिम एशिया संकट को लेकर चर्चा होनी चाहिए। बैठक के बाद कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार की ओर से स्पष्टीकरण देने की कोशिश हुई जो संतोषजनक नहीं है।

# नौ सालों में यूपी में तीन गुना बढ़ी महिला श्रम शक्ति : सीएम योगी

- मुख्यमंत्री ने किया एमएमएमयूटी में गर्ल्स हॉस्टल का भूमि पूजन व शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 के बाद बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सरकार की तरफ से किए गए प्रयासों से बीते नौ सालों में वुमेन वर्क फोर्स (महिला श्रम शक्ति) तीन गुना बढ़ी है। वुमेन वर्क फोर्स का आंकड़ा 12 से बढ़कर 36 प्रतिशत क्रॉस कर चुका है। वर्ष 2017 के पहले महिला सुरक्षा जहां एक बड़ी चुनौती थी तो वहीं अब बिना भय के महिला का तेजी से कामकाजी होना समाज में सुरक्षा का मानक बना है।

सीएम योगी बुधवार दोपहर बाद मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 144 बेडेड गर्ल्स हॉस्टल (बालिका छात्रावास) के भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह गर्ल्स हॉस्टल, पॉवरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड से बनवाया जाएगा। इसके निर्माण पर 13.67 करोड़ रुपये की लागत आएगी। गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने एमएमएमयूटी में 4.67 करोड़ रुपये की लागत से बने साइबर फोरेंसिक रिसर्च लैब का उद्घाटन किया और रिसर्च एक्सीलेंस पुरस्कार भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने एक पुस्तिका का भी अनावरण किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेटी सुरक्षित हो, उसका सम्मान हो और वह स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर होकर के नए भारत के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन प्रभावी ढंग से कर सके, इस दृष्टि से उसी प्रकार की सुविधा देना आज की आवश्यकता है। इसे ही ध्यान में रखकर प्रदेश सरकार हर बड़े महानगर में कामकाजी महिलाओं के लिए श्रमजीवी महिला छात्रावास का निर्माण कर रही है। किसी भी समाज में सुरक्षा का मानक भी यही है कि महिलाएं बिना भय के कार्य करने के घर से बाहर निकल सकें। 2017 के बाद सरकार की तरफ से इस दिशा में किए गए प्रयास के परिणाम सबके सामने हैं।

### सीएम योगी की चुटकी से गरमाई सियासत

**गोरखपुर।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रस्तावित फॉरेंसिक रिसर्च सेंटर के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक हल्की-फुल्की टिप्पणी ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के सांसद रवि किशन को लेकर चुटकी लेते हुए इशारों में कहा कि भविष्य में इस सीट पर महिला प्रत्याशी भी दावेदारी कर सकती है। मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक गलियारों में अटकलों का दौर शुरू हो गया है। हालांकि मंच से कही गई यह बात हास्य के रूप में थी, लेकिन इसे आगामी लोकसभा चुनाव से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

## देश समान कानून से चले हमारा संकल्प : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता रही है कि देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून से चले। गुजरात विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित होने पर शाह ने यह बात कही।

अमित शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, देश में हर नागरिक के लिए एक समान कानून हो, यह भाजपा का स्थापना से ही संकल्प रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की राज्य सरकारें इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। मुझे हर्ष है कि उत्तराखंड के बाद अब गुजरात ने भी समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने का ऐतिहासिक कार्य कर अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। इसके लिए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और इस विधेयक को समर्थन देने वाले सभी विधायकों को बधाई देता हूँ।

## ईरान-इस्राइल तनाव के बीच किसानों के लिए सरकार ने बनाया बड़ा प्लान

- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे बड़ी बैठक



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच बुधवार को केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें कृषि क्षेत्र और किसानों के हितों की सुरक्षा पर चर्चा हुई। साथ ही, आने वाले खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई।

कृषि क्षेत्र की निगरानी के लिए एक विशेष सेल बनाया गया है। जो खाद, बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता पर हर हफ्ते रिपोर्ट तैयार कर केंद्रीय मंत्री को देगा, ताकि समय रहते जरूरी कदम उठाए जा सकें। बैठक में कृषि मंत्री ने कहा, सरकार किसानों को समय पर सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

चौहान ने जल्द ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कृषि मंत्रियों के साथ बैठक करने की बात भी कही। बैठक में बीज सुखाने के लिए जरूरी गैस और एग्रो केमिकल्स की उपलब्धता की समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि वैश्विक संकट के दौरान पैकेजिंग सामग्री, खासकर दूध और अन्य कृषि उत्पादों के लिए, किसी भी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए।

### उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संकट के समय पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहें, ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया और फार्मर आईडी के काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि वितरण व्यवस्था पारदर्शी बन सके। संकट का फायदा उठाकर खाद और बीजों की कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## रामनवमी पर दो दिन का अवकाश, अब 27 मार्च को भी छुट्टी घोषित

**लखनऊ।** रामनवमी पर योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। पहले से घोषित 26 मार्च के सार्वजनिक अवकाश के साथ अब 27 मार्च को भी छुट्टी घोषित कर दी गई है। मंदिरों में रामनवमी के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। हर साल इस पर्व पर बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचते हैं, जिससे व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसे में अतिरिक्त अवकाश से लोगों को सुविधा मिलेगी।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री योगी ने श्रीराम नवमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का दिव्य जीवन सत्य, धर्म, त्याग, मर्यादा और करुणा सहित मानवीय मूल्यों का प्रतीक है। प्रभु श्रीराम का चरित्र न केवल व्यक्तिगत आचरण को दिशा देता है, बल्कि समाज और व्यवस्था को न्याय, समरसता और उत्तरदायित्व की राह पर अग्रसर करता है।

# बिल में लगाया एलपीजी चार्ज तो होगी कार्रवाई

- रेस्तरां और होटल वालों को सीसीपीए की चेतावनी



**नई दिल्ली।** होटलों और रेस्तरां में खाने के बिल पर मनमाने ढंग से एलपीजी शुल्क या गैस सरचार्ज जोड़ने पर सख्ती हो गई है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने इसे अनुचित व्यवहार माना है और साफ कर दिया है कि इस तरह के अतिरिक्त शुल्क लेना तुरंत बंद किया जाए। नियम तोड़ने पर कार्रवाई भी होगी।

सीसीपीए ने बुधवार को इससे संबंधित एडवाइजरी जारी की है, जिसमें कहा गया कि कई होटल और रेस्तरांमेनू में दी गई कीमत के अलावा एलपीजी शुल्क, फ्यूल कॉस्ट या इसी तरह के अन्य चार्ज जोड़ कर अतिरिक्त पैसे वसूल रहे हैं। यह तरीका उपभोक्ताओं को गुमराह करता है। इससे ग्राहक पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि गैस, बिजली या ईंधन जैसी लागतें होटल या रेस्तरां के रोजमर्रा के खर्च का हिस्सा हैं। इन्हें अलग से वसूलने के बजाय खाने-पीने की कीमत में ही शामिल किया जाना चाहिए। ग्राहक से अलग से इनका पैसा लेना नियमों के खिलाफ है।

सीसीपीए ने यह भी कहा कि कुछ कारोबारी सेवा शुल्क से जुड़े पुराने निर्देशों से बचने के लिए नए नाम से अतिरिक्त पैसे ले रहे हैं। ऐसे सभी सेवा शुल्क की तरह ही माने जाएंगे एवं इन्हें जबरन वसूलना गलत होगा। नाम बदल देने से नियम नहीं बदलते। उपभोक्ताओं को भी अधिकारों के प्रति सतर्क रहने को कहा गया है। अगर बिल में ऐसा कोई चार्ज दिखे तो ग्राहक तुरंत उसे हटाने की मांग कर सकते हैं। जरूरत पड़ने पर उपभोक्ता हेल्पलाइन पर 1915 नंबर पर काल कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। एनसीएच मोबाइल ऐप या ई-जागृति पोर्टल के जरिए भी शिकायत की जा सकती है। प्राधिकरण ने कहा कि वह इस पर नजर रख रहा है। उपभोक्ताओं के हितों से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### नहीं लगा सकेंगे कोई एक्स्ट्रा चार्ज

एडवाइजरी के मुताबिक मेनू में जो कीमत लिखी है, वही अंतिम मानी जाएगी। ग्राहक को किसी भी अतिरिक्त भुगतान के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। सीसीपीए ने चेतावनी दी है कि अगर कोई होटल या रेस्तरां इन नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## सीजेआई के भाई को फोन करना पड़ा भारी, सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के रवैये पर सख्त नाराजगी जताई। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने खुली अदालत में खुलासा किया कि याचिकाकर्ता के पिता ने उनके भाई को फोन कर कोर्ट के आदेश पर सवाल उठाया। चीफ जस्टिस ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह व्यवहार गंभीर है और पूछा कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। उन्होंने याचिकाकर्ता के वकील से भी मामले की गंभीरता समझने को कहा।

यह मामला निखिल कुमार पुनिया से जुड़ा है, जिन्होंने बौद्ध धर्म अपनाने के बाद अल्पसंख्यक कोटे के तहत आरक्षण की मांग की है। इससे पहले सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस याचिका पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे 'एक नए तरह का धोखाधड़ी' बताया था।

**तनाव** अमेरिका का दबदबा अब खत्म : ईरानी सेना

# 'सीजफायर' की खबरों को ईरान ने बताया झूठ

- पाकिस्तान में ईरान के राजदूत ने कहा बातचीत का कोई सवाल ही नहीं उठता



**तेहरान/इस्लामाबाद।** ईरान और अमेरिका के बीच चल रही तनातनी के बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि वह वाशिंगटन के साथ किसी भी तरह की शांति वार्ता नहीं कर रहा है। ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के उन दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि दोनों देशों के बीच युद्धविराम (सीजफायर) को लेकर चर्चा चल रही है।

पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोघदम ने कड़े शब्दों में कहा कि अमरीका के साथ बातचीत का कोई सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने अमरीका पर धोखेबाजी का आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा युद्ध की वजह ही यही है कि अमरीका ने बातचीत के बीच में ईरान को धोखा देकर हमला किया। ईरान का मानना है कि अमरीका पर अब भरोसा नहीं किया जा सकता। इससे पहले, अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिडिल ईस्ट में अपनी जीत का ऐलान करते हुए एक बड़ा बयान दिया था। ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान अब परमाणु हथियार न बनाने पर सहमत हो गया है और उसने व्यापारिक नजरिए से महत्वपूर्ण 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को लेकर भी सकारात्मक संकेत दिए हैं। हालांकि, ईरान ने इन दावों को महज एक चुनावी या राजनीतिक पैंतरा बताया है। शांति की खबरों के बीच इजरायल ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि उन्हें किसी भी शांति वार्ता की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इजरायल का मुख्य लक्ष्य ईरान को परमाणु शक्ति बनने से रोकना है। डैनन ने कहा कि इजरायल और अमेरिका मिलकर ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमले कर रहे हैं और यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी जब तक ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता खत्म नहीं हो जाती। ईरान के सैन्य अधिकारियों ने अमेरिका के कूटनीतिक प्रयासों को एक 'दिखावा' करार दिया है। ईरानी मीडिया के अनुसार, सेना के प्रवक्ताओं ने दावा किया है कि दुनिया भर में अमेरिका का प्रभाव अब खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपनी रणनीतिक हार को 'समझौते' का नाम देकर छिपाने की कोशिश कर रहा है।

### अमरीका ने ईरान को युद्ध समाप्त करने के लिए भेजा 15 सूत्री प्रस्ताव



**वाशिंगटन।** अमरीका ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान को 15 सूत्री प्रस्ताव दिया है जो 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे महत्वपूर्ण राजनयिक पहल हो सकती है। ईरान ने किसी भी प्रकार की बातचीत होने से इनकार किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह प्रस्ताव पाकिस्तान में मध्यस्थों के माध्यम से भेजा गया था। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने भी इस मामले से परिचित सूत्रों के हवाले से इस योजना की पुष्टि की है। चार सप्ताह पहले 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के अंतर्गत अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद बढ़ते संघर्ष के बीच यह प्रयास किया जा रहा है।

## भाजपा ने निवेश के लिए एमओयू में किया बड़ा फर्जीवाड़ा : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र विरोधी है। भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे लगाती है। धमकी और अवैध कार्रवाई करती है। अखिलेश यादव बुधवार को प्रदेश सपा मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे 2027 का विधानसभा चुनाव निकट आता जा रहा है, वैसे-वैसे भाजपा नेतृत्व बौखला रहा है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रयोग खेती, किसानी और अन्य सकारात्मक कार्यों के लिए करना चाहिए था, लेकिन भाजपा इसका प्रयोग विपक्ष के खिलाफ करती है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि एआई की एक कंपनी 2025 में बनी और 2026 में उससे 25 हजार करोड़ का एमओयू हो गया। इसके निदेशकों की कोई वैल्यू नहीं है। कहां से आकर इतना बड़ा एमओयू कर लिया। यूपी में इसके पहले भी इसी तरह के फर्जी एमओयू पकड़े गए थे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोगों को सोते-जागते केवल पीडीए ही दिखाई देता है।

# भारत में पेट्रोल-डीजल का कोई संकट नहीं

- सरकार ने कहा- अफवाहों पर ध्यान न दें




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों के बीच केन्द्र और राज्य संचालित तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पिछले 48 घंटों के दौरान पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित होने की अफवाहें तेजी से फैलीं, जिससे देश के कुछ हिस्सों में लोगों में चिंताएं बढ़ी और कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई। हालांकि अधिकारियों ने इन आशंकाओं को पूरी तरह निराधार बताया और कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत की ईंधन सुरक्षा मजबूत बनी हुई है।

एक विस्तृत परामर्श में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी आपूर्ति श्रृंखलाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं। कंपनी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें पूरी तरह गलत हैं और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। बीपीसीएल ने कहा, पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैलाई जा रही खबरें पूरी तरह निराधार हैं। भारत में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। बीपीसीएल पूरी तरह संचालन में है और निर्बाध ईंधन आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है और भारत इन ईंधनों का शुद्ध निर्यातक है। कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और विमानन ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति श्रृंखला में किसी प्रकार की बाधा नहीं है। कंपनी ने बताया कि उसकी सभी रिफाइनरी, डिपो और पेट्रोल पंप पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे घबराकर ईंधन की अनावश्यक खरीद न करें। इस बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने भी कहा कि देश की सभी रिफाइनरी उच्च क्षमता पर चल रही हैं।

### उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए सिलेंडर बुकिंग का अलग प्रावधान नहीं : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को स्पष्ट किया कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए सिलेंडर रिफिल बुकिंग का कोई अलग प्रावधान नहीं किया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मीडिया में आई उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि शहरी क्षेत्रों में उज्ज्वला योजना के लाभार्थी 45 दिन बाद ही अगला एलपीजी सिलेंडर बुक करा सकेंगे, जबकि आम ग्राहकों के लिए यह सीमा 25 दिन की है।

# वन स्टाफ सेंटर का किया गया औचक निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** उच्च न्यायालय द्वारा पी0आई0 एल0सं0 4112/2018, देवरिया बनाम स्टेट आफ यू0 पी0 में पारित आदेश दिनांकित 05-09-2018 एवं जनपद न्यायाधीश के द्वारा गठित कमेटी द्वारा दिनांक 25 3.2026 को वन स्टाफ सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया उक्त निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका वन स्टाफ सेंटर के द्वारा बताया गया वर्तमान समय में वन स्टाफ सेंटर में 20 संवासिनी निवास कर रही है जिसमें से सात संवासिनी बयान हेतु न्यायालय गई हुई है शेष 13 संवासिनी से कमेटी द्वारा बातचीत की गई संवासिनी द्वारा बताया गया कि खाना पीना टाइम से मिल रहा है रहने में कोई दिक्कत नहीं है अधीक्षका को निर्देशित किया गया कि रह रही संवासानी की देखरेख के लिए बढ़िया हो अगर कोई दिक्कत आती है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को तत्काल सूचित करें जिससे कि आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

## अज्ञात वाहन ने एक बाइक में मारी टक्कर, हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा सवाददाता)** दोपहर सिंगाही-बेलरायां मार्ग पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक में टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला।

हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए वाहन की पहचान करने में जुट गई है।

हादसा दोपहर करीब 12 बजे हुआ। गांव तकियापुरवा निवासी प्रहलाद सिंह (31) अपनी पत्नी के ननिहाल लालापुर में मुंडन समारोह में शामिल होने आए थे। इसी दौरान वह अपने परिचित सचिन (22) के साथ गैस सिलिंडर लेने सिंगाही बाजार गए थे। वापसी के दौरान जैसे ही उनकी बाइक बेलरायां मार्ग पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास पहुंची।

इसी बीच सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि दोनों युवक सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़े बाइक और गैस सिलेंडर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

हेलमेट न होने के कारण प्रहलाद के सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं, जबकि सचिन के सिर और पैर में गहरी चोट लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस से निघासन सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्रहलाद को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, सचिन की हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है और स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के कफारा गांव में किसान की मौत

### परिजन का आरोप है कि बैंक कर्ज के दबाव में आकर किसान ने पिया विषाक्त पदार्थ

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के कफारा गांव में किसान की मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि बैंक कर्ज के दबाव में आकर किसान ने विषाक्त पदार्थ पी लिया थी। लखनऊ में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई जानकारी के मुताबिक गांव निवासी श्यामू कश्यप (45) पर एलडीबी बैंक शाखा धौरहरा का दो लाख 97 हजार रूपये कर्ज है। परिजनों के अनुसार, बैंक अधिकारी कर्ज जमा कराने के लिए दबाव बना रहे थे, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगे थे। आरोप है कि इसी तनाव के चलते रविवार को उन्होंने विषाक्त पदार्थ पी लिया हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें पहले सीएचसी रमियाबेहड़ ले गए, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ भेजा गया, जहां मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।मृतक के परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव को घर ले आए और मंगलवार शाम अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के पुत्र अमित कश्यप का कहना है कि पिता श्यामू कश्यप कर्ज के बोझ से टूट चुके थे और इसी कारण यह कदम उठाया।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार मां-बेटी की मौत

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा सवाददाता)** पढुआ थाना क्षेत्र में बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार मां-बेटी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के बुद्धापुरवा गांव निवासी भोला देवी 45 वर्ष पत्नी अपनी 18 वर्षीय पुत्री शिवानी के साथ स्कूटी से ढखेरवा चौराहा स्थित बैंक गई थीं। बैंक का कार्य निपटाकर दोनों घर वापस जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगते ही मां-बेटी सड़क पर गिर पड़ीं, तभी उक्त वाहन दोनों को रौंदता हुआ निकल गया। हादसे में मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पढुआ थाना प्रभारी सहित ढखेरवा चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।बिलखते मौके पर पहुंच गए। गांव में मातम का माहौल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 25 मार्च को शाम 4 बजकर 30 मिनट से अष्टमी तिथि प्रारंभ ,आज 26 मार्च गुरुवार को दोपहर 2 बजकर 15 मिनट तक रहेगी

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा सवाददाता)** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर महाअष्टमी और नवमी तिथियों को लेकर श्रद्धालुओं में चल रहे संशय को विद्वानों ने स्पष्ट कर दिया है। पंचांग के अनुसार 25 मार्च को शाम 4 बजकर 30 मिनट से अष्टमी तिथि प्रारंभ हो रही है, जो आज 26 मार्च गुरुवार को दोपहर 2 बजकर 15 मिनट तक रहेगी। इस कारण महाअष्टमी व्रत, पूजन-अर्चन एवं हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान गुरुवार को किए जाएंगे। वहीं शास्त्रोक्त विधान के अनुसार कुमारिका पूजन, अर्चन एवं कुमारी भोजन कराने का शुभ कार्य बुधवार को ही संपन्न करना उचित माना गया है। इसके अलावा 27 मार्च, शुक्रवार को दोपहर 12. 02 मिनट तक नवमी तिथि रहेगी इस दिन श्रीराम नवमी का पर्व मनाया जाएगा। मध्यान्ह काल में कर्क लग्न में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया जाएगा। पूरे नवरात्रि व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए ही महानवमी तिथि का व्रत रखते हुए मां भगवती सिद्धिदात्री महालक्ष्मी स्वरूप का पूजन, अर्चन व हवन करना शास्त्र सम्मत बताया गया है। इसके उपरांत 12. 02 मिनट के बाद व्रत का पारण किया जा सकता है।

## बाइक चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, 11 बाइके बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली बेहट पुलिस बाईक चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही पर 11 बाइके बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। एसपी देहात सागर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली बेहट इंस्पेक्टर सतपाल भाटी की अगुवाई में सब इंस्पेक्टर महेश चन्द, धीरज सिंह, हैड कांस्टेबल तरूण कुमार, कांस्टेबल सावन कुमार, कपिल कुमार, अनिल कुमार तथा बिट्टू कुमार की टीम विकास नगर रोड पर गांगराव नदी के पास वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध प्रतीत हो रहे अहसान उर्फशानू पुत्र जमशेद निवासी ग्राम रामपुर कला थाना सहसपुर जनपद देहरादून (उत्तराखण्ड), मेहरबान पुत्र इजहार निवासी मौहल्ला भंगी वाली गली ग्राम मिर्जापुर पोल थाना मिर्जापुर, दिलशाद पुत्र इलियास तथा शमशाद पुत्र यामीन निवासीगण ग्राम दबकोरा थाना कोतवाली बेहट को रोककर पूछताछ की तो पता चला कि ये बाइक चोर गिरोह के सदस्य है।

# एडीएम एफआर की अध्यक्षता में किया गया ऋण शिविर का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में बुधवार को एक ऋण शिविर का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में किया गया। दरअसल इस शिविर को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत आयोजित किया गया था।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एडीएम एफआर वैभव शर्मा द्वारा शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश्वर प्रसाद द्वारा उपस्थित आवेदकों एवं लाभार्थियों को योजना की जानकारी देते हुए ऋण की उपयोगिता एवं स्वरोजगार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, जिससे युवा देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस एक दिवसीय शिविर के दौरान भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कुल 7.51 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए तथा पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम के दौरान मुख्य प्रबंधक ऋण एवं एनपीए नवल किशोर अग्रवाल, मुख्य प्रबंधक एएमसीसी पुष्पेन्द्र सिंह, मुख्य प्रबंधक एएमसीसी बिसौली राजेन्द्र प्रसाद, जिला समन्वयक कौशल किशोर सहित संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, एक व्यक्ति की मौके पर मौत

**सहारनपुर। (अवधनामा सवाददाता)** थाना बेहट क्षेत्रान्तर्गत जनता रोड पर अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार थाना नागल इलाके के गांव खजूरवाला निवासी 35 वर्षीय संजीव राणा पुत्र महेंद्र राणा अपनी बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वे कोतवाली बेहट इलाके के गांव मंडौरा तिराहे के पास पहुंचे तो उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसे ने संजीव राणा की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना मिर्ज़ापुर पूजनकी पुलिस चौकी को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची।

## कॉलेज की छात्राओं को मिशन शक्ति टीम द्वारा किया गया जागरूक



**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** बिल्सी स्थित महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सीओ बिल्सी एवं थाना बिल्सी की मिशन शक्ति टीम के संयुक्त नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को इस कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में किया गया था। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महाविद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को सुरक्षार्थ व स्वावलम्बन हेतु जागरुक कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारियां प्रदान की गई।

# निगम ने 50 दुकानों का अतिक्रमण हटाया, 11 हजार जुर्माना वसूला



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने लोहानी सराय, प्रताप मार्किट, शहीद गंज, जैन कॉलेज रोड, भारत माता चौक, नया बाजार व ढोलीखाल में करीब पचास दुकानों का अतिक्रमण हटाते हुए कुछ दुकानदारों से ग्यारह हजार रुपये जुर्माना वसूला। इन सब स्थानों पर अतिक्रमण के सम्बंध में आईजीआरएस व जनसुनवाई में शिकायते की गयी थी। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम के अतिक्रमणरोधी दस्ते ने आज ढोलीखाल-लोहानी सराय चौक पर करीब आधा दर्जन दुकानों का अतिक्रमण हटवाते हुए पांच दुकानों पर जुर्माना लगाया। नया बाजार में जामा मस्जिद के पास चार दुकानों का अतिक्रमण हटाते हुए दो हजार रुपये जुर्माना लगाया। प्रताप मार्किट में करीब आधा दर्जन दुकानों का अतिक्रमण हटवाते हुए तीन दुकानों पर जुर्माना लगाया।

इसके अलावा जनसुनवाई में आयी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए भारत माता चौक, शहीद गंज व जैन कॉलेज रोड पर भी अतिक्रमण हटाया गया।

प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग ने बताया कि करीब 50 दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया और दुकानदारों से ग्यारह हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा भारत माता चौक के निकट गुरुद्वारा रोड के बराबर गली में सड़क पर बनाये गए बाथरुम की शिकायत भी आईजीआरएस पोर्टल पर की गयी थी। प्रवर्तन दल ने उक्त भवन स्वामियों को स्वयं अपने बाथ रुम गली से हटाने के लिए एक सप्ताह का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में बाथरुम न हटाये गए तो निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाया जायेगा।

## मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार 28 मार्च को: प्रदीप

**सहारनपुर। (अवधनामा सवाददाता)** खादी के शोध, डिजाइन, मानकीकरण एवं प्रचार प्रसार योजना के अन्तर्गत खादी के प्रोमोशन एवं प्रचार-प्रसार हेतु 28 मार्च को एक दिवसीय मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सेमिनार में खादी की पर्यावरण अनुकूल, स्वदेशी, प्राकृतिक एवं सस्टेनेबल फैब्रिक एवं अन्य विशेषताओं के प्रति आम जनमानस को जागरूक कर खादी को युवा पीढी में आधुनिक फैशन फैब्रिक के रूप में प्रमोट किया जाएगा। सेमिनार में विभिन्न फैशन संस्थाओं की फैकेलिटी एवं छात्र, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, स्कूल एवं कॉलेज के छात्र, शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

# सड़कों का निर्माण बुनियादी ढांचे की रीढ़: महापौर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 33 में नगर निगम निधि से निर्मित होने वाली सड़क के निर्माण कार्य का वेदमंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। सड़क निर्माण पर लगभग 15 लाख रुपये की लागत आयेगी।

आज सुबह महापौर डॉ. अजय कुमार वार्ड 33 में प्रेमनगर स्टेट बैंक कॉलोनी पहुंचे तो क्षेत्र के लोगों ने महापौर का स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया।

महापौर ने क्षेत्र के लोगों की मांग को पूरा करते हुए उक्त गली में वेद मंत्रोच्चार के बीच सड़क पर गेंती चलाकर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि सड़कों और नालियों का निर्माण किसी भी क्षेत्र के बुनियादी ढांचे की रीढ़ होता है, जो समग्र विकास, स्वास्थ्य और आर्थिक समृद्धि के दरवाजे खोलता है। ''हमारा लक्ष्य एक कदम विकास की ओर, अंधेरी ठहराव से प्रकाश की ओर'' उक्ति को अमलीजामा पहनाते हुए नगर निगम लगातार महानगर में सड़कों, नालियों व पुलियाओं का निर्माण कार्य करा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष जोगिंदर लाला, मंडल महामंत्री जयवीर खटाना, पार्षद प्रतिनिधि संदीप चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अवैध शराब सहित पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार



**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,बुधवार को थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत, मुखबिर की सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसका नाम नेकपाल पुत्र शयामलाल बताया है।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक बीयर की पैटी (24 कैन) व 15 अवैध देसी शराब के पव्वे बरामद होने की जानकारी पुलिस द्वारा दी गई है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए इसको जेल भेजा गया है।

## दुकान के ताले तोड नगदी ले उडे चोर

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** गंगोह क्षेत्रान्तर्गत लखनौती के मेन बाजार स्थित किरयाना की दुकान के ताले तोड़कर चोर हजारों की नकदी चुरा ले गये। पीड़ित दुकानदार मनीष कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात को लगभग 10 बजे वह अपनी दुकान बंद करके घर चला गया था। बुधवार सुबह पडौसी दुकानदारों ने उसे दुकान का शटर खुला पड़ा होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे दुकानदार को दुकान के ताले टूटे पडे मिले और गल्ले से 5-6 हजार रुपये गायब थे। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे रहा है जिसकी पहचान भी की जा चुकी है। पीड़ित ने थाने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## टोल प्लाजा पर अवैध वसूली में किसान संगठन के पांच सदस्य गिरफ्तार



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना सरसावा पुलिस ने टोल प्लाजा सरसावा से अवैध वसूली के मुकदमें में किसान संगठन के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10,000 रूपये की नकदी बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया है। थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 25 मार्च वादी शोएब पुत्र आरिफ निवासी ग्राम बधुपुरा थाना कैराना जिला शामली (मैनेजर सरसावा टोल प्लाजा) की तहरीर पर आरोपियों अरविन्द पवांर, सुमित पवांर, जयवीर, निक्कू, योगेन्द्र व अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एक राय होकर सरसावा टोल प्लाजा अम्बाला-देहरादून रोड के आफिस मे जाकर अपनी गाडियो को टोल फ्री कर गाडी निकालने, जान से मारने की धमकी देते हुए 10,000 रुपये हफ्ता वसूली करने तथा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर अपनी गाडी सार्वजनिक मार्ग पर लगाकर मार्ग अवरुद्ध करने आदि की सूचना के सम्बन्ध थाना सरसावा पर विभिन्न धाराओ में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# यूनिक किड्स स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** यूनिक किड्स स्कूल के वार्षिक परीक्षा-परिणाम समारोह में मेधावी छात्रों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ज्वाला नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित यूनिक किड्स स्कूल गोपाल नगर नुमाइश कैम्प के वार्षिक परीक्षा परिणाम कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जेल सुपरिटेन्डेट सत्यप्रकाश, विद्यालय के प्रबन्धक सुरेन्द्र चौहान, डायरेक्टर मनु चौहान, प्रधानाचार्या हरसिमरत कौर व नेशनल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सिम्पल मकानी ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जेल सुपरिटेंडेंट सत्य प्रकाश ने कहा कि यूनिक किड्स स्कूल गत् सात वर्षों से बच्चों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि जेल की एक महिला कैदी के बच्चे को भी



इस विद्यालय द्वारा निशुल्क शिक्षा प्रदान की गयी। तत्पश्चात जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान, प्रधानाचार्या हरसिमरत कौर, प्रबन्धक मनु चौहान व प्रधानाचार्या सिंपल मकानी ने संयुक्त रूप से मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों में कक्षा 5 से हेमन्त वर्मा ने प्रथम, काव्या वधावन ने द्वितीय नवल वर्मा ने तृतीय एवं उमंग वर्मा और तनिष्क शर्मा ने स्पेशल पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा 4 से अंश लूथरा ने प्रथम, कनव सोनी ने द्वितीय, वंश वधावन ने तृतीय एवं मयंक और सान्वी ने स्पेशल पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा 3 से केशव बजाज ने प्रथम, शिवाय शर्मा ने द्वितीय, कृष्णा सुखीजा ने तृतीय एवं कुंज बत्तरा, सार्थक बब्बर और यशिका ने स्पेशल पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा 2 से विराज ने प्रथम, विवान बांगा ने द्वितीय, हरमन ने तृतीय एवं मिष्ठी, मानविक, परी, विवान जैन और आयुष धीमान ने स्पेशल पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा 1 से लविका ने प्रथम, पार्थवी ने द्वितीय, देवांश और खुशी ने तृतीय एवं शौर्य, देव और दिव्यांश ने स्पेशल पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा यू.के.जी. से तृप्ति, सिमर ने प्रथम, मनकीरत ने द्वितीय रुहानी ने तृतीय, एवं बानी, तेजस, वंश, मोहक, जशन, नित्या, शौर्य, समृद्धि, नीरजा, परी एवं राजवी ने स्पेशल पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा एल.के.जी. से सांची और ख्वाहिश ने प्रथम, मानिक एवं राधव ने द्वितीय, रीत एवं नित्या ने तृतीय कलश एवं शिवाय ने स्पेशल पुरस्कार प्राप्त किया।

कक्षा नर्सरी से सरगुन एवं शिवन्या ने प्रथम, सीरत, धैर्य और ऐन्जिल ने द्वितीय, प्रिशा एवं कृष्णा ने तृतीय, दिलराज, आयांश और अमितांश ने स्पेशल पुरस्कार प्राप्त किया। प्री. नर्सरी से दिव्यांश खुराना एवं गोरांशी ने प्रथम, गोविन्द एवं मैत्री ने द्वितीय, ओम एवं कृषिव ने तृतीय, वान्या, जियांश, हरी, निरवैर एवं आस्तिक ने स्पेशल पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर दीपिका, नन्दिनी, चाहत, रीना, आकांक्षा, पलक, इन्दु मेहंदीरत्ता विम्मी आदि एवं नेशनल पब्लिक स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रियंका एवं मनस्वी सेतिया ने किया।

## सफाई मित्र शहर की बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए काम करें: दुबे

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** मिशन शक्ति के तहत आज नगर निगम में विभिन्न वार्डो की महिला सफाई मित्रों को किट प्रदान करते हुए स्वच्छता के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने का आह्वान किया गया। नगर निगम परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में नगर निगम के विभिन्न वार्डो की महिला सफाईमित्रों हेमलता, कमलेश, उमा, ओमवती, सुदेश, बाला, ब्रजेश, मुकेश, रीना व सुदेश पत्नी राजवीर को सहायक नगरायुक्त बिकास धर दुबे, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता, कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी, जेडएसओ राजीव चौधरी द्वारा हैलमेट, जूते, गलब्स, मास्क, एप्रिन आदि वस्तुओं के साथ पीपीई किट प्रदान की गयी।

सहायक नगरायुक्त बिकास धर दुबे ने कहा कि सफाई मित्र हमारी सफाई व्यवस्था की रीढ़ है, और कोई भी समाज तब तक सशक्त नहीं हो सकता जब तक महिलाएं सशक्त न हो। उन्होंने सफाई मित्रों से लगन और मेहनत के साथ शहर को और बेहतर साफ -सुथरा बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल सिंह व परमानंद के अलावा सफाई निरीक्षक अमर ज्योति भी शामिल रही।

# पार्किंग ठेके की बोली दौरान पालिका दो सभासद के बीच हुई तीखी नोकझोक



- अधिशासी अधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष ने हंगामे के बावजूद ठेका प्रक्रिया 32 लाख 77 हजार रुपये में कराई संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** नगर पालिका परिषद महोबा में पार्किंग ठेके को लेकर हुई खुली बोली में दो सभासद के बीच जमकर नोकझोक हो गई। कभी देर तक सभासदों के मध्य बहस चलने से सभाकक्ष में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया, बावजूद इसके अधिशासी अधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष ने हंगामे के बावजूद ठेका प्रक्रिया 32 लाख 77 हजार रुपये में संपन्न कराई। सभासदों के बीच हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है।

नगर पालिका परिषद के सभागार में शहर के प्रमुख पार्किंग स्थलों के लिए खुली बोली लगाई जा रही थी। इस प्रक्रिया की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष संतोष चौरसिया और अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार कर रहे थे। विवाद तब शुरू हुआ जब एक वार्ड के सभासद ने बोली प्रक्रिया में देरी पर सवाल उठाते हुए इसे तेजी से पूरा करने की बात कही। इस पर दूसरे वार्ड के सभासद नाराज हो गए, जिस पर दोनो सभासदों के बीच तीखी बहस हुई। आरोप है कि इस दौरान सभासदों ने एक दूसरे के साथ गाली गलौज कर अभद्रता भी साथ ही टेबिल पर अधिकारियों के सामने हाथ पटककर एक दूसरे को दबाने का प्रयास भी किया गया। काफी देर तक सभागार में अफरातफरी का माहौल रहा, जिससे खुली बोली भी प्रभावित रही। वहां मौजूद अन्य सभासदों और अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद हंगामा शांत हुआ और ठेका प्रक्रिया आगे बढ़ सकी। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि शहर के चार प्रमुख स्थानों परमानंद तिराहा, नवीन व पुराना प्राइवेट स्टैंड और हमीरपुर चुंगी के लिए कुल 32 लाख 77 हजार रुपए की अंतिम बोली लगाई गई। पालिका प्रशासन ने ठेकेदार को चेतावनी दी है कि यदि वह निर्धारित पार्किंग स्थल के बाहर अवैध वसूली करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वाई. के. कंपनी द्वारा भव्य डीलर मीट का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** सिगरा स्थित एक होटल के सभागार में मंगलवार को भारत की एक जाने माने कंपनी वाई के (टाइल्स एडसिव) का भव्य डीलर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रोहित नागपाल (जीएम मार्केटिंग) द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी एवं आस-पास के जिलों से आए डीलरों को कंपनी द्वारा टाइल्स कांट्रैक्टर को दिए गए स्कीम 2025/26 के सुपर स्टार कांट्रेक्टर स्कीम के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार बुलेट मोटरसाइकिल, द्वितीय वाकु इंटरनेशनल ट्रिप एवं वाशिंग मशीन, फ्रिज, सहित अन्य पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी विजेता डीलरों को मुख्य अतिथि ने शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में शामिल होने और यादगार बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से अतिथि रोहित नागपाल जी एम मार्केटिंग,प्रशांत चौधरी आर एम),मिलन श्रीवास्तव, रजिया, अमित अरोड़ा,अनुज गुप्ता, रोहित दुबे, अनुज यादव, रजत तिवारी, सौरभ सहित कंपनी के सैकडों डीलर्स उपस्थित थे।

# लोक चेतन द्वारा आयोजित हुआ वरुण तट पर 'जवनका मंगल'

- रंगारंग सांस्कृतिक एवं कवि सम्मेलन,25 दिब्यांग जनों समेत 51 विशिष्ट जनों का हुआ सम्मान

**उत्पल दादा**



**वाराणसी।** मंगलवार शाम को वरुणा तट के शास्त्री घाट साहित्य, विरहा, लोक गीत,भोजपुरी गायन, नृत्य नाटिका का भव्य प्रस्तुतियों का केंद्र बना। मौका था

सामाजिक संस्था लोक चेतना के तत्वाधान में होली महोत्सव का, कार्यक्रम का उद्घाटन में पहुंचे भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह (बबलू), सेण्ट्रल वार के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिंह (गौतम) बनारस वार के अध्यक्ष विनोद शुक्ला काशी पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष डा0असि भारद्वाज अध्यक्ष राजस्व बार एसोशिएशन डा0? जितेन्द्र तिवारी दर्जा प्राप्त राज्य मन्त्री आर पी कुशवाहा पूर्व ब्लाक प्रमुख अवधेश पाठक इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के क्षेत्रीय निदेशक अभिजित दीक्षित दूरदर्शन के निदेशक आर के साहू कृभकों के निदेशक अजय कुमार राय ब्यापार मण्डल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।जबकि पूरे प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पधारे 30 कवियों द्वारा कवि सम्मेलन में काब्य पाठ किया गया। वरुणा आरती के बाद राष्ट्रीय विरहा गायक दीपक सिंह द्वारा चैती लोक गीत के प्रस्तुती के साथ एस एन परफारमेन्स के 40 बच्चों ने भरत नाट्यम की मन मोहक प्रस्तुति की।विजन बाल्मिकी की टीम ने शिव पार्वतीका समूह नृत्य चन्दन दास के नेतृत्व में नरसिम्हा पर आधारित लीला प्रस्तुत किया।अरविन्द यादव ने ग्रूप ताइकाण्डो का कार्यक्रम कर आत्म रक्षा के संदेश दिए।समर्पण एकेडमी ने ग्रूप डांस मंच उत्तम ने योग का सन्देश दिया।सुरेन्द्र सुगम राजन तिवारी अभिषेक देव जगदीश सरस कीर्ती साहू अभिषेक गिरी रैमल कश्यप महिमा वर्मा सहित दर्जनों भोजपुरी गायकों ने देवी पचरा गीत समेत अन्य गानों की शानदार प्रस्तुती से दर्शकों की तालियां बटोरी ।वरिष्ठ साहित्यकार डा0 अत्रि भारद्वाज की अध्यक्षता में लोक चेतना के जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता तनहां के संचालन में जयशंकर यादव जय,दयाराम विश्वकर्मा, सतीश द्विवेदी, संन्ध्या श्रीवास्तव, पूनम मिश्रा ,कुम्भू मौर्या, विदुषी अयन पटेल आदि कवि गण ने हास्य व्यंग की रचनाओं से सराबोर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक चेतना के प्रदेश अध्यक्ष के के उपाध्याय ने किया,संचालन प्रधान महासचिव कैलाश सिंह ने किया।

# बेलिडेशन एक्ट के विरोध में शहर के अंबेडकर पार्क में पेशनरों का काली पट्टी बांधकर जोरदार प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान ने ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर बेलिडेशन एक्ट के विरोध में बुधवार को शहर के अंबेडकर पार्क में समस्त पेशनर एकत्र हुए और काली पट्टी बांधकर जोरदार प्रदर्शन किया। पेंशनरों ने आठवे वेतन आयोग के टर्म्स आफ रेफरेंस से पेंशनरों को शामिल करने सहित अन्य समस्याओं के निस्तारण कराए जाने को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा।

विरोध प्रदर्शन दौरान वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने सरकार के इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि जिन कर्मचारियों ने राष्ट्र सेवा में तीन दशक से अधिक समय दिया, उन्हें वेतन आयोग के दायरे से बाहर रखना पेंशन संशोधन के संवैधानिक अधिकार का हनन है। संगठन के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि तिथि के आधार पर पेंशनरों के बीच भेदभाव समाप्त होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि देश और प्रदेश का पेंशनर नाराज हुआ, तो वह आने वाले समय में सरकार की दिशा और दशा दोनों बदल देगा। पीएम को भेजे ज्ञापन में 1 जनवरी 2026 से पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की पेंशन में अनिवार्य रूप से संशोधन किया जाना चाहिए। अन्य मांगों में पेंशन की कम्यूटेड वैल्यू को 11 साल बाद बहाल करना, हर पांच वर्ष में पेंशन में पांच प्रतिशत की वृद्धि पर विचार करने, कोरोना काल के बकाया डीआर का तत्काल भुगतान और सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को निशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने सहित अन्य मांगे शामिल है। विरोध प्रदर्शन दौरान शिवकुमार त्रिपाठी, रामसजीवन गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, विद्युत परिषद के अध्यक्ष नुसरत बापू, महिला प्रकोष्ठ की मंत्री शहनाज परवीन, सत्यभामा सहित बड़ी संख्या में पेंशनर शामिल हुए।

## घर में आग लगने से तीन बकरियों की जलकर मौत, गृहस्ती भी हुई स्वाहा

**महोबा।** मोहल्ला सोनकपुरा में बीती रात एक कच्चे घर में आग लग गई, जिससे तीन बकरियों की जलकर मौत हो गई। आग की चपेट में आने से घर के साथ साथ उसमें रखी सामग्री और खाद्यान्न भी जलकर बर्बाद हो गया। इस आगजनी से पीड़ित को हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने घटना में हुई क्षति का आंकलन कर मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया। नगर के मोहल्ला सोनकपुरा निवासी रामसेवक कुशवाहा पुत्र बैजू बकरी पालन कर अपने घर परिवार का पालन पोषण करता है। कम जगह होने के कारण वह बकरियों को अपने घर के एक हिस्से में रखता है। बताया जाता कि मंगलवार की रात उसने मच्छर भगाने के लिए आग जलाकर धुआं करने के बाद सो गया। आग के कारण देर रात एक चिंगरी उसके कच्चे मकान के छप्पर पर पहुंच गई।

# योगी सरकार में शिक्षा और चिकित्सा का हब बन रहा गोरखपुर

**अवधनामा संवाददाता**

- पहले थे दो विश्वविद्यालय, अब चार विश्वविद्यालय क्रियाशील, पांचवें को भी मिल चुकी है मंजूरी
- सीएम के प्रयासों से गोरखपुर को मिल चुकी है एम्स की सौगात

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ के नौ वर्ष का कार्यकाल गोरखपुर में शिक्षा और चिकित्सा क्सेक्टर के लिए परिवर्तनकारी सिद्ध हुआ है। सीएम योगी के विजनरी प्रयासों से गोरखपुर, समूचे पूर्वांचल और बिहार-नेपाल तक के सीमाई इलाके के लिए शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र का हब बनकर उभर रहा है।

आजादी के बाद से लेकर 2017 तक गोरखपुर दो विश्वविद्यालयों (दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय व मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय) वाला जिला था। योगी सरकार में इसमें दो और नए विश्वविद्यालयों की क्रियाशीलता की उपलब्धि दर्ज हुई है। नए विश्वविद्यालयों में से एक महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री के एक महत्वपूर्ण ड्रीम प्रोजेक्ट का साकार रूप है। यह राज्य का पहला आयुष विश्वविद्यालय भी है। जबकि दूसरा, निजी क्षेत्र का महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय भी मुख्यमंत्री के संकल्प का प्रतिफल है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना गोरक्षपीठ के शैक्षिक प्रकल्प महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अंतर्गत की गई है। योगी आदित्यनाथ, गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। आने वाले दिनों में गोरखपुर की उपलब्धियों में एक और विश्वविद्यालय का नाम जुड़ जाएगा। गोरखपुर के पांचवें विश्वविद्यालय के रूप में प्रदेश के पहले वानिकी और औद्यानिकी विश्वविद्यालय के स्थापना की सीएम योगी की घोषणा के बाद प्रक्रियात्मक तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

योगी सरकार के नौ साल में गोरखपुर में शैक्षिक क्षेत्र का विस्तारित होता आयाम और बढ़ती ख्याति ही है कि जहां दशकों तक देश के महामहिम राष्ट्रपति का आना कल्पना की बात लगती थी वहीं विगत सात वर्ष में दो राष्ट्रपति का तीन बार आगमन सिर्फ शैक्षिक-अकादमिक कार्यक्रमों में हुआ। दो राष्ट्रपति के तीन बार अकादमिक केंद्रित गोरखपुर आगमन पर उनकी सहभागिता कुल छह ऐसे कार्यक्रमों में रही जो विशुद्ध शिक्षा क्षेत्र से संबंधित रहे। आज का गोरखपुर शिक्षा के सभी वैषयिक रूपों के लिए विशिष्ट अध्ययन केंद्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। यहां परंपरागत पाठ्यक्रमों के साथ ही व्यावसायिक, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा, आधुनिक चिकित्सा शिक्षा एवं इससे संबद्ध अन्य पाठ्यक्रम (नर्सिंग, फार्मेसी आदि), आयुष चिकित्सा शिक्षा के महत्वपूर्ण और ख्यातिलब्ध संस्थान तो हैं ही, सैन्य प्रशिक्षणयुक्त शिक्षा के लिए सैनिक स्कूल का भी उपहार मिल चुका है। श्रमिक पाल्यों के लिए अटल आवासीय विद्यालय की सुविधा मिल रही है। बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों का तेजी से कायाकल्प हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में गोरखपुर के बढ़ते महत्व को इस तरह से भी समझा जा सकता है कि इसके आसपास के जिलों के अलावा बिहार से भी बड़ी संख्या में लोग बच्चों की पढ़ाई के लिए ही गोरखपुर आकर बस रहे हैं। सरकार जहां हर प्रकार की शिक्षा के लिए अपने स्तर पर प्रयास कर रही है तो वहीं निजी क्षेत्र की भागीदारी मेट्रो शहरों जैसी दिखने लगी है। देश और प्रदेश में खुद को ब्रांड समझने वाले कई विद्यालयों की शाखाएं यहां खुल चुकी हैं।

# श्रद्धालुओं से अवैधूली करने वाले गिरोह का भंडाफोड, 9 गिरफ्तार



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** कमिश्नरेट पुलिस वाराणसी लगातार अवैध गतिविधियों वाले लोगों पर कारी नज़र रख रही है। दशाश्वमेध थाना पुलिस ने काशी के मंदिरों में भोले-भाले श्रद्धालुओं से अवैध वसूली करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग बाबा के सुगम दर्शन, जल्दी दर्शन और अन्य बहानों से भक्तों को ठगते थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, मंदिरों में दर्शन के बहाने श्रद्धालुओं को छोटे-छोटे नोट और मोटी रकम देने के लिए दबाव डाला जाता था। कई भक्त डर के मारे पैसे दे देते थे,जबकि कुछ विरोध करने पर धमकियों का सामना करते थे। पुलिस ने तुरंत छापेमारी कर आरोपियों को हिरासत में लिया और पूछताछ जारी है। थाने के अधिकारी ने बताया कि इस गिरोह ने कई महीनों तक मंदिरों में अवैध कारोबार चलाया। दशाश्वमेध पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'भक्तों से ठगी करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मंदिर परिसर में अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। भक्तों को सुरक्षित और सम्मानजनक दर्शन सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी दल तैनात किया गया है। 'श्रद्धालुओं ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की और कहा कि अब मंदिरों में भक्तों के साथ धोखाधड़ी और अवैध वसूली पर रोक लगेगी।

## 5 सूत्रीय मांगों को लेकर तकनीकी सहायकों ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**गोरखपुर ।** विकसित भारत गारंटी के तहत संचालित आजीविका मिशन में कार्यरत तकनीकी सहायकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय तक आवाज पहुंचाई है। वर्षों से सेवा दे रहे तकनीकी सहायकों ने अब अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई है। तकनीकी सहायकों के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने बताया कि तकनीकी सहायक पिछले करीब 20 वर्षों से विभागीय जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कर रहे हैं, बावजूद इसके उनकी कई महत्वपूर्ण मांगें अब तक लंबित हैं। ज्ञापन के माध्यम से प्रमुख 5 सूत्रीय मांगें रखी गई, जिनमें मानदेय में बढ़ोतरी, एचआर पॉलिसी का शीघ्र लागू किया जाना, मानदेय भुगतान के लिए अलग बजट मद का गठन, हर माह की 5 तारीख तक नियमित भुगतान सुनिश्चित करना तथा सभी तकनीकी सहायकों के यूएएन खातों में ईपीएफ जमा कराना शामिल है।

# आवास विकास अलीगढ़ में भारी भ्रष्टाचार, नक्शे के विपरीत हो रहे निर्माण कार्य पर रोक नहीं



**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ आवास विकास में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इंजीनियर नवजोत सिंह नोटिस नोटिस खेल कर मामले को दबा रहे हैं। इन्ही के साथ आगरा में बैठे सहायक आवास आयुक्त भी इनके काले कारनामों में संलिप्त है। जिसका ताजा उदाहरण चिरंजीलाल आवास योजना में भूखण्ड संख्या वाई 163 कल्पना गुप्ता पत्नी अभिषेक गुप्ता जिनका की नक्शे के विपरीत अवैध निर्माण जारी है। चौकाने वाली बात यह है कि अवैध निर्माण को बिना तोड़े नामांतरण की कार्यवाही करदी गई और इसी नामांतरण की गाज निवर्तमान संपति अधिकारी देशराज सिंह को सहायक आवास आयुक्त अमित गुप्ता ने पूर्व में सस्पेंड कर दिया क्योंकि देशराज ने नियम विरुद्ध नामांतरण नहीं किया। उनके जगह अमित गुप्ता ने आगरा से राघवेंद्र खंडेलवाल को संपति अधिकारी बनाकर अलीगढ़ भेज दिया और उनसे इस अवैध नामांतरण की प्रक्रिया करा ली।

सूत्रों के मुताबिक अमित गुप्ता और नवजोत सिंह ने मिल कर बंदरबाट कर भ्रष्टाचार को जारी रखते हुए नामांतरण करा दिया गया। जांच का विषय यह है कि निर्वतमान संपति अधिकारी को सस्पेंड करना और उनकी जगह राघवेंद्र को संपति अधिकारी बनाकर भेजना। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जिन राघवेंद्र को संपति अधिकारी बना भेजा गया है उनकी पहले से ही शासन से जांच चल रही है। लेकिन सभी नियम और कानून को ताक पर रख कर आवास विकास अलीगढ़ ने नामांतरण का खेल कर दिया। वही दूसरा उदाहरण वाई 165 पर डॉ अंजुला भार्गव का आवासीय संपति पर नर्सिंग होम का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका हैं परंतु विभाग के इंजिनियर नवजोत सिंह आंख बंद कर नोटिस खेल रहे हैं।

इन पर न तो सीलिंग की कार्यवाही हुई न ही कोई और जिससे साफ है कि नवजोत सिंह और अमित गुप्ता ने सभी पर पर्दा डालते हुए इस आवासीय संपति पर भी क्लीन चिट दे दी। यह दोनों अधिकारी भारी भ्रष्टाचार फेला रहे हैं। वही चिरंजीलाल योजना में और भी भूखंडों पर अवैध निर्माण जारी है।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र मुस्तुफा से भविष्य में अपने व अपने परिवार के कुल संबंध ख़त्म कर लिए हैं में उसे परिवार के साथ रखना नही चाहता इसलिए मुसतुफा को अपने परिवार से बेदखल कर उसे समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं भविष्य में मुसतुफा के किसी भी कार्य से कोई भी ताल्लुक वास्ता प्रार्थी व उसके परिवार का नही रहेगा। इरशाद मलिक पुत्र मीर हसन, मोहल्ला बडी तरफ, शेखपुरा कुदीम, थाना कोतवाली देहात सहारनपुर।

## न्यायालय सूचना

न्याय.मा.सिविल जज(सी0डि0)/एफ0टी0सी0 सहारनपुर। इजराय वाद संख्या 03/2022 रंजीव कपूर आदि बनाम......परमजीत सिंह आदि में अदालत के आदेश दि 11/3/26 के अनुपालन में पब्लिक नीलामी के संबंध नीलामी कार्यक्रम निम्न प्रकार संपन्न होगा। -1.नीलामी नियत दिनांक- 27/03/2026 2. नीलामी दिन - शुक्रवार 3.नीलामी का समय - 10:00,रूसे 04:00 PM 4.नीलामी का स्थान - ग्राम सभा भवन, ग्राम शेरपुर, परगना व तहसील नकुड सहारनपुर में संपन्न होगी इसके अलावा मा.न्यायालय सिविल जज सी.डि.)/एफ0टी0सी0 सहारनपुर। रंजीव कपूर आदि। इजराय वाद संख्या 02/2022 बनाम ....लखविन्दर सिंह आदि। में अदालत के आदेश अनुसार दिनांकः 11/03/2026 के अनुपालन में पब्लिक नीलामी का कार्यक्रम निम्नलिखित हैं-

1.नीलामी नियत दिनांक- 27/03/2026 2.नीलामी दिन - शुक्रवार 3.नीलामी का समय - 10:00 AM से 04:00 PM 4.नीलामी का स्थान - ग्राम सभा भवन, ग्राम शेरपुर, परगना व तहसील नकुड सहारनपुर में संपन्न होगी। दिनांक 24/3/2026

**आज्ञा से मा. न्यायालय सिविल जज सीडी/एफ.टी. सी. सहारनपुर**

## न्यायालय सूचना

इत्तिलानामा बनाम रेस्पोन्डेन्ट मुशहर इत्तिला तारीख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाये ,न्यायालय मा. अपर जिला जज कक्ष संख्या-11, सहारनपुर दीवानी अपील सं0116 सन 2024 श्रीमती प्रियंका तनेजा पुत्री श्री बी. सी.तनेजा नि0 जे-13, पैरामाउंट ट्यूलिप दिल्ली रोड, सहारनपुर, अपीलार्थी/वादिया...बनाम....श्रीमती रेणूका सहगल (प्रिंसीपल) वायुसेना स्कूल, वायुसेना स्टेशन, सरसावा, जिला सहारनपुर,उत्तर प्रदेश- 247232 अदालत-चतुर्थ अपर सिविल जज सी0डि0 सहारनपुर मुबरिखा-15-07-2024 मुकदमा नम्बर-651 सन-2018 मुत्तिला हो कि अपील धनराशि डिकी 13-03-2026 मुकदमा मुन्दरजा वाला के ने पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत में तारीख 7/4/2026 वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्र की है अगर खुद आप या आपका वकील या कोई शख्स जो कानूनन आपकी तरह अपील हाजा में जवाब व सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आवेगा ती उसकी जमानत कोई तजवीज आपकी गैर हाजिरी में की जायेगी। आज बतारीख 11/3/2026 को मेरे दस्तख्त व मुहर अदालत के जारी किया।

**आज्ञा से प्रबंधक ADJ रूम 11, सहारनपुर**

# बैंको की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई संपन्न

- डीएम ने जिले के ऋण जमा अनुपात के बावत जानकारी की साथ ही वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा करते हुए कम ऋण जमा अनुपात वाले बैंको को सुधार किये जाने के दिए निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में त्रैमास जनवरी से मार्च में आयोजित की जाने वाली बैंको की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिले के ऋण जमा अनुपात के बावत जानकारी की गई साथ ही वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा करते हुए कम ऋण जमा अनुपात वाले बैंको को सुधार किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की संचालित योजनायें जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला योजना, पीएमएफएमई, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिकेज आदि की प्रगति समीक्षा की गयी तथा लक्ष्य प्राप्ति हेतु विचार विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी सरकारी योजनाओं में विशेषकर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के आवेदनों की कमी को दूर करते हुए पुनः विचार करने के लिए उद्योग विभाग के साथ साथ बैंकों को अधिकारियें को निर्देश दिए। डीएम ने बैंको के केसीसी और बैंको की एनपीए की स्थिति की भी समीक्षा की गयी। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक सरोज कुमार, डीडीएम नावार्ड, उपायुक्त उद्योग, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित बैंकर्स के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## जीआरपी पुलिस द्वारा छात्र छात्राओ को जागरूक किया गया

**फर्रुखाबाद।** जीआरपी थाना फर्रुखाबाद द्वारा कृष्णा पब्लिक स्कूल एवं के0 आर0 रस्तोगी इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद के छात्र-छात्राओं को जीआरपी थाने की कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण की प्रक्रिया, न्यू इक्यूपमेंट जैसे - बॉडी बॉर्न कैमरा, ड्रोन कैमरा सीसीटीएनएस, बॉयरलेस हैंड सेट, डॉग स्क्वाड, एस एचएमडी, डीएचएमडी बीबीडीएस, कम्युनिकेशन उपकरण, के बारे में जानकारी देते हुए मिशन शक्ति अभियान 5.0 नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के बारे में विस्तृत जानकारी देकर विषम परिस्थितियों में टोल फ्री नंबर 139 एवं 112 महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्फ लाइन नंबर 1098 आदि के बारे में अवगत कराया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर एवं प्लेटफार्म पर भ्रमण कर ड्यूटियों को समझा एवं परखा तथा यात्रियों को सीधे लाइन क्रॉस न करने तथा ओवर ब्रिज से एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए समझाया गया तथा ट्रेन की छत, खिड़की, दरवाजे, पैरदान पर बैठकर यात्रा न करने के लिए सचेत किया।

# तिब्बती महिला विद्रोह दिवस का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ के शिक्षक शिक्षण केंद्र द्वारा तिब्बती महिला विद्रोह दिवस का आयोजन नालंदा भवन के मुख्य द्वार पर किया गया। यह कार्यक्रम बी.एड. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा तथा डॉ.अनिल कुमार गुप्ता, सहायक प्रोफेसर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तिब्बती महिलाओं के 1959 के ऐतिहासिक आंदोलन, उनके साहस, संघर्ष और योगदान को स्मरण किया गया। विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रस्तुति, चर्चा, प्रेरणादायक गीत तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं के अधिकार, समानता और गरिमा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए।इस अवसर पर सहायक कुलसचिव श्री प्रमोद सिंह ने कहा कि स्त्रियां समाज की महत्वपूर्ण धुरी हैं, इनके सहयोग के बिना किसी भी देश की तरक्की संभव नहीं है।सीटीई के निदेशक प्रोफेसर उमेश सिंह कहा कि जिस देश में जहां नारी स्वतंत्र और शिक्षित होगी वह देश सांस्कृतिक और साहित्यिक रूप से समृद्ध होगा। कार्यक्रम के पेमा तेनजिन, कोंचोक दोर्जे, दोर्जे त्सेरिंग, न्यिमा ल्हामो, तेनजिन न्यिदोन, कोंचोक नामग्याल, सोनम अंगमो, स्टानजिंग मिगमार, तेनजिन चेवांग तथा तेनजिन त्सोमो ने अपने विचार व्यक्त किए और तिब्बती महिलाओं के संघर्ष, साहस तथा समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का उद्देश्य तिब्बती महिलाओं के साहस और संघर्ष को स्मरण करते हुए समाज में लैंगिक समानता,न्याय और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **16.04.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00292026 दिनांक 24.03.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 24-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : Sr. ADEN-RBL के अंतर्गत JNH-ZBD खंड में KJTW, SPPR, WRGN, VNN, KTWR, JUA Halt स्टेशन पर सेवा भवनों, पीएफ सतह, शौचालय, जल आपूर्ति और एलसी गुमटी, सड़क सतह, बाड़ की मरम्मत एवं गौरीगंज स्टेशन खंड में T.S.S GNG नई नाली का प्रावधान। | |
| 4 | अनुमानित लागत | रु० 1,01,99,100.53 |
| 5 | धरोहर राशि | रु० 2,04,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 10 माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ तिथि | 02.04.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 16.04.2026 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1001/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अयोध्या की पारंपरिक संगीत शैली मिश्र पीलू की गूंज के साथ सुंदरकांड पारायण, योग शिविर में मुद्राओं का अभ्यास



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ आयोजित %श्रीराम पर्व% के अंतर्गत आज अयोध्या की प्राचीन संगीत परंपरा और योग विज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौ दिवसीय इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न केंद्रों पर आयोजित सुंदरकांड पारायण ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर करने के साथ-साथ अवध की लुप्त होती पारंपरिक गायन शैली का भी साक्षात्कार कराया। सभी केंद्रों पर सुंदरकांड का पारायण पं. ज्वाला प्रसाद संगीत शोध संस्थान के निदेशक एवं अयोध्या संगीत घराना के मूर्धन्य आचार्य पं. डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा के संरक्षण और निर्देशन में संपन्न हुआ। संस्थान के विद्यार्थियों ने अवध की पारंपरिक संगीत शैली में सुंदरकांड की चौपाइयों का अत्यंत सुमधुर गायन किया। इस अवसर पर डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि यह पारायण %राग मिश्र पीलू% पर आधारित अवधी धुन में प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस राग का अयोध्या के मंदिरों में पद गायन के लिए सदियों से प्रयोग होता रहा है।

भक्ति और श्रृंगार रस से परिपूर्ण होने के कारण अवध की पारंपरिक गायन शैली में दोहा, चौपाई और छंद के लिए इस राग का विशेष महत्व है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य इस पारंपरिक धुन को जन-जन तक पहुँचाना है ताकि युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ सके।

उधर, सूर्य कुण्ड, दर्शन नगर में संचालित योग शिविर आज अपने शीर्ष स्तर पर रहा। योग भारती के संस्थापक श्री श्रीनिवास मूर्ति जी के सानिध्य में आज की गतिविधियाँ विशेष रूप से योग मुद्राओं, शोधन क्रियाओं और विशिष्ट योगासनों पर केंद्रित रहीं। आधुनिक जीवन शैली के कारण घटती शारीरिक क्षमता को पुनर्जीवित करने के लिए साधकों को विशेष अभ्यास कराए गए। शिविर में डॉ. राजपाल और रामकुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने के सूत्र सीखे।

इन आयोजनों की सफलता में श्री रिंकू वैद्य, अध्यक्ष आनंद कुमार, गोपाल जी, लाल जी वैद्य, अंकित वैद्य, सुनील अवस्थी, चंद्रशेखर तिवारी, धर्मेंद्र वर्मा, बृजमोहन तिवारी और डॉ. नीरज शुक्ला ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। साथ ही व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में श्री बृजेन्द्र दुबे, योगेश्वर सिंह, राम नरेश तिवारी, रितेश सिंह, अमन, परमजीत, शुभम पाठक, निखिल पाण्डेय, जितेंद्र यादव और हर्षित मिश्रा की सक्रिय भूमिका रही।

विदित हो कि ई. रवि तिवारी के संयोजन में चल रहे इन कार्यक्रमों का भव्य समापन एवं विशिष्ट सहयोगियों का सम्मान समारोह आगामी 27 मार्च 2025 को रानी हो कोरिया पार्क, अयोध्या में आयोजित किया जाएगा।

## एआई प्रज्ञा के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण, 300 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** उत्तर प्रदेश सरकार की एआई प्रज्ञा पहल के अंतर्गत गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक अयोध्या में 1एम1बी संस्था द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 300 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को एआई के मूल सिद्धांतों, व्यावहारिक उपयोग और विभिन्न क्षेत्रों में इसके बढ़ते महत्व की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि आने वाले समय में एआई आधारित रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे, जिसके लिए तकनीकी दक्षता आवश्यक है।कार्यक्रम में इंटरैक्टिव सत्र और हैंड्स-ऑन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक सीखने का अवसर मिला, जिससे उनकी तकनीक के प्रति रुचि और आत्मविश्वास बढ़ा।

# नारी सुरक्षा व सम्मान सरकार की प्राथमिकता : शशिकांत यादव

*अवधनामा संवाददाता*

**मवई -अयोध्या।** थाना पटरंगा में प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव के नेतृत्व में मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र में क्षेत्र की विभिन्न वर्गों की महिलाओं व बालिकाओं को आमंत्रित कर केंद्र के कार्यों, उद्देश्यों एवं उपलब्ध सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने कहा कि नारी की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिलाओं की अस्मिता की रक्षा करना पुलिस का दायित्व है और किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा को निखारकर समाज और जिले का नाम रोशन करें।कार्यक्रम में उपनिरीक्षक प्रदीप मिश्रा, महिला उपनिरीक्षक प्रतीक्षा व महिला कांस्टेबल आकांक्षा तिवारी ने वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस 108 एवं पुलिस आपात सेवा 112 सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराध, जनधन खातों के दुरुपयोग और डिजिटल ठगी के प्रति भी जागरूक किया गया।

## अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत वृद्धजन सम्मान समारोह

**सोहावल-अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** थाना रौनाही परिसर में अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत वृद्धजनों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक लाल चन्द्र सरोज ने की।कार्यक्रम में दि आयुष्मान फाउंडेशन की ओर से थाना प्रभारी का स्वागत किया गया। इसके बाद उपस्थित बुजुर्गों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि बुजुर्गों की सुरक्षा और सम्मान के लिए सरकार द्वारा कई कानून बनाए गए हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने माता-पिता की सेवा को अपना कर्तव्य समझें। इस मौके पर फाउंडेशन के पदाधिकारी व क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चकबंदी अधिकारी की मौजूदगी में ग्राम चौपाल आयोजित

**रुदौली -अयोध्या (अवधनामा सवाददाता)** तहसील क्षेत्र के ग्राम पसैया में चकबंदी प्रक्रिया के दौरान किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चकबंदी आयुक्त के निर्देश एवं जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।चौपाल में चकबंदी अधिकारी अवधेश कुमार व सहायक चकबंदी अधिकारी राजेश कुमार उपाध्याय ने किसानों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इंद्रजीत, लेखपाल सौरभ सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से खेतों में लगी भीषण आग

**रुदौली-अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** बाबा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कसरी में बुधवार को हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट के कारण हुई इस घटना में देखते ही देखते कई बीघा फसल जलकर राख हो गई।ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के कारण आग फैलती गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों के अनुसार 11 से 15 बीघा फसल नष्ट हो गई। किसानों ने प्रशासन से मुआवजे और बिजली विभाग पर कार्रवाई की मांग की है।

## परिषदीय विद्यालय में वार्षिक उत्सव, बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का जलवा

**जाना बाजार -अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** शिक्षा क्षेत्र तारुन के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अहिरौला में वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भगवान बक्स सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में इस तरह के आयोजन निजी स्कूलों की तर्ज पर नई दिशा दे रहे हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित जायसवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को साइकिल देकर प्रोत्साहित किया।

## इनामी आरोपितों को कोर्ट से राहत, जमानत मंजूर

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)**कुमारगंज क्षेत्र में फायरिंग के मामले में जेल में निरुद्ध 50-50 हजार के इनामी आरोपित आदर्श सिंह व सुभाष मिश्रा उर्फ अंशुमान को जिला न्यायालय से जमानत मिल गई है।जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा ने मामले की सुनवाई के बाद जमानत याचिका मंजूर कर दी। दोनों आरोपित 9 मार्च से जेल में बंद थे और पूर्व में पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए थे।

## समाजसेवी सुरेश यादव की सक्रियता से राजनीतिक सरगर्मी तेज

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** समाजसेवी सुरेश यादव की सक्रियता ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संभावित प्रत्याशियों की चिंता बढ़ा दी है।वे लगातार गांव-गांव जाकर गरीबों की मदद, बच्चों को शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराने और जरूरतमंदों की सहायता कर रहे हैं। सुरेश यादव का कहना है कि समाज के हर बच्चे में उन्हें अपने बच्चे का प्रतिबिंब दिखाई देता है और वे समाज सेवा को ही अपना लक्ष्य मानते हैं। उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों पर सवाल उठाते हुए कहा कि अपेक्षित स्तर पर विकास नहीं हुआ है और इस दिशा में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को अधिक सक्रिय होने की आवश्यकता है।

## जगमग अयोध्याः राम नवमी से पहले सिग्निफाई ने किया शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों को रोशन



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** राम नवमी के पावन पर्व पर अयोध्या नगरी इन दिनों जोर-शोर से लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत की तैयारी में जुटी है। ऐसे में, अयोध्या में लाइटिंग क्षेत्र की वैश्विक अग्रणी कंपनी, सिग्निफाई (यूरनेक्स्ट- लाइट) ने शहर के आठ प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को रोशनी से जगमग कर दिया है। इस पहल के तहत प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों पर आधुनिक लाइटिंग सॉल्यूशंस लगाए गए हैं, जो इस महत्वपूर्ण पर्व के दौरान श्रद्धालुओं के अनुभव को और भी बेहतर बनाने का काम कर रहे हैं।इस प्रोजेक्ट के तहत अयोध्या के कई ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण स्थलों को शामिल किया गया है। नागेश्वर नाथ मंदिर, दशरथ समाधि,नंदीग्राम स्थित प्राचीन भरत मंदिर ,हनुमान-भरत मिलाप मंदिर ,वंदीजल्पा देवी मंदिर तथा राम गुलैला मंदिर को भी बड़ी ही खूबसूरती से रोशन किया गया है। सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया के स्ट्रेटेजी और मार्केटिंग प्रमुख निखिल गुप्ता ने कहा, अयोध्या आस्था और सांस्कृतिक विरासत का एक ऐसा केंद्र है, जिसे देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में गहन श्रद्धा के साथ देखा जाता है। इस पहल के माध्यम से हमने लाइटिंग को सिर्फ एक सुविधा के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे माध्यम के रूप में उपयोग किया है, जो इन महत्वपूर्ण स्थलों की आध्यात्मिक और दिव्य पहचान को और उजागर करता है, खासकर सूर्यास्त के बाद।सिग्निफाई में हम लगातार बेहतर तकनीक और नए समाधान लाकर लोगों के अनुभव को और बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

# चैत्र नवरात्र मिशन शक्ति फेज 05 के तहत महिलाओ को पुलिस ने किया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे चैत्र नवरात्र मिशन शक्ति फेज 05 के तहत ग्राम नहामऊ मे मसौली पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओं के साथ होने वाली घटनाओं एव प्रताड़ना के प्रति सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम मे उपस्थित महिलाओ एव बालिकाओं से रूबरू होते हुए चौकी प्रभारी त्रिलोकपुर संजय यादव ने कहा कि महिलाएं शक्ति की प्रतीक है जिस घर परिवार में महिलाओं का सम्मान नही होगा वह परिवार उन्नति नही कर सकता है। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि आज के समय में मोबाईल बहुत उपयोगी वस्तु है जिसे आप सभी लोग सकारात्मक सोच के साथ उपयोग करे तथा नकारात्मक उपयोग न करे। चौकी प्रभारी ने कहा कि न तो गलत करे और न ही गलत सहन करे तभी नारी शक्ति बनेगी। कार्यक्रम मे सरकार द्वारा चलाई गई लाभकारी



योजनाओं जैसे सामुहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृध्दा पेंशन, विधवा पेंशन आदि एवं ड्रोन संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। महिला आरक्षी रेवती देवी, प्रतिमा शाक्य ने महिला सुरक्षा द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 ,माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,108 ,एंबुलेंस सेवा,1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन,102,स्वास्थ्य सेवा 101 अग्निशमन सेवा की जानकारी दी तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति ÷नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलबंन÷ एंटी रोमियो, साइबर जागरूकता के तहत विद्यार्थियो को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, व साइबर क्राइम संबंधी अपराध ,यातायात के नियमों, बाल विवाह, पास्को एक्ट, नये कानून, घरेलू हिंसा, गुड टच,बैड टच के बारे में अवगत कराते हुए जागरूक किया। इस मौके पर हेड कांस्टेबल रामप्रकाश वर्मा, रंजीत कुमार सहित ग्रामीण महिलाए मौजूद रही।

## जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक 30 मार्च को

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)**जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक 30 मार्च 2026 को सायं 4÷30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में सेवारत व भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं एवं शिकायतों के समयबद्ध अनुश्रवण व निस्तारण पर चर्चा होगी।जनपद के सैनिकों व उनके परिजनों से अपील की गई है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहचान-पत्र के साथ प्रार्थना-पत्र व आवश्यक अभिलेख 30 मार्च से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जमा करें, ताकि संबंधित विभागों से कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।यह जानकारी ले. कर्नल संजीव कुमार (अ.प्रा.), सदस्य सचिव, जिला सैनिक बन्धु समिति एवं पुनर्वास अधिकारी ने दी।

## बड़ागांव मे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला नालीपार मंदिर पर चल रही 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक उमेश महराज ने मनु सतरूपा की कथा सुनाई। कथावाचक उमेश महराज ने कहा कि मनु व सतरूपा से ही मनुष्य की उत्पत्ति हुई। कथा को सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि मनु को शासन करते हुए बहुत समय बीत गया ओर बुढ़ापा नजदीक देख चिंता सताने लगी कि हम लोगों का सारा समय बिन हरि भक्त के बीत गया तब पुत्र उत्तानपाद को राज सौंप दोनों ने प्रसिद्ध नैमिषरण तीर्थ को गमन किया जिनका एक ही उद्देश्य था कि केसे भी प्रभु का दर्शन हो जाए। मन में प्रभु के दर्शन कि अभिलाषा रखे छह हजार वर्ष बीत गए तो जल का भी त्याग कर केवल वायु पर निर्भर हो गए और जब दस हजार वर्ष बीत गए तब वायु का भी त्याग कर दिया। दोनों एक पांव पर तपस्या करने लगे,उनकी यह अडिग तपस्या देख भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश कई बार मनु के समीप आये ओर कई प्रकार के प्रलोभन दिए। दोनों को विचलित नहीं कर पाए। उनकी इस तरह की तपस्या से श्री प्रभु प्रसन्न हुए और आकाशवाणी से बोले जो वर मांगना है वह मांगो। मनु दंडवत होकर बोले कि हे प्रभु यदि आप प्रसन्न हैं तो कृपया आप अपना स्वारूप दिखाएं जो शिव जी ओर काकभुशुंडि जेसे परम् भक्तों के मन में सदैव बसा रहता है। इस पर सर्व समर्थ भगवान श्याम वर्ण प्रकट हुए। भगवान का दर्शन पाकर मनु सतरूपा खुश हो कर प्रभु के चरणों में लिपट गए। महाराज मनु ओर सतरूपा बोले कि मुझे आपके समान पुत्र चाहिए। इस पर भगवान ने वरदान दिया कि हे राजन में आपके पुत्र के रूप में आऊंगा। इस मौके पर श्रीमती पुष्पा , श्रवण कुमार कश्यप, कृष्ण कुमार कश्यप, सुनील चौहान, देधराज यादव, काशीराम वर्मा, मास्टर सुरजन यादव, अरुण कुमार नाग, नरेंद्र चौहान, दिलीप कुमार वर्मा, लल्लू यादव आदि भक्तगण मौजूद रहे।

## सन्त सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह का अक़ीदत के साथ कुल शरीफ संपन्न



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** गंगा-जमुनी एकता के प्रतीक सुप्रसिद्ध सूफी-सन्त सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह बांसा शरीफ की मजार शरीफ पर ईद के दिन से चल रहे 8 दिवसीय सालाना मेले में बुधवार को शान-शौक़त एव अक़ीदत के साथ कुल शरीफ सम्पन्न हुआ जिसमें फिरंगी महल के ओलेमा इकराम सहित पूरे देश से आये हजारो जायरीनों ने भाग लिया और दुआए मांगी।उल्लेखनीय हो कि सरकार-ए-बांसा शरीफ सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह का कुल शरीफ परम्परागत रीतिरिवाज के अनुसार 5 शव्वाल को सज्जादा नशीन सैय्यद उमर जिलानी के आवास पर बाद नमाज अस्र के सैय्यद साहब की टोपी,तसव्वी, कस कौल की जियारत दूर दराज से आये जायरीनों को करायी गयी था बाद नमाज मग़रिब के खानकाह रज्जाकिया मे कारी अब्दुल रहीम के तिलावते कुरान शरीफ के साथ कुल शरीफ शुरू हुआ। जिसमें लखनऊ स्थित फ़िरंगी महल से आये ओलेमा इकराम के साथ तमाम लोगों ने भाग लिया ।कुल शरीफ के बाद शीरनी का वितरण किया गया तथा सज्जादा नशीन के आवास पर लंगर का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने लंगर में खाना खाया।

# एंटी रोमियो टीम ने सुरक्षा, हेल्पलाइन और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** थाना सिन्दुरिया क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत मिशन शक्ति टीम एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा सिन्दुरिया चौराहे पर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर 181, यूपी 1090, 112, 1076 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी गई।

साथ ही 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', 'सखी वन स्टॉप सेंटर', 'पॉक्सो एक्ट' एवं 'मिशन शक्ति' जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

टीम द्वारा बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को जागरूकता से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। पुलिस टीम ने सभी से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें।

## शतचंडी महायज्ञ में रामलीला के मार्मिक प्रसंग ने बांधा समां



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** विकास खण्ड मिठौरा के ग्राम पंचायत बरोहिया में चल रहे 9 दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ के सातवें दिन मां खैरा देवी आदर्श रामलीला मण्डल तकरारी के कलाकारों ने राम-केवट संवाद का भावपूर्ण मंचन किया। गंगा तट पर राम, लक्ष्मण और सीता के आगमन तथा केवट द्वारा चरण धोने की जिद वाले इस मार्मिक प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। भगवान राम की भक्ति में लीन केवट का निष्छल प्रेम और समर्पण दर्शकों को खूब भाया। मंचन के दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महायज्ञ के सफल आयोजन में ग्राम प्रधान गिरिजेश गुप्ता, अध्यक्ष सोनू गुप्ता, महंत किशुन गिरी सहित अन्य पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसकी लोगों ने सराहना की।

## भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

### जिला सैनिक एवं पुनर्वास बन्धु की बैठक में भूमि विवाद

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला सैनिक एवं पुनर्वास बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के भूतपूर्व सैनिकों एवं सेवा निवृत्त सैनिकों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि सैनिकों का सम्मान और उनका कल्याण प्रशासन की प्राथमिकता है, क्योंकि उनकी सुख-समृद्धि में ही समाज का हित निहित है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों–श्री सकील अहमद, चन्द्रमोहन,



पार्वती देवी, रामसनेही गौतम सहित अन्य ने भूमि विवाद, सार्वजनिक नाली निर्माण तथा अवैध अतिक्रमण से संबंधित समस्याएं रखीं।

इन मुद्दों पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए और आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। बैठक के अंत में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल (सेवानिवृत्त) धीरेंद्र राय ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सैनिकों की समस्याओं के समाधान में जिला प्रशासन का निरंतर सहयोग मिलता रहा है, जिसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों के साथ संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# उप्र विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उप्र विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की बैठक बुधवार को सभापति डॉ. रतन पाल सिंह की अध्यक्षता एवं सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी, अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों में लंबित वित्तीय एवं प्रशासकीय मामलों की समीक्षा करना तथा उनके त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। सभापति डॉ. रतन पाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक विलम्ब का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समिति द्वारा पाया कि कई मामलों में अनावश्यक प्रक्रियात्मक देरी के कारण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता एवं जवाबदेही प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। विभागीय समन्वय को मजबूत किया जाए, जिससे विभिन्न स्तरों पर उत्पन्न होने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। सभापति डॉ. रतन पाल सिंह ने अधिकारियों से कहा कि वे जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दें और जनता की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता दिखाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त निजी सचिव सर्वेश कुमार गुप्ता, समीक्षा अधिकारी हरि प्रताप सिंह, रिपोर्टर अभय सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ राजमणि वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में डीजल एवं पेट्रोल कि नहीं है कोई कमी, पर्याप्त मात्रा में है डीजल एवं पेट्रोल

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा ।** जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। जिलाधिकारी, गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी श्री आलोक कुमार ने की, जिसमें आनंद कुमार राय (पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी) तथा कुँवर दिनेश प्रताप सिंह (जिला पूर्ति अधिकारी) सहित जनपद के समस्त पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधि एवं पेट्रोल व डीजल पम्प प्रोपराइटर तथा प्रबंधक उपस्थित रहे।

बैठक में Indian Oil Corporation Limited, Bharat Petroleum Corporation Limited, Hindustan Petroleum Corporation Limited के सेल्स ऑफिसर्स के साथ विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, पेट्रोल व डीजल पम्प प्रोपराइटर एवं प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार ही पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। सभी तेल कंपनियों के पास पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है तथा उसकी आपूर्ति भी नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर अफवाहें फैलाकर आमजन में भ्रम की स्थिति उत्पन्न की जा रही है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति या समूह ईंधन की कमी को लेकर भ्रामक सूचना फैलाता हुआ पाया गया, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पेट्रोल व डीजल पम्प प्रोपराइटर एवं प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे उपभोक्ताओं को सुचारु एवं पारदर्शी तरीके से ईंधन उपलब्ध कराएं।

# हल्लौर में ईंधन का संकट : प्रशासन के दावे कागजी पंपों पर 'नो स्टॉक' के बोर्ड से जनता बेहाल

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जिले में पेट्रोल और डीजल की किल्लत को लेकर जिलाधिकारी के दावों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहाँ जिला प्रशासन क्षेत्र में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता का दम भर रहा है, वहीं दूसरी तरफ पेट्रोल पंप संचालक उपभोक्ताओं को तेल देने से मना कर रहे हैं। इस दोहरी मार के बीच आम जनता घंटों लाइनों में लगकर खाली हाथ लौटने को मजबूर है।

हल्लौर स्थित प्रकाश पेट्रोल पंप पर स्थिति बेहद तनावपूर्ण देखी गई। पंप प्रबंधन ने मशीनों पर 'पेट्रोल नहीं है' का बोर्ड लगा दिया है। चिलचिलाती धूप में घंटों अपनी बारी का इंतजार कर रहे दर्जनों वाहन चालकों को जब तेल खत्म होने की सूचना मिली, तो उनका धैर्य जवाब दे गया। लोगों का आरोप है कि पंप संचालक जानबूझकर कृत्रिम अभाव पैदा कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों और मौके पर मौजूद ग्राहकों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पंप की मशीनें तो बंद कर दी गई हैं, लेकिन अंदर के केबिन और गोदामों में डब्बों में पेट्रोल भरकर रखा गया है। आरोप है कि कर्मचारियों द्वारा मिलीभगत कर ऊंचे दामों पर पेट्रोल की 'ब्लैक मार्केटिंग' की जा रही है। लोगों का कहना है कि जो ग्राहक अधिक पैसा देने को तैयार हैं, उन्हें अंदरूनी रास्तों से तेल उपलब्ध कराया जा रहा है।

पंप पर घंटों से खड़े आक्रोशित लोगों ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है कि वे स्वयं या अपनी टीम के साथ मौके पर आकर औचक निरीक्षण करें। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन के दावों और पंप संचालकों की मनमानी की जांच होनी चाहिए ताकि कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

'प्रशासन कह रहा है कि तेल की कमी नहीं है, लेकिन पंप वाले तेल नहीं दे रहे। हमें शक है कि तेल का भंडारण करके इसे ऊंचे दाम पर बेचा जा रहा है। एक पीड़ित उपभोक्ता का कहना है कि जिलाधिकारी महोदय को तुरंत इसका संज्ञान लेना चाहिए।

# सपा ने एक लाख का चैक देकर किया मदद



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सपा जिला कार्यालय पर पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव एवं डुमरियागंज की विधायक सैय्यदा खातून के द्वारा उसका कछार क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैरवा नानकार टोला ताल भिरौना निवासिनी संगीता लोधी पत्नी स्वर्गीय चन्द्रबलि लोधी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ से ?100000 (एक लाख) रुपए की सहायता राशि का चैक देकर आर्थिक मदद किया गया।

विदित हो कि पिछले दिनों जनवरी में चंद्रबली लोधी की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। जानकारी होने पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधायक राहुल लोधी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मृतक के घर भेजा था प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट दिया था, उसी के परिपेक्ष में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मृतक की पत्नी संगीता के नाम एक लाख रुपए की सहायता राशि का चेक भेजा है और शोक संवेदना व्यक्त क्या है। मृतक की पत्नी संगीता को चेक देते हुए सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है और हर संभव मदद के साथ-साथ परिवार को न्याय दिलाने के लिए कृत संकल्पित है।

इस दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप पथरकट्ट, रामसेवक लोधी, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, लव कुश सैनी, कमलेश लोधी, राहुल लोधी, नुरुल हुदा, मो. हारुन व अशफाक अहमद आदि मौजूद रहे।

# वार्षिक समारोह में बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विकास क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जलालपुर में वार्षिक/ सत्रांत समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इस समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया । कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में गौतम सोनी

ग्राम प्रधान ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था निरंतर बेहतर होता जा रहा है। सरकार द्वारा तमाम योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ बच्चों को मिल रहा है। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। उन्होंने यह भी कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की सफलता को लेकर लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जो बच्चे इस वर्ष पास होकर अगली कक्षा में जा रहे हैं वह बच्चे आगे भी मन लगाकर पढ़ाई करें। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मलिक नदीम अहमद, नीलम वर्मा सहायक अध्यापिका आदि लोग मौजूद रहे।

# भसड़ा व पहाड़पुर में जागरूकता रैली, महिलाओं की सुरक्षा और शिक्षा पर दिया जोर

अवधनामा संवाददाता




**अम्बेडकरनगर।** मां तिलेसरा देवी पी.जी. कॉलेज, भसड़ा, टांडा (अम्बेडकरनगर) के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिन-रात विशेष शिविर कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. शिवानी श्रीवास्तव (प्रथम इकाई) एवं श्री अभिषेक पांडेय (द्वितीय इकाई) के निर्देशन में चयनित ग्राम भसड़ा एवं पहाड़पुर में मिशन शक्ति अभियान के तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य नियंता डॉ. सुशील कुमार (बी.एड. विभागाध्यक्ष), डॉ. अश्वनी कुमार, सुनील कुमार वर्मा , प्रमोद वर्मा, अरुण कुमार , ममता , संगीता देवी, डॉ. रामपाल यादव, अंशिका रानी एवं लक्ष्मी भारती सहित अन्य प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। साथ ही बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने महिलाओं के अधिकार, सम्मान एवं सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने समाज में महिलाओं की भूमिका को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। इसके पश्चात स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं–दीक्षा पांडेय, अंतिमा, नीलम, रुचि, नेहा, आयुषी, अर्पित, अमन एवं अतुल वर्मा आदि ने गीत एवं भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत कर कार्यक्रम को प्रभावी बनाया। यह जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के प्रति सकारात्मक संदेश देने में सफल रहा।

# बगहवा में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खंड शोहरतगढ़ के बगहवा गांव में बुधवार से नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। कथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

बगहवा निवासी दुर्गेश कसौधन के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में कथावाचक आचार्य जगदम्बिका प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में यज्ञशाला से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा में महिलाएं और बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर गाजे-बाजे के साथ शामिल हुईं, जिससे पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

श्रद्धालु बानगंगा नदी तट पर जल भरने के लिए पहुंचे। इस दौरान अबीर-गुलाल उड़ाते हुए और डीजे की धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालु आगे बढ़ते रहे। कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और उत्साह का वातावरण बना दिया।

गांव में आयोजित इस श्रीमद्भागवत कथा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों का कहना है कि नौ दिनों तक चलने वाली इस कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

# जलालपुर में मनाया जाएगा श्रीराम जन्मोत्सव

**जलालपुर, अम्बेडकर नगर।** पवित्र रामनवमी के अवसर पर जलालपुर स्थित श्री रामलीला मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है, जो अपनी सांस्कृतिक विरासत और उत्कृष्ट आयोजनों के लिए जानी जाती है। समिति के अध्यक्ष संजीव मिश्र के कुशल नेतृत्व में इस भव्य आयोजन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और श्रद्धालुओं में गहरी उमंग देखी जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर विशेष पूजन-अर्चन, भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण भाग लेकर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। समिति के मीडिया प्रभारी विकास निषाद ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को प्रातः 11 बजे श्रीराम जन्मोत्सव विधि-विधान एवं धार्मिक धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से भव्य आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# एसएमसी अध्यक्ष व सचिव के साथ आयोजित हुआ प्रशिक्षण

**समिति के संचालन व दायित्व के बारे में दी गई जानकारी**

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बुधवार को परिषदीय विद्यालयों के विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सचिव के साथ एकदिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के मीटिंग हॉल में शुरू हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मंत्री/ अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय व एआरपी शेषराम यादव, रामदयाल की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रशिक्षण शुभारंभ अवसर पर राकेश कुमार पांडेय ने कहा कि यह प्रशिक्षण एसएमसी के अध्यक्ष व सचिव के लिए काफी महत्वपूर्ण है। विद्यालय संचालन में महत्वपूर्ण जानकारी प्रशिक्षण में दी जानी है। उन्होंने शिक्षकों के समस्याओं को उठाते हुए कहा कि शिक्षक विद्यालय में गैस सिलेंडर की समस्या व आवागमन में पेट्रोल डीजल की समस्या से जूझ रहे हैं ऐसे में शिक्षक अगर समय से विद्यालय नहीं पहुंच रहे है तो उन पर कार्रवाई न की जाए। प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज अशोक कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय विकास में प्रबंध समिति की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। आपसी सामंजस्य व जागरुकता से विद्यालय को बेहतर बनाने में कदम बढ़ाएं। प्रशिक्षण में एआरपी शेषराम यादव ने बाल अधिकार एवं बाल अधिकारों का संरक्षण, निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 तथा उत्तर प्रदेश निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 का परिचय दिया।

एआरपी रामदयाल ने कहा कि निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत समुदाय एवं माता-पिता को यह अवसर प्राप्त है कि अपने बच्चों के लिए विद्यालय प्रबन्ध समिति में शामिल होकर विद्यालयों में समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करें। शिक्षा के अधिकार अधिनियम में विद्यालय प्रबन्ध समिति एवं स्थानीय प्राधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालय संचालन में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस मौके पर दिनेश सिंह, अखिलेश चौधरी, नसीम अहमद ,नफीस हैदर रिजवी, फ़ज़ल अब्बास, रामविलास यादव, सैयद इम्तियाज हुसैन, नीलम गुप्ता, राहत जहां, अगेय कुमार गौतम, अहमद सईद, प्रेम प्रकाश, शिवेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# घर के सामने थूकने पर हुआ विवाद महिला से हुई मारपीट

**जलालपुर अम्बेडकर नगर ।** घर के सामने थूकने को लेकर विवाद, महिला व बेटी से मारपीट का आरोप जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अशरफपुर भूआ में मामूली बात को लेकर विवाद बढ़ गया, जिसमें एक महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता बिंद्रवती ने जलालपुर कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि हमारा पति मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता हैं। आरोप है कि 22 मार्च 2026 की सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर के सामने मंजन कर रही थीं। इसी दौरान गांव के ही रक्षाराम, मायाराम, नवनीत, उषा, अंजू, नीलू व रुचि आदि वहां पहुंच गए और गंदगी को लेकर विवाद करने लगे। पीड़िता के अनुसार, विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पुत्री आकांक्षा को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपितों ने उनके घर की दीवार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में मां-बेटी को चोटें आई हैं। इस संबंध में कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# 26 एवं 29 मार्च को सामान्य कार्यदिवस की भाँति खुले रहेंगे उप निबन्धक कार्यालय

**सिद्धार्थनगर।** महानिरीक्षक निबन्धन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या 1253 / शि0 का0 लख0/2026 दिनांक 24 मार्च का द्वारा दिनांक 26 एवं दिनांक 29 मार्च को सामान्य कार्यदिवस की भाँति खुले रहेंगे तथा विलेख पंजीकरण का कार्य सुचारू रूप से सम्पादित किया जायेगा। समस्त उप निबन्धक कार्यालय अवकाश के 26 एवं 29 मार्च को सामान्य कार्यदिवस की भाँति खुले रहेंगे तथा विलेख पंजीकरण का कार्य सुचारू रूप से सम्पादित किया जायेगा उक्त आशय की जानकारी सहायक महानिरीक्षक निबंध ज्ञानेंद्र कुमार सिंह द्वारा दिया गया है।

# श्रीराम के वनगमन प्रसंग ने नम कीं आंखें

**श्रीराम कथा महोत्सव के पांचवें दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** शहर के अवेद्यनाथ सभागार में चल रहे श्रीराम कथा महोत्सव के छठवें दिन बुधवार को श्रीराम के वनगमन प्रसंग का अत्यंत मार्मिक और हृदयस्पर्शी वर्णन किया गया। कथा वाचक संत गौरव कृष्ण शास्त्री ने अपनी ओजस्वी और भावपूर्ण वाणी से उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

कथा के दौरान संत शास्त्री ने कहा कि श्रीराम का वनगमन केवल एक ऐतिहासिक प्रसंग नहीं, बल्कि त्याग, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीराम ने पिता के वचन की मर्यादा बनाए रखने के लिए राजपाट, सुख-सुविधाओं और वैभव को त्याग कर वनवास को स्वीकार किया। यह प्रसंग आज भी समाज को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने माता सीता और लक्ष्मण के साथ श्रीराम के वनगमन की भावनात्मक झलकियों को इतने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया कि श्रद्धालु भावुक हो उठे। जैसे ही अयोध्या त्याग का प्रसंग आया, सभागार में सन्नाटा छा गया और कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। पूरा वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। कथा वाचक ने अपने प्रवचन में वर्तमान समाज को संबोधित करते हुए कहा कि यदि व्यक्ति श्रीराम के आदर्शों सत्य, त्याग और कर्तव्यपरायणता को अपने जीवन में अपनाए, तो समाज में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना संभव है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं एवं युवा मौजूद रहे। इस मौके पर सदर विधायक श्यामधनी राही, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव समेत शिवदत्त अग्रहरि, नीरज श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, संदीप जायसवाल, राघवेंद्र यादव, रमेश गुप्ता, महेश्वर अग्रहरि, अजय कसौंधन, रजनीश उपाध्याय, सुनील त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी, अनिल वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, श्रीश श्रीवास्तव, पंकज पासवान, देव अग्रहरि, साधना श्रीरवास्तव, डॉ. सीमा मिश्रा, मनोरमा पांडेय, सुधा त्रिपाठी, आशा उपाध्याय, सोनू कसौंधन आदि की मौजूदगी रही।

# अपराधिक धमकी देने व अश्लील वीडियो वायरल करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना गैड़ास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर को चिरकुटिया चौराहे से 300 मीटर आगे नगवा जाने वाले सड़क (बलरामपुर) से गिरफ्तार किया गया। थाना खरगूपुर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला द्वारा थाना खरगूपुर में तहरीर दी गयी कि विपक्षी विनय पुत्र बेचनलाल द्वारा उसकी 14 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था जिसके विरुद्ध पाक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया था । जिसमें विपक्षी जमानत पर छूटने के बाद प्रार्थिनी एवं उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी एवं अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर रहा है। जिससे वादिनी की पुत्री अवसादग्रस्त है। प्रार्थिनी की तहरीर के आधार पर थाना खरगूपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान वांछित आरोपी अभियुक्त विनय पुत्र बेचन लाल निवासी ग्राम नगवा थाना गैड़ास बुजुर्ग बलरामपुर को चिरकुटिया चौराहे से 300 मीटर आगे नगवा जाने वाले सड़क से गिरफ्तार किया गया।

# गोपाल पनीर भंडार एण्ड स्वीट्स दुकान पर खुले आम यूज हो रहे है घरेलू गैस सिलेंडर




अवधनामा संवाददाता

**गोंडा।** जिले मे सिलेंडर नही मिलने से घरेलू उपभोक्ताओं में हाहाकार मचा है।लेकिन गोपाल पनीर भंडार एंड स्वीट्स पर खुल्लेआम घरेलु गैस का उपयोग हो रहा है।जिले मे बड़े से बड़े होटल रेस्टोरेंट व चाय की दुकान बंद है गैस न मिलने से उपभोक्ता परेशान हैं लेकिन गांधी पार्क स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया के बगल में मिठाई की दुकान पर खुले आम घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग हो रहा है। जबकि घरेलू गैस लेने के लिए उपभोक्ताओं को पहले केवाईसी और ओटीपी देना रहता है फिर वह गैस पाने के लिए हकदार रहते हैं घरेलू गैस लेने के लिए यहां एजेंसियों पर लाइन लगाने के लिए उपभोक्ताओं का जमावड़ा रहता है एकदम मारामारी हो रहा है शहर के बीचों बीच में गोपाल पनीर एंड स्वीट्स में खुल्लेआम घरेलू गैस का इस्तेमाल हो रहा है।प्रशासन की अनदेखी के कारण आम उपभोक्ता ओं में यह परेशानी बढ़ती जार ही है।लेकिन मिष्ठान संचालकों पर रसोई गैस सिलेंडर के किल्लत का तनिक भी प्रभाव नही पड़ रहा है।यह प्रशासन के आसक्रियता का पोल खोल रहा है। मगर हैरान करने वाली बात यह है कि इतने किल्लत के बाद भी आखिर गोपाल पनीर भंडार एंड स्वीट्स वालो को घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति कौन कर रहा है। इस पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं हालांकि इस मामलें में ग्रामीण वा शहरी क्षेत्रो की गैस एजेंसी संचालक भी धन-धान्य से परिपूर्ण हो रहे हैं।

# ग्राम चौपाल चकबन्दी का आयोजन कर सुनी समस्याएं, निस्तारण का दिया आश्वासन



**सिद्धार्थनगर।** चकबंदी आयुक्त, उत्तर प्रदेश डॉ हृषिकेश भास्कर यशोद के कुशल नेतृत्व एवं जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबंदी सिद्धार्थनगर के मार्गदर्शन एवं उप संचालक चकबन्दी तथा बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के दिशा निर्देश में तहसील नौगढ के ग्राम चिल्लेदर्रा ग्रान्ट में ग्राम चौपाल का आयोजन बुधवार को राजेन्द्र प्रसाद यादव चकबन्दी अधिकारी नौगढ की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम जगमोहनी में आयोजित बैठक में सहायक चकबन्दी अधिकारी नौगढ आशुतोष यादव के साथ मनोज मिश्रा चकबन्दी कर्ता, अत्रीमणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश एवं तेज प्रताप चौधरी चकबन्दी लेखपाल एवं अन्य चकबन्दी कर्मचारी तथा ग्राम प्रधान एवं चकबंदी समिति के सदस्यगण की उपस्थिति में ग्राम चौपाल का आयोजन कुशलता एवं सफलतापूर्वक किया गया है। इसके साथ तहसील इटवा के ग्राम ग्राम चोरथरी तप्पा बुड्ढी तहसील इटवा में ग्राम चौपाल का आयोजन श्रीमान चकबंदी अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर चकबंदी कर्ता सुभाष चंद्र, चकबंदी लेखपाल प्रशांत कुमार, तथा ग्राम प्रधान/चकबंदी समिति के अध्यक्ष बालक राम यादव व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। तहसील डुमरियागंज के ग्राम वेतनार एहतमाली में चकबंदी अधिकारी डुमरियागंज रियाज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

## ग्लोबल इनर्जी क्राइसिस

अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच हो रहे युद्ध की वजह से दुनियां में ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। ट्रम्प की अल्टीमेटम के बाद ईरान और आक्रमक हो गया। ग्लोबल आयल गैस सप्लाई के चेन के लिये है हर्मुज स्टेट जरूरी है। इस पर नियन्त्रण के लिये होड़ लगी हुई है। इससे युद्ध बेकाबू होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल ईरान को लेकर भ्रम में है। क्योकि ट्रम्प ने पहले कहा उन्हें होर्मुज से कोई मतलब नहीं है। जो देश तेल और गैस यहां से आकर लेते है वे जिम्मेदारी संभाल। ट्रम्प की चेतावनी है कि अगर 24 घन्टे के अन्दर होर्मुज नहीं खोला गया तो उसके पावर प्लान्ट पर हमला बोला जायेगा। इरान के धमकी दी है कि ट्रम्प की चेतावनी के जवाब में वह खाड़ी में मौजूद वाटर प्लान्टस और इनर्जी प्लान्टस को निशाना बनायेगा। ट्रम्प घरेलू राजनीति और ग्लोबल क्राइसिस के दबाव में आ गये है। उन पर दबाव बढ़ता ही जा रहा है। पर लड़ाई इतनी बढ़ चुकी है कि धमकियों से कोई काम नहीं बनेगा। धमकियों के जवाब में इरान ने आक्रमता बढ़ा दी है। ईरान ने इस्राइल के डिमोना और इरशाद शहरों को निशाना बनाया है यही पर न्यूक्लियर प्लान्ट है। फ़िर ईरान ने डियामो गार्सिया पर लम्बी दूरी की मिसाइल दागी है। यह बहुत ही चिन्ताजनक है कि संघर्ष फैलते हुये हिन्द महासागर में मौजूदा द्वीप तक पहुंच गया है। इससे साबित होता ह कि योरोप के प्रमुख शहर भी ईरानी हथियारों के रेंन्ज क्षेत्र में है। ऐसे में अगर अमेरिका इस्राइल ईरान के पावर प्लान्ट को निशाना बनाते है तो बदले का एक नया दौर शुरू हो जायेगा। इस दौर को रोकना किसी के बस में नहीं होगा।

युद्ध को लेकर ही नहीं इससे पैदा होने वाले परिणामों को लेकर भी चिन्ता है। पावर ग्रिड और दूसरे रसाइनिक ठिकानों की व्यवस्था बैठ जायेगी। इसका सबसे ज्यादा असर ईरान के लोगों पर पड़ेगा। ये लोग पहले से ही परेशानियां झेल रहे है। इस तरह के कदम आसपास के देशों पर प्रभाव डाल सकते है जो निश्चत ही अच्छा नहीं होगा ईरान कुछ बिजली ईराक और पाकिस्तान को बेचता है। बेहतर होगा कि दोनो तुरन्त युद्ध विराम कर बातचीत के मेज पर आ जायें। दुनिया में शान्ती की जिम्मेदारी सभी पर है। किसी देश को छोड़ा नहीं जा सकता। दो विश्वयुद्ध की विनाशक लड़ाईयां देखने के बाद भी और लोगों की इससे पैदा हुई तकलीफ देखने के बाद भी लोग चेत नहीं रहे है। युद्ध किसी समस्या का हल नहीं होता समस्याओं का जनक होता है। अमेरिकी प्रेसिडेन्ट को इधर उधर के प्रयास छोड़कर युद्ध रूकवाने की भूमिका निभानी चाहिये। शान्ती कायम कराने में जितना सहायक होगे उतनी ही नोबेल शान्ती प्राइस की सम्भावना उनके लिये बढ़ती जायेगी जो उनका स्वप्न है।

इस तरह तप हुआ सांस का यह सफ़र
जिन्दगी थक गई मौत चलती रही

धर्मांतरण का प्रश्न भारत में केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं रहा है, बल्कि कई बार यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और जनसंख्या संतुलन से भी जुड़ जाता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषकर गरीब, वंचित और अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्गों में धर्मांतरण की घटनाएँ समय-समय पर सामने आती रही हैं। कई बार धर्मांतरण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सहायता के माध्यम से हुआ, तो कई बार लालच, प्रलोभन, दबाव या सामाजिक परिस्थितियों के कारण भी धर्म परिवर्तन के आरोप लगे। इसी कारण कई राज्यों ने धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए कानून बनाए।

# धर्म, जाति और धर्मांतरण : सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय

धर्म, जाति और धर्मांतरण का प्रश्न भारत के सामाजिक, संवैधानिक और राष्ट्रीय जीवन से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील और जटिल विषय है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया यह निर्णय कि यदि अनुसूचित जाति का कोई व्यक्ति हिन्दू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को स्वीकार कर लेता है तो वह अनुसूचित जाति का संवैधानिक दर्जा और उससे जुड़े लाभों का


ललित गर्ग

अधिकारी नहीं रहेगा, केवल एक सामान्य कानूनी निर्णय नहीं है, बल्कि यह भारतीय संविधान की मूल भावना, सामाजिक न्याय की अवधारणा और राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता को ध्यान में रखकर दिया गया एक दूरगामी और ऐतिहासिक निर्णय है। इस निर्णय को भारतीय न्याय व्यवस्था की परिपक्वता, संतुलन और दूरदर्शिता का प्रतीक कहा जा सकता है।

भारत में अनुसूचित जाति की व्यवस्था का निर्माण किसी धर्म विशेष को लाभ देने के लिए नहीं किया गया था, बल्कि उन सामाजिक वर्गों को संरक्षण और अवसर देने के लिए किया गया था, जो सदियों से सामाजिक भेदभाव, अस्पृश्यता और सामाजिक बहिष्कार का सामना करते रहे थे। संविधान निर्माताओं ने यह माना था कि समाज में जो ऐतिहासिक अन्याय और सामाजिक असमानता रही है, उसे दूर किए बिना वास्तविक समानता स्थापित नहीं की जा सकती। इसी कारण आरक्षण और विशेष कानूनी संरक्षण की व्यवस्था की गई। यह व्यवस्था मूलतः सामाजिक भेदभाव पर आधारित थी, आर्थिक आधार पर नहीं। इसलिए अनुसूचित जाति का प्रश्न धर्म से अधिक सामाजिक संरचना से जुड़ा हुआ था।

जब कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर ऐसे धर्म को स्वीकार करता है, जहां जाति व्यवस्था को मान्यता नहीं दी जाती, तो फिर यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या उसे उसी आधार पर अनुसूचित जाति के लाभ मिलते रहने चाहिए। इसी प्रश्न को लेकर वर्षों से देश में बहस चलती रही है। कई मामलों में यह देखा गया कि व्यक्ति ने धर्म परिवर्तन कर लिया, वह दूसरे धर्म की धार्मिक और सामाजिक व्यवस्था में सक्रिय भी हो गया, लेकिन वह अनुसूचित जाति के आरक्षण, छात्रवृत्ति, नौकरी में आरक्षण और एससी/एसटी एक्ट जैसे कानूनों का लाभ लेना चाहता था। इससे एक प्रकार की कानूनी और सामाजिक विसंगति उत्पन्न हो रही थी। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी विसंगति को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और यह स्पष्ट करता है कि संविधान द्वारा दी गई सुविधाओं का उपयोग उसी सामाजिक संदर्भ में किया जा सकता है, जिसके लिए वे बनाई गई थीं। धर्मांतरण का प्रश्न भारत में केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं रहा है, बल्कि कई बार यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और जनसंख्या संतुलन से भी जुड़ जाता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषकर गरीब,



वंचित और अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्गों में धर्मांतरण की घटनाएँ समय-समय पर सामने आती रही हैं। कई बार धर्मांतरण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सहायता के माध्यम से हुआ, तो कई बार लालच, प्रलोभन, दबाव या सामाजिक परिस्थितियों के कारण भी धर्म परिवर्तन के आरोप लगे। इसी कारण कई राज्यों ने धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए कानून बनाए, ताकि बल, प्रलोभन या धोखे से होने वाले धर्म परिवर्तन को रोका जा सके, लेकिन इन कानूनों का प्रभाव उतना व्यापक नहीं हो पाया जितनी अपेक्षा थी।

जब किसी विशेष सामाजिक वर्ग का बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन होता है, तो उसका प्रभाव केवल धर्म पर ही नहीं पड़ता, बल्कि जातीय संरचना, सामाजिक संतुलन, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक संबंधों पर भी पड़ता है। धीरे-धीरे यह स्थिति सामाजिक और धार्मिक संतुलन को प्रभावित करने लगती है। भारत जैसे बहुधर्मी और बहुजातीय देश में सामाजिक और धार्मिक संतुलन का बने रहना राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि समाज लगातार जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर बदलता और विभाजित होता रहेगा, तो इसका प्रभाव सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता पर पड़ना स्वाभाविक है। इस दृष्टि से धर्मांतरण का प्रश्न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि यह सामाजिक और राष्ट्रीय संतुलन का भी प्रश्न बन जाता है।

आरक्षण व्यवस्था का उद्देश्य भी यही था कि जो लोग सामाजिक रूप से वंचित हैं, उन्हें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सम्मान के क्षेत्र में अवसर मिल सके। लेकिन यदि धर्म परिवर्तन के बाद भी लोग आरक्षण का लाभ लेते रहेंगे, तो इससे आरक्षण व्यवस्था का मूल उद्देश्य प्रभावित होगा और वास्तविक जरूरतमंद लोगों के अधिकारों पर भी प्रभाव पड़ेगा। इससे समाज में असंतोष और असंतुलन भी उत्पन्न हो सकता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय आरक्षण व्यवस्था को अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और उद्देश्यपूर्ण बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा सकता है। यह निर्णय यह स्पष्ट करता है कि संविधान की सुविधाएँ अधिकार हैं, लेकिन उनका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए।

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता में एकता है। यहां अनेक धर्म, जातियां, भाषाएं और संस्कृतियां होते हुए भी देश एक है। लेकिन यदि धर्म, जाति और जनसंख्या संतुलन को लेकर लगातार राजनीतिक और सामाजिक प्रयोग होते रहेंगे, तो इससे राष्ट्रीय एकता प्रभावित हो सकती है। धर्मांतरण यदि पूरी तरह से व्यक्तिगत आस्था और विचार की स्वतंत्रता के आधार पर हो तो वह व्यक्ति का अधिकार है, लेकिन यदि वह लालच, भय, दबाव, सामाजिक अलगाव या राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित हो, तो वह केवल धार्मिक परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय संतुलन को प्रभावित करने वाली प्रक्रिया बन जाता है। इसलिए इस विषय पर संतुलित, संवेदनशील और राष्ट्रीय दृष्टि से विचार करना आवश्यक है।

सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है। यह निर्णय केवल यह नहीं कहता कि धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाएगा, बल्कि यह निर्णय संविधान की मूल भावना को भी स्पष्ट करता है कि सामाजिक न्याय का आधार सामाजिक वास्तविकता है, न कि केवल कानूनी तकनीक। यह निर्णय यह भी स्पष्ट करता है कि संविधान द्वारा दी गई सुविधाओं का उद्देश्य समाज में समानता और न्याय स्थापित करना है, न कि कानूनी व्यवस्था का दुरुपयोग होने देना।

आज भारत एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां कानून, संविधान और न्याय व्यवस्था केवल तकनीकी व्याख्याओं तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि सामाजिक वास्तविकता, राष्ट्रीय हित और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखकर निर्णय दिए जा रहे हैं। इस दृष्टि से यह निर्णय नए भारत की कानूनी सोच और संवैधानिक दृष्टि का प्रतीक भी कहा जा सकता है।

## विश्व किडनी दिवस : स्वस्थ जीवन की ओर एक पहल

महेन्द्र तिवारी

विश्व किडनी दिवस हर वर्ष मार्च के दूसरे गुरुवार को मनाया जाने वाला एक वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान है, जिसका उद्देश्य लोगों को किडनी के महत्व और किडनी से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। आधुनिक जीवनशैली, बदलती खान-पान की आदतें और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के कारण आज किडनी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए यह दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य से जुड़े एक गंभीर विषय की ओर समाज का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास है। दुनिया भर में स्वास्थ्य विशेषज्ञ, चिकित्सक, सामाजिक संगठन और सरकारें इस दिन के माध्यम से लोगों को यह संदेश देती हैं कि किडनी हमारे शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है और इसकी सुरक्षा के लिए समय रहते सावधानी बरतना आवश्यक है।

मानव शरीर में सामान्यतः दो किडनी होती हैं, जो रीढ़ की हड्डी के दोनों ओर स्थित रहती हैं। ये आकार में भले ही छोटी होती हैं, लेकिन शरीर के संतुलन को बनाए रखने में इनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। किडनी का मुख्य कार्य रक्त को शुद्ध करना और शरीर से अपशिष्ट पदार्थों को मूत्र के माध्यम से बाहर निकालना है। इसके अलावा किडनी शरीर में पानी और खनिजों का संतुलन बनाए रखने, अम्ल-क्षार संतुलन को नियंत्रित करने, रक्तचाप को नियंत्रित करने और लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि किडनी ठीक से कार्य न करे तो शरीर में विषैले तत्व जमा होने लगते हैं, जिससे अनेक गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं।

विश्व किडनी दिवस की शुरुआत वर्ष 2006 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किडनी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। तब से यह दिन हर वर्ष विश्व भर में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि लोग किडनी के स्वास्थ्य को गंभीरता से लें और समय-समय पर अपनी जांच कराते रहें। आज दुनिया भर में करोड़ों लोग किडनी से संबंधित बीमारियों से प्रभावित हैं। अनुमान है कि विश्व में लगभग 85 करोड़ लोग किसी न किसी रूप में किडनी रोग से प्रभावित हैं और कई लोगों को इसकी जानकारी भी नहीं होती।

किडनी रोगों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इनके शुरुआती चरण में अक्सर कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। इसी कारण इसे ÷साइलेंट किलर÷ भी कहा जाता है। कई बार लोगों को तब पता चलता है जब किडनी की कार्यक्षमता काफी कम हो चुकी होती है। यदि समय रहते इसका पता चल जाए तो उपचार और जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से इस रोग को नियंत्रित किया जा सकता है। लेकिन यदि रोग लंबे समय तक अनदेखा किया जाए तो किडनी फेलियर की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसमें मरीज को डायलिसिस या किडनी प्रत्यारोपण की आवश्यकता पड़ती है। क्रोनिक किडनी रोग यानी सीकेडी आज विश्व स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। यह रोग धीरे-धीरे महीनों या वर्षों में विकसित होता है और किडनी की कार्यक्षमता को कम कर देता है। कई अध्ययनों के अनुसार विश्व में लगभग हर दस में से एक व्यक्ति किसी न किसी स्तर पर क्रोनिक किडनी रोग से प्रभावित है। यदि इसका समय पर उपचार न किया जाए तो यह किडनी फेलियर का रूप ले सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में किडनी रोग वैश्विक स्तर पर मृत्यु और बीमारी का एक बड़ा कारण बन सकता है।

किडनी रोगों के कई प्रमुख कारण होते हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण मधुमेह और उच्च रक्तचाप हैं। ये दोनों बीमारियाँ किडनी की रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करती हैं और धीरे-धीरे उसकी कार्यक्षमता को कम कर देती हैं। इसके अलावा मोटापा, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का अत्यधिक सेवन, दर्द निवारक दवाओं का अधिक उपयोग और पर्याप्त पानी न पीना भी किडनी को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आधुनिक जीवनशैली में लोगों की शारीरिक गतिविधि कम हो गई है और तनाव तथा अनियमित दिनचर्या बढ़ गई है, जो किडनी रोगों के जोखिम को और बढ़ाती है।

महिलाओं के संदर्भ में किडनी रोग एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभर रहा है। शोध बताते हैं कि विश्व भर में लगभग 19.5 करोड़ महिलाएं क्रोनिक किडनी रोग से प्रभावित हैं और यह महिलाओं में मृत्यु का आठवां प्रमुख कारण है। हर वर्ष लगभग छह लाख महिलाओं की मृत्यु किडनी रोगों के कारण हो जाती है। महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान होने वाली कुछ जटिलताएँ, जैसे प्री-क्लेम्पसिया, आगे चलकर किडनी रोग का कारण बन सकती हैं। इसके अलावा महिलाओं में मूत्र संक्रमण की संभावना अधिक होती है, जो यदि समय पर उपचार न मिले तो किडनी तक फैल सकता है।

# गैस संकट से निपटने के हों ठोस उपाय

जमीनी हकीकत यह है कि देशभर में सिलेंडर की कमी दिख रही है। खान पान का कारोबार सीधे तौर पर प्रभावित हुआ है। इन सबके बीच एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग को लेकर एक बार फिर बड़ा बदलाव किया गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के अनुसार अब जिनके यहां दो एलपीजी सिलेंडर हैं, उन्हें 35 दिन बाद गैस सिलेंडर की बुकिंग दी जाएगी। हालांकि सिंगल सिलेंडर वालों के लिए बुकिंग की अवधि फिलहाल 25 दिन ही रहेगी।

खाड़ी देशों में चल रहे तनाव का असर अब भारत की गैस सप्लाई पर भी दिखने लगा है। गैस संकट ने रसोई के बजट और ऊर्जा सुरक्षा के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। चुनौती और संकट बड़ा है। भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 फीसदी हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 फीसदी कच्चा तेल और 54 फीसदी एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। भारत दुनिया में एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है, जिसका उपयोग खाना पकाने के लिए किया जाता है।


रोहित माहेश्वरी

गैस-तेल संकट पर पीएम मोदी ने संसद में कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील भी है, सतर्क भी है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। लेकिन जमीनी हालात देखें तो ऐसा आभास होता है कि सरकार जो बता रही है, वो आधा सच है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सिलेंडर की डिलीवरी में देरी हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। दिलचस्प बात यह है कि मोदी सरकार एक तरफ तो किसी तरह का संकट होने की बात से ही इनकार कर रही है, वहीं दूसरी ओर वे यह भी कह रहे हैं कि, जिस तरह भारत से कोरोना महामारी के चलते पैदा हुए संकट से उबरा था, उसी तरह एलपीजी के संकट से भी उबर जाएगा। सवाल है कि जब आप संकट मान ही नहीं रहे हैं तो फिर किस संकट से उबरने की बात कर रहे हैं?



सवाल यह भी है कि अगर सब कुछ ठीक है, गैस सिलेंडरों की कमी नहीं है और आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से सुचारू रूप से काम कर रही है तो सुप्रीम कोर्ट की कैंटीन में मेन कोर्स का खाना बनना क्यों बंद हो गया? अयोध्या में चलने वाली राम रसोई क्यों बंद हुई, जहां 25 हजार तीर्थयात्री प्रतिदिन निशुल्क भोजन करते हैं? स्वयं मोदी के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के अन्नपूर्णा मंदिर में 35 साल से तीर्थयात्रियों के लिए चल रही रसोई क्यों बंद है? भारतीय रेलवे अपनी कैटरिंग सर्विस क्यों सीमित करने की तैयारी कर रहा है? जमीनी हकीकत यह है कि देशभर में सिलेंडर की कमी दिख रही है। खान पान का कारोबार सीधे तौर पर प्रभावित हुआ है। इन सबके बीच एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग को लेकर एक बार फिर बड़ा बदलाव किया गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के अनुसार अब जिनके यहां दो एलपीजी सिलेंडर हैं, उन्हें 35 दिन बाद गैस सिलेंडर की बुकिंग दी जाएगी। हालांकि सिंगल सिलेंडर वालों के लिए बुकिंग की अवधि फिलहाल 25 दिन ही रहेगी। इसके अलावा, उज्जवला योजना वाले उपभोक्ताओं की 45 दिन बाद बुकिंग स्वीकार की जाएगी। कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति शासन के आदेशानुसार सिर्फ आपात सेवाओं और शिक्षण संस्थानों के लिए की जा रही है।

आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो 2014 तक देश में केवल 14 करोड़ एलपीजी कनेक्शन थे, जो अब दोगुने से भी अधिक बढ़कर 33 करोड़ हो गए हैं। भारत सरकार ने ÷उज्ज्वला÷ या ÷प्रकाश÷ स्वच्छ ऊर्जा योजना को बढ़ावा दिया है, जिसके तहत गरीब परिवारों को 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। बढ़ती जरूरतों के लिहाज से पिछले एक दशक में सरकार ने एलपीजी बॉटलिंग क्षमता को दोगुना कर दिया है, जबकि वितरण केंद्रों की संख्या 13,000 से बढ़कर 25,000 हो गई है। भारत ने पिछले 11 साल में अपनी क्रूड ऑयल इम्पोर्ट का डाइवर्सिफिकेशन किया है। पहले 27 देशों से एनर्जी इम्पोर्ट होता था, आज 41 देशों से इम्पोर्ट हो रहा है। वैश्विक संकट के आर्थिक असर को देखते हुए पीएम मोदी ने राज्यसभा में बताया कि भारत सरकार ने 7 नए एम्पावर्ड ग्रुप्स का गठन किया है। ये ग्रुप पेट्रोल, डीजल, गैस और सप्लाई चेन जैसी चुनौतियों पर 24 घंटे नजर रखेंगे। गैस संकट से उपजी स्थिति का फायदा उठाते हुए कुछ बेईमान तत्व सिलेंडरों को काला बाजार में बेच रहे हैं, जिससे आम आदमी पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देश भर में लगातार छापेमारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में अब तक 3500 से ज्यादा छापे मारे गए हैं और करीब 1400 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। तेल कंपनियों के अधिकारियों ने 2000 से ज्यादा पेट्रोल पंप और एलपीजी एजेंसियों पर अचानक जांच भी की है, ताकि सप्लाई सुचारू बनी रहे और किसी तरह की गड़बड़ी न हो। हाल ही में सोशल मीडिया और कुछ खबरों में यह दावा किया जा रहा था कि सरकार 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर को घटाकर 10 किलो करने वाली है। ऐसे में आम लोगों में चिंता बढ़ गई थी। लेकिन अब इस पर सरकार ने साफ-साफ स्थिति स्पष्ट कर दी है और इन सभी खबरों को अफवाह बताया है।

दरअसल भारत में रसोई गैस सिलेंडर की समस्या आज की नहीं है। पहले की सरकारों के समय भी यह समस्या रही है। इस समस्या की मूल वजह है सरकार के पास गैस भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था न होना। चूंकि गैस का भंडारण महंगा पड़ता है, इसलिए भारत ने खुद को लगातार आपूर्ति पर ही निर्भर बनाए रखा। मौजूदा सरकार ने भी गैस के भंडारण की समुचित व्यवस्था करने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया। मोदी की सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त में रसोई गैस के कनेक्शन बांटने शुरू किए और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने का अभियान शुरू किया तो उसके हिसाब से एलपीजी के भंडारण की व्यवस्था भी करनी चाहिए थी और आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर करना चाहिए था। साथ ही आयात पर निर्भरता कम करनी चाहिए थी और अपना उत्पादन बढ़ाना चाहिए था। भारत की समस्या सिर्फ युद्ध के चलते आयात प्रभावित और खाड़ी के देशों में उत्पादन कम होने से नहीं है। भारत की असली समस्या यह है कि देश में एलपीजी के भंडारण की सुविधा बहुत मामूली है। भारत में हर दिन 80 हजार टन एलजीपी की आवश्यकता है परन्तु भारत की भंडारण क्षमता सिर्फ डेढ़ लाख टन है। यानी दो दिन की जरूरत के बराबर एलपीजी का भंडारण भारत में है। भारत मे सिर्फ दो ही जगह भंडारण की सुविधा है।

# भारतीय रुपया ऐतिहासिक निचले स्तर पर

वर्तमान परिदृश्य में तीन प्रमुख कारण सामने आते हैं पहला, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, जिससे डॉलर की मांग बढ़ी। दूसरा, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा भारतीय बाजार से भारी निकासी, जिससे डॉलर की मांग और बढ़ी।तीसरा, वैश्विक अनिश्चितता के कारण निवेशकों का सेफ हेवन यानी सुरक्षित निवेश विकल्पों जैसे अमेरिकी डॉलर की ओर झुकाव।रुपये की गिरावट का अर्थ यह नहीं है कि अर्थव्यवस्था पूरी तरह कमजोर है, बल्कि यह वैश्विक परिस्थितियों का प्रतिबिंब भी है।

वैश्विक स्तरपर 23 मार्च 2026 भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण और चिंताजनक दिन के रूप में दर्ज हो गया। इस दिन भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.05 के ऐतिहासिक निचले स्तर के करीब पहुंच गया,जबकि शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई।सेंसेक्स 1800 अंकों से अधिक टूटकर 72,600 के आसपास बंद हुआ और निफ्टी 600 अंकों की गिरावट के साथ 22,500 के नीचे आ गया। इस गिरावट से निवेशकों के लगभग 14-15 लाख करोड़ रुपये डूब गए, जो केवल आंकड़ों का खेल नहीं बल्कि


किशन भावनानी

आर्थिक मनोविज्ञान, वैश्विक राजनीति और वित्तीय अस्थिरता का प्रतिबिंब है।यह घटना केवल भारत तक सीमित नहीं है,बल्कि इसकेपीछे पश्चिम एशिया में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष की स्थिति,कच्चे तेल कीकीमतों में उछाल और वैश्विक पूंजी प्रवाह में बदलाव जैसे कई कारक शामिल हैं। इस पूरे परिदृश्य को समझने के लिए हमें आर्थिक,राजनीतिक और वैश्विक परिप्रेक्ष्य को एक साथ जोड़कर देखना होगा, जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ के रूप में करेंगे। 23 मार्च 2026 को संसद में प्रधानमंत्री ने इस पूरे संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे एक वैश्विक समस्या बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल एक क्षेत्रीय युद्ध नहीं बल्कि वैश्विक आर्थिक संकट का रूप ले सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत के आर्थिक मूल सिद्धांत मजबूत हैं और देश इस संकट से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि भारत के पास 5.3 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार है, जो आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में सुरक्षा कवच का काम करेगा।इसके अलावा,कोयले का पर्याप्त स्टॉक और ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत भी भारत की मजबूती को दर्शाते हैं। उन्होंने कूटनीति और बातचीत के माध्यम से संकट के समाधान पर जोर दिया और खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा को सर्वोच्च सटीक प्राथमिकता बताया।

साथियों बात अगर हम रुपये में गिरावट-कारण प्रक्रिया और प्रभाव को समझने की करें तो,भारतीय रुपये का 94.05 प्रति डॉलर तक गिरना एक सामान्य उतार-चढ़ाव नहीं बल्कि एक संरचनात्मक दबाव का संकेत है। रुपया क्यों गिरता है, इसे सरल शब्दों में समझें तो यह मांग और आपूर्ति का खेल है।जब भारत को अधिक डॉलर की जरूरत होती है,जैसे तेल खरीदने के लिए, तो वह रुपये बेचकर डॉलर खरीदता है। यदि डॉलर की मांग बढ़ जाती है और आपूर्ति कम होती है, तो डॉलर महंगा हो जाता है और रुपया कमजोर हो जाता है। वर्तमान परिदृश्य में तीन प्रमुख कारण सामने आते हैं पहला, कच्चे




तेल की कीमतों में वृद्धि, जिससे डॉलर की मांग बढ़ी। दूसरा, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा भारतीय बाजार से भारी निकासी, जिससे डॉलर की मांग और बढ़ी।तीसरा, वैश्विक अनिश्चितता के कारण निवेशकों का सेफ हेवन यानी सुरक्षित निवेश विकल्पों जैसे अमेरिकी डॉलर की ओर झुकाव।रुपये की गिरावट का अर्थ यह नहीं है कि अर्थव्यवस्था पूरी तरह कमजोर है, बल्कि यह वैश्विक परिस्थितियों का प्रतिबिंब भी है। फिर भी इसके प्रभाव गंभीर होते हैं आयात महंगा, विदेशी शिक्षा और यात्रा महंगी, कंपनियों के लिए कर्ज चुकाना कठिन और महंगाई पर अत्यंत दबाव पड़ेगा।

साथियों बात अगर हम शेयर बाजार में गिरावट : निवेशकों का भरोसा डगमगाया इसको समझने की करें तो, रुपये की गिरावट के साथ-साथ शेयर बाजार में आई भारी गिरावट इस बात का संकेत है कि निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ है। सेंसेक्स और निफ्टी में आई गिरावट केवल तकनीकी कारणों से नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक कारणों से भी जुड़ी होती है।जब वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बढ़ती है, तो निवेशक जोखिम भरे बाजारों से पैसा निकालकर सुरक्षित विकल्पों की ओर जाते हैं। यही कारण है कि विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से बड़े पैमाने पर पैसा निकाला।इस बिकवाली का सबसे अधिक असर बैंकिंग,टेक्नोलॉजी और मिडकैप शेयरों पर पड़ा। बैंकिंग सेक्टर इसलिए प्रभावित हुआ क्योंकि बढ़ती ब्याज दरों और आर्थिक अनिश्चितता से ऋण जोखिम बढ़ता है। टेक सेक्टर इसलिए प्रभावित हुआ क्योंकि यह वैश्विक मांग पर निर्भर करता है।

साथियों बात अगर हम पश्चिम एशिया संकट : वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन पर असर इसको समझने की करें तो, पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) लंबे समय से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र रहा है। यहां किसी भी प्रकार का सैन्य या राजनीतिक तनाव सीधे तेल और गैस की कीमतों को प्रभावित करता है। वर्तमान में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष ने इस क्षेत्र को एक बार फिर अस्थिरता के केंद्र में ला दिया है।तेल बाजार में अनिश्चितता के कारण ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं।भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है, के लिए यह स्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। जब तेल महंग होता है,तो इसका सीधा असर देश के आयात बिल,चालू खाता घाटा और मुद्रास्फीति पर पड़ता है।यह केवल आर्थिक गणित नहीं है, बल्कि एक श्रृंखलाबद्ध प्रभाव है।महंगा तेल, महंगा परिवहन, महंगी वस्तुएं, बढ़ती महंगाई घटती क्रय शक्ति बहुत अधिक धीमी आर्थिक वृद्धि।

साथियों बात अगर हम महंगाई और आम आदमी पर असर : अदृश्य संकट को समझने की करें तो,रुपये की गिरावट और तेल की कीमतों में वृद्धि का सबसे बड़ा असर आम आदमी पर पड़ता है। जब रुपया कमजोर होता है, तो आयातित वस्तुएं महंगी हो जाती हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ती हैं, जिससे परिवहन महंगा होता है और अंततः हर वस्तु की कीमत बढ़ जाती है।यह महंगाई केवल आर्थिक आंकड़ा नहीं बल्कि सामाजिक प्रभाव भी है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति घटती है, बचत कम होती है और जीवन स्तर प्रभावित होता है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक बाजारों की प्रतिक्रिया : एशिया से अमेरिका तक असर को समझने की करें तो यह संकट केवल भारत तक सीमित नहीं रहा। जापान, दक्षिण कोरिया सहित एशियाई बाजारों में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। इसका कारण यह है कि वैश्विक बाजार आपस में जुड़े हुए हैं।जब अमेरिका और ईरान जैसे बड़े खिलाड़ी आमने-सामने होते हैं, तो निवेशकों में डर फैलता है। यह डर केवल युद्ध का नहीं बल्कि उसके आर्थिक प्रभाव का होता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

# सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जनपद में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान एवं व्यापारिक गतिविधियों को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे व्यापारिक गतिविधियां निर्बाध रूप से संचालित होती रहें और व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के दौरान व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को रखा

■ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित

गया। इस क्रम में रेलवे क्रॉसिंग देवरिया के समीप जाम की समस्या, बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याएं सहित अन्य मुद्दे भी उठाए गए।

जिलाधिकारी ने इन बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए नियमानुसार त्वरित निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा व्यापारियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं तथा विभिन्न विभागों को इस संबंध में सक्रिय एवं उत्तरदायी भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बैठक में पूर्व में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण की स्थिति की संक्षिप्त समीक्षा भी की गई तथा लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अनाथ बच्चों के लिए खुला शिक्षा का द्वार, लवकुश की सराहनीय पहल

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए भानुमती छोटेलाल इंटर कॉलेज, थरियांव ने समाज के सबसे जरूरतमंद वर्ग–अनाथ बच्चों–के लिए अपने द्वार पूरी तरह खोल दिए हैं। नए शिक्षा सत्र के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक लवकुश यादव ने ऐसी घोषणा की है, जो शिक्षा के साथ-साथ मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी बेहतरीन उदाहरण पेश करती है।

प्रबंधक लवकुश यादव ने बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं, उनकी पढ़ाई में आर्थिक अभाव आड़े नहीं आएगा। ऐसे सभी बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च विद्यालय उठाएगा। इसमें प्रवेश शुल्क, मासिक फीस, कॉपी-किताबें, यूनिफॉर्म के साथ रहने और खाने की संपूर्ण व्यवस्था शामिल है, ताकि बच्चे बिना किसी चिंता के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता में से किसी एक का निधन हो चुका है, उनके लिए भी विशेष राहत दी जाएगी।

■ भानुमती छोटेलाल इंटर कॉलेज में मुफ्त शिक्षा, रहने-खाने तक की व्यवस्था, जरूरतमंदों के लिए बनी मिसाल



ऐसे विद्यार्थियों की आधी फीस माफ की जाएगी, जिससे वे भी शिक्षा से वंचित न रहें और अपने भविष्य को संवार सकें। विद्यालय पहले से ही सामाजिक सरोकारों में सक्रिय रहा है। प्रबंधक के अनुसार, पिछले शिक्षा सत्र में करीब 150 छात्रों की आधी फीस माफ की गई थी, जबकि लगभग 25 बच्चों की पूरी शिक्षा और अन्य खर्च विद्यालय द्वारा वहन किया गया। यह आंकड़े इस पहल की गंभीरता और निरंतरता को दर्शाते हैं। लवकुश यादव ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन बच्चों को सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य देना है।

# बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाएं : विवेकानंद

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस लाइन देवरिया के प्रेक्षागृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक समीक्षा बैठक (माह-मार्च 2026) का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी स्वास्थ्य विभाग डॉ. संजय गुप्ता ने की, जबकि संचालन जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने किया।

बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जय प्रकाश तिवारी ने 27 नवंबर से 8 मार्च तक चले 'बाल विवाह मुक्त भारत' राष्ट्रीय अभियान की सफलता की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कराने पर दोषियों को दो वर्ष की सजा एवं एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। साथ ही बाल विवाह में शामिल अन्य व्यक्तियों के खिलाफ भी



■ पुलिस लाइन देवरिया में एसजेपीयू की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

कार्रवाई का प्रावधान है। बैठक में पॉक्सो मामलों में पीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराने हेतु सपोर्ट पर्सन की भूमिका और जिम्मेदारियों पर भी प्रकाश डाला गया। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य ब्रजेश नाथ तिवारी ने विधि विरुद्ध बालकों को प्रस्तुत करते समय सोशल बैकग्राउंड रिपोर्ट संलग्न करने की आवश्यकता बताई।

बाल कल्याण समिति के सदस्य विवेकानंद ने बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने पर जोर दिया। वहीं श्रम विभाग के पंकज मिश्रा ने बाल श्रम उन्मूलन और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक नीतू भारती एवं मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल ने महिलाओं एवं बालिकाओं को मिलने वाली सुविधाओं और सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। सपोर्ट पर्सन विभा पाण्डेय ने अपने दायित्वों एवं कार्यों की जानकारी साझा की। बैठक में डॉ. संजय गुप्ता ने मेडिकल परीक्षण और आयु निर्धारण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त मुख्य विधिक रक्षा अधिवक्ता दीपक कुमार तिवारी, डिप्टी लीगल डिफेंस काउंसिल ओमप्रकाश, उप निरीक्षक गोविंद सिंह, आरक्षी आकाश सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी अनुराधा राज, महिला कल्याण विभाग के अरविंद यादव सहित सभी थानों के नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रत्येक विकास खंड से दो ग्राम प्रधान सम्मानित, स्वरोजगार को बढ़ावा



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** देवरिया वित्तीय वर्ष 2025-26 में खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु जनपद के प्रत्येक विकास खंड से 02 ग्राम प्रधानों को जनपद स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक खादी एवं ग्रामोद्योग इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करना रहा।

जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी वीरेन्द्र प्रसाद ने कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं–मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, पीएमईजीपी, पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना, माटीकला योजना, कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना तथा माइक्रो कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापना–की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा प्रत्येक चयनित ग्राम प्रधान को 2000 रुपये की नगद धनराशि, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**फतेहपुर।** अमर शहीद पत्रकार शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर जिला पत्रकार संघ (रजि.) एवं गंगा बचाओ सेवा समिति के तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल ने किया। इसी कड़ी में साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थी चौराहे पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसके बाद कलेक्ट्रेट स्थित मीडिया सेंटर में एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में पत्रकारों, अधिवक्ताओं, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और समाजसेवियों ने भाग लेकर महान पत्रकार को नमन किया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शैलेंद्र शरण सिंपल ने गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा सत्य और न्याय के लिए संघर्ष किया।

# गहरी चेतना ही इतिहास रचती है: प्रो. केशव

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय आंदोलन में गाजीपुर के हाशिए पर रहे वर्गों की भूमिका और उनके अप्रतिम योगदान को रेखांकित करते हुए बुधवार को स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी और अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

यूपी राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ और महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े दुर्लभ दस्तावेज प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं बीएचयू के पूर्व इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. केशव मिश्रा ने कहा कि इतिहास केवल रटने का विषय नहीं, बल्कि वर्तमान को समझने और परिवर्तन की चेतना जगाने का माध्यम है। उन्होंने बिरसा मुंडा का उदाहरण देते हुए कहा कि अधिकारों की गहरी चेतना ही इतिहास रचती है। विशिष्ट वक्ता इतिहासकार डॉ. उबैदुर्रहमान सिद्दीकी ने कहा कि गाजीपुर कभी पिछड़ा नहीं रहा,



■ गाजीपुर में ऐतिहासिक अभिलेखों पर लगी प्रदर्शनी
■ गुमनाम नायकों को नमन

बल्कि यह ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक दृष्टि से समृद्ध और नेतृत्वकारी जनपद रहा है। उन्होंने बताया कि 1857 की क्रांति में यहां का विद्रोह इतना उग्र था कि खौफ़ज़दा अंग्रेजों ने जिले को तीन हिस्सों में बाँट दिया था।

उन्होंने कहा कि आज़ादी की असली नींव उच्च वर्ग ने नहीं, बल्कि नाई, जुलाहे, पासी और कहार जैसे सबाल्टर्न तबकों के गुमनाम नायकों ने रखी थी। गाजीपुर के लगभग 700 गुमनाम सेनानियों ने अंडमान की जेलों में 'काला पानी' की सजा काटते हुए अपनी कुर्बानी दी थी। प्रयागराज से आए सेवानिवृत्त बन्दोबस्त अधिकारी दयानंद सिंह चौहान ने जिले के राजस्व इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1817 में गाजीपुर एक स्वतंत्र जिले के रूप में अस्तित्व में आया, जिसके पहले कलेक्टर रॉबर्ट बार्लो थे। प्रारंभ में इसका दायरा आजमगढ़ और बलिया तक विस्तृत था। वसंत कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, बीएचयू के डॉ. शशिकेश गौड़ ने 'उपाश्रयी इतिहास लेखन' (सबाल्टर्न हिस्टोरियोग्राफी) पर बल देते हुए कहा कि यह विमर्श उन उपेक्षित वर्गों की भूमिका को सामने लाता है जिन्हें इतिहास से बाहर कर दिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटन के विकास के लिए एक करोड़ की धनराशि मंजूर

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** विधायक विनोद चतुर्वेदी के प्रयासों से 220 कालपी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संदी में स्थित प्राचीन पातालेश्वर मंदिर के पर्यटन विकास हेतु उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा गठित स्टीमेट की धनराशि 1 करोड़ रुपए की वित्तीय वर्ष 2025 -2026 में शासन के द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय मंजूरी प्रदान की गई है। जल्द ही कार्यदाई संस्था के द्वारा निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उत्तर प्रदेश शासन के अनुसचिव सर्वेश कुमार सिंह ने द्वारा उत्तर प्रदेश के पर्यटन महानिदेशक को प्रेषित पत्र में अवगत कराया है कि तहसील कालपी के कदौरा ब्लॉक के ग्राम संदी में प्राचीन पातालेश्वर मंदिर के पर्यटन के विकास के लिए एक करोड़ 27 हजार रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।



### पत्रकार मनोज त्रिपाठी के छोटे बाबा का हुआ निधन

**रुद्रपुर, देवरिया (अवधनामा संवाददाता)।** हमारे छोटे बाबा राधेश्याम तिवारी का निधन हो गया है वो रेलवे से सेवानिवृत थे उनका कुछ दिनों से तबियत खराब चल रहा था आज रात तड़के उनका निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को बरहज घाट पर अंतिम संस्कार किया गया, उनके बड़े बेटे हरेराम तिवारी ने मुखाग्नि दिए और उनके छोटे बेटे मनीष तिवारी फौज में कार्यरत है। इस सूचना पर वह दिल्ली से अपने पैतृक गांव जमीरा पहुंचे उसके बाद उनका अंतिम संस्कार बरहज घाट पर किया गया उन्होंने अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बाबा राधेश्याम तिवारी एक मृदुल भाषी व्यक्ति थे तथा सामाजिक कार्यक्रमों में चढ़ बढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन पर पूर्व प्रधान श्याम देव, ग्राम प्रधान राजन यदव, बृजेश तिवारी, कपिलदेव तिवारी, मनमोहन शरण तिवारी, दीनानाथ यादव, ऋषिकेश मणि त्रिपाठी और भाजपा नेता दिनेश तिवारी आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।



# वित्त विधेयक देश की अर्थव्यवस्था तय करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेद: डॉ विनोद

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट को पटल पर रखने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद ने लोकसभा सदन में कहा कि वित्त विधयक केवल करो का प्रावधान नही होता है बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता, जबाबदेही और देश की अर्थव्यवस्था तय करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेद होता है। कहा कि वित्त विधेयक यह तय करता है कि कर प्रणाली कितनी सरल होगी और बढ़ा हुआ आएगा तो गरीब के कल्याण के लिए विकास होगा। डॉ बिंद ने कहा कि 2014 से पहले जो कर प्रणाली थी वह जटिल और तरह तरह के नियम थे और साथ ही भ्रष्टाचार की लंबी श्रृंखला थी जिससे व्यापारी उद्योगपति के साथ ही आम जनता भी परेशान थी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने जटिल प्रक्रिया को



गुड एंड सिंपल टैक्स में चेंज कर दिया। और जबसे जीएसटी लागू हुआ पूरा देश वन टैक्स वन नेशन वन मार्किट लागू हो गया जो व्यापारियों के लिए आसान हो गया । हमारा जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। कहा कि जब मोदी जी देश की कमान संभाले तो देश की दशा और दिशा ठीक नही था और आगे ले जाना बहुत मुश्किल था। लेकिन कहा गया है कि वह पथ क्या पथ कुशलता का जिस पथ में विषय शूल ना हो नाविक की धैर्य कुशलता क्या जो धाराओं के प्रतिकूल ना हो। कहा कि एक तपस्वी का संकल्प जब राष्ट्र की शक्ति बन जाता है तब इतिहास

■ हमारा जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ तक पहुंचा

लिखा जाता है और वह इतिहास लिखने का काम हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया। आज हमारे देश की इकोनॉमी चार ट्रिलियन के साथ दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था है और मोदी की इसी तरह योजनाएं चलती रही तो 2 से 3 वर्षो में हमारा देश दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। उन्होंने अंत मे अपने क्षेत्र की समस्याओं को पटल पर रखा कि हमारा क्षेत्र कारपोरेट सिटी होने के बाबजूद भी कई स्टेशनों पर ट्रेनें नही रुकती है जिससे वहां के उद्योग धंधों पर प्रभाव पड़ता है जिसे संज्ञान में लेकर महत्वपूर्ण ट्रैन रुकवाने का अनुरोध किया। वही जिले में कोई मेडिकल कॉलेज नही है और हंडिया पॉलिटेक्निक को अपग्रेड करके आईआईटी करने का संज्ञान में लेने अनुरोध किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 193 जोड़ों ने रचाई शादी

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** महेवा तथा कदौरा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन धूमधाम पूर्वक किया गया। 193 जोड़े शादी के बंधन में बन गए। जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने नव विवाहित जोड़ों को मंगलमय जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ब्लॉक कदौरा एवं नगर पंचायत कदौरा का मुख्यमंत्री सामुदायिक विवाह समारोह वीर सिंह इंटर कॉलेज बबीना थाना क्षेत्र कदौरा में आयोजित हुआ। इसमें नगर पंचायत कदौरा क्षेत्र के 5 जोड़ो तथा ब्लॉक ग्रामीण क्षेत्र कदौरा के 129 जोड़ा का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। समारोह में प्रमुख रूप से विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह समेत अधिकारियों तथा




जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी, कुल 134 वर वधू जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। समारोह में पांच मुस्लिम,129 हिंदू0 जोड़े थे। इसी क्रम में गुलजारीलाल इंटर कॉलेज महेवा के परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी की मौजूदगी में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में 59 जोड़ों का विवाह आयोजित किया गया। समारोह में भारी संख्या में वर एवं वधू पक्ष के लोगों ने हिस्सा लिया। नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दे करके खुशहाल जिंदगी कामना की गई।

# कॉटन के गोदाम में भीषण आग लगने से लाखों का सामान जला

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** कालपी नगर के मोहल्ला टरननगंज बाजार के करीब स्थित काटन चिंदी गूदड़ के गोदाम में अज्ञात कारणों से भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंम्प मच गया।4 दमकल वाहनों के माध्यम से पानी का छिड़काव करके कर्मचारियों ने घंटों के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक टरनंनगंज बाजार के निकट व्यापारी राहुल कोस्टा पुत्र घासीराम निवासी मोहल्ला राम चबूतरा का गोदाम स्थापित है। इस गोदाम में कॉटन चिंदी रख मैटेरियल का भंडारण किया जाता है। राहुल कोस्टा कालपी की कागज उत्पादन की फैक्ट्रीयों में रॉ मटेरियल की सप्लाई करते रहते हैं। मंगलवार को गोदाम में आग सुलगने लगी देखते-देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। खबर पाकर जनपद के अग्निशमन विभाग के क्षेत्राधिकारी ए




■ भवन हुआ क्षतिग्रस्त

के सिंह दमकल वाहनों तथा कर्मचारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। कर्मचारियों ने दमकल वाहन के माध्यम से पानी के छिड़काव करके आंग पर काबू पाया। आग की विभीषिका को देखकर सीएफओ सिंह ने उरई से दो तथा कानपुर देहात से एक दमकल वाहनों को मौके पर बुला लिया। घटना स्थल पर चार-चार गाड़ियों के द्वारा आग पर काबू पाने में सफलता हासिल की गयी।अज्ञात कारणों के चलते लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। पूरा गोदाम जलकर हुआ खाक हो गया।

आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उसकी गर्मी तथा धमक से गोदाम की बाउंड्री व टीन शेड व छत भरभरा कर गिर गई। आसपास के लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए आग पर काबू पाने का लगातार प्रयास किया और बड़ी मशक्कत के बाद स्थिति को संभालने की कोशिश की। आस-पास के क्षेत्रों में काफ़ी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। अग्निशमन विभाग के क्षेत्राधिकारी ए के सिंह ने आग बुझाने के दौरान कर्मचारियों की टीम का नेतृत्व किया।

# मेदांता वाराणसी के केंद्र में 400 बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित करेगी

अवधनामा संवाददाता

**गुरुग्राम।** ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड (एनएसई : मेदांता, बीएसई: 543654) उत्तर और पूर्वी भारत के सबसे बड़े निजी बहु-विशेषज्ञता तृतीयक देखभाल प्रदाताओं में से एक, मेदांता ने आज वाराणसी के मध्य में 400 बिस्तरों वाला बहु-विशेषज्ञता अस्पताल स्थापित करने की अपनी योजना की घोषणा की। निदेशक मंडल ने आज हुई अपनी बैठक में वाराणसी में अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना के लिए श्रीपाल हॉस्पिटैलिटी और अन्य के साथ निर्मित-उपयुक्त और साथ व्यवस्था में प्रवेश करने के लिए निश्चित समझौतों पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी।

निदेशक मंडल ने आज आयोजित अपनी बैठक में, श्रिपाल हॉस्पिटैलिटी और अन्य के साथ एक बिल्ट-टू-सूट और लीज़ व्यवस्था में प्रवेश करने हेतु निश्चित समझौतों के निष्पादन को मंजूरी दी, जिसके तहत वाराणसी में एक

■ उत्तर प्रदेश में उपस्थिति और होगी मजबूत

अत्याधुनिक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित किया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत, अस्पताल की सिविल अवसंरचना का विकास साझेदार द्वारा मेदांता के विनिर्देशों के अनुसार किया जाएगा, जबकि मेदांता आंतरिक सेवाओं, फिट-आउट्स और चिकित्सा उपकरणों में निवेश करेगा। मेदांता द्वारा कुल निवेश लगभग 550 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। प्रस्तावित अस्पताल वाराणसी के केंद्रीय क्षेत्र में रणनीतिक रूप से स्थित फ्रीहोल्ड भूमि पर विकसित किया जाएगा और इसके शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में 40 लाख से अधिक की आबादी को सेवाएं देने की अपेक्षा है। यह अस्पताल विश्वस्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञता, अत्याधुनिक तकनीक और व्यापक मल्टी-स्पेशियलिटी सेवाओं के संयोजन के माध्यम से उन्नत क्लिनिकल देखभाल प्रदान करेगा।

# ग्रामीण विकास : योजना के तहत 1500 परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का लक्ष्य

अवधनामा संवाददाता

**चंदौली।** एचडीएफसी बैंक ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल परिवर्तन के अंतर्गत समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम अर्पण सेवा संस्थान के सहयोग से आकांक्षी जनपद चंदौली के विकासखंड चकिया के 12 चयनित गांवों में संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी चंद्रमोहन गर्ग और मुख्य विकास अधिकारी आर जगत साई ने दीप प्रज्वलित कर किया।

जिलाधिकारी चंद्रमोहन गर्ग ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी समग्र ग्राम विकास योजना के तहत इस योजना के जरिए करीब 1500 परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और कृषि के क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए जाएंगे। गांवों में स्थित सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आधारभूत ढांचे को



■ चकिया के 12 चयनित गांवों में संचालित किया जाएगा

मजबूत कर इसे अत्याधुनिक बनाया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं, स्थानीय प्राथमिक विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा और स्मार्ट स्कूल व स्मार्ट आंगनवाड़ी की भी स्थापना की जाएगी। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर पार्टनर अर्पण सेवा संस्थान ने के सीईओ ने बताया कि इन चयनित गांवों में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी आय बढ़ाने पर विशेष फोकस किया जाएगा। इसके लिए 7000 हेक्टेयर भूमि पर कैश क्रॉप को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसमें फूलों और फलों की खेती, मत्स्य पालन और पशुपालन शामिल हैं। इसके अलावा, किसानों को सिंचाई के बेहतर साधन उपलब्ध कराने के लिए सोलर पंप लगाए जाएंगे और इरिगेशन सिस्टम को मजबूत किया जाएगा। परियोजना की अवधि 3 वर्ष तय की गई है, जिसके दौरान क्षेत्र में समग्र विकास सुनिश्चित करने का प्रयास होगा।

# नाली विवाद में महिला से मारपीट का आरोप

**फतेहपुर।** जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में नाली के पानी को लेकर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़िता महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। साथ ही स्थानीय पुलिस पर भी कार्रवाई न करने और दबाव बनाने की शिकायत की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके घर का पानी नाली के जरिए बाहर निकलता है। आरोप है कि 23 मार्च 2026 की रात करीब 8 बजे जब वह नाली साफ कर रही थी, तभी पड़ोसी पक्ष ने जबरन नाली बंद कर दी और उसकी जगह शौचालय का निर्माण कर लिया। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर पड़ोसी महिला आशा देवी, उसके परिजन अनु व अनिकेत समेत अन्य लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर पहुंचे अन्य लोगों के साथ भी अभद्रता की गई। पीड़िता का कहना है कि उसे गंभीर रूप से पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई।

# हेलमेट केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जीवन ज्योति चंद्र कमल अकादमी, कालपी रोड, उरई की ओर से यातायात की टीम के साथ शहीद भगत सिंह चौराहे पर एक विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोत्तरी को कम करना तथा हेलमेट पहनने के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर सी.ओ. यातायात राजीव कुमार शर्मा जी साथ में प्रभारी यातायात वीर बहादुर सिंह जी मय यातायात टीम के उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया तथा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया तथा साथ में जागरूक करते हुए पम्पलेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 50



हेलमेट वितरित किए गए। उपस्थित अधिकारियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा लोगों को यह संदेश दिया गया कि हेलमेट केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन है। यातायात प्रभारी ने विद्यालय प्रबंधन के साथ बताया कि यह 03 दिवसीय यातायात जागरूकता कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत आगे भी हेलमेट वितरण किया जाएगा तथा अधिक से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा जिससे आमजनमानस अधिक से अधिक जागरूक हो और सड़क दुर्घटनाओं में और कमी लाई जा सके।

# समाज की मजबूती के लिये एकजुटता बेहद जरूरी है: रावेन्द्र

■ खटिक समाज प्रदेश उपाध्यक्ष ने बैठक में आपसी एकता पर बल दिया



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश खटिक समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष रावेंद्र सिंह उर्फ लल्ला भैया ने समाज के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक में एकजुटता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती आपसी एकता और संगठन में ही निहित है।

तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम कुशलपुर्वा में आयोजित बैठक के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रावेंद्र सिंह उर्फ लल्ला भैया ने कहा कि यदि समाज के लोग संगठित रहेंगे तो उनकी समस्याओं का समाधान आसानी से कराया जा सकेगा। उन्होंने सभी लोगों से आपसी मतभेद भुलाकर समाज के हित में मिलकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देना बेहद आवश्यक है।

समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें सही दिशा देने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। बैठक में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए समाज के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज की मजबूती और उन्नति के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

बैठक में जगदीश चंद्र खटिक, रामनिवास, राम औतार, सुगर लाल, सत्यवान, रामरक्षपाल, मुनेश कुमार उर्फपप्पू, सुभाष चंद्र, रामदास, सतीश चंद्र, रामआसरे, अरविंद कुमार, अजय पाल, संजय कुमार, अवधेश, राजीव कुमार, नीरज कुमार, अमर सिंह, विपिन कुमार, चंद्रेश कुमार, जीतू, प्रदीप, भीका सहित समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

# मकान पर कब्जे को लेकर महिला ने अधिकारियों से लगाई गुहार

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के अहरौला थाना के कोतवालीपुर गांव निवासी मनभावती पत्नी स्वर्गीय जगदीश निषाद ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पीड़िता का आरोप है कि पड़ोस की एक महिला उसके घर में जबरदस्ती घुस गई है और उसके मकान पर कब्जा कर रही है। इसके संबंध में पीड़िता द्वारा तहसील से लेकर जिला के उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता अब थक चुकी है उसने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत के चलते मेरे घर पर कब्जा किया जा रहा है।मेरे द्वारा कई बार शिकायती पत्र दिया गया फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई जब भी मैं प्रार्थना पत्र देता हूं मुझे केवल आश्वासन दिया जाता है। इसके अलावा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।मैं जिला और तहसील का चक्कर काटते काटते थक हार चुकी हूं । मेरे सामने अब केवल एक ही विकल्प है मैंने प्रशासनिक अधिकारियों को आज चेतावनी देती हूं कि अगर मेरा घर शीघ्र ही खाली नहीं कराया गया तो मैं 15दिनके बाद तहसील परिसर में मै अपनी बेटी और परिवार सहित आत्मदाह करने को मजबूर हूं। इसके सिवा मेरे पास और कोई रास्ता नहीं है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी अभय राज पाण्डेय ने बताया कि टीम गठित कर जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस ने नकली डियू व सैकड़ों लीटर अवैध शराब नष्ट कराई

■ प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी कराई गई प्रक्रिया

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** न्यायालय के आदेश के अनुपालन एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न मामलों में बरामद की गई करीब 1200 पेटी नकली कोल्ड ड्रिंक और 71 मुकदमों से संबंधित लगभग 630 लीटर कच्ची व देसी शराब को नष्ट कराया गया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा लंबे समय से दर्ज मामलों के तहत जब्त की गई नकली कोल्ड ड्रिंक व अवैध शराब को सुरक्षित रखा गया था। न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद पुलिस ने नियमानुसार इन सभी अवैध पदार्थों को नष्ट करने की प्रक्रिया पूरी की। नष्ट करने की कार्यवाही छिबरामऊ एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी के निर्देश पर नायब तहसीलदार, सीओ सदर अभिषेक प्रताप एवं संयुक्त निदेशक अभियोजन व प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी एवं आबकारी अधिकारी की मौजूदगी में की गई। इस दौरान निरीक्षक चंद्र प्रकाश तिवारी एवं वरिष्ठ उपनिरीक्षक ध्यानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अवैध शराब के सेवन से कई बार जानलेवा घटनाएं भी सामने आती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब निर्माण और नकली उत्पादों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान हेड मोहर्रिर पवन शर्मा, राघवेंद्र सिंह सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# आलू का दाम गिरनें से किसानों को हुआ नुकसान: अभिषेक



**अवधनामा संवाददाता**

■ जय जवान जय किसान लोक शक्ति प्रदेश अध्यक्ष ने उठाई किसानों की

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कन्नौज जनपद के आलू किसानों की समस्याओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि जिले के किसान इस समय अपनी मेहनत का उचित मूल्य न मिलने से बेहद परेशान हैं।

बुधवार को क्षेत्र के ग्राम ऊंचा में जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के अभिषेक मिश्रा ने बताया कि कन्नौज सहित आसपास के क्षेत्रों में आलू की पैदावार इस बार अच्छी हुई है, लेकिन बाजार में दाम गिरने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई किसान अपनी लागत तक नहीं निकाल पा रहे हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम दिलाने के लिए तत्काल प्रभाव से ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही उन्होंने कोल्ड स्टोरेज की मनमानी पर भी रोक लगाने और आलू के समर्थन मूल्य को सुनिश्चित करने की बात कही। अंत में उन्होंने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उनकी उपेक्षा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार को चाहिए कि किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें राहत देने के लिए ठोस नीति बनाकर तत्काल लागू करे। इस दौरान कुलदीप सविता, ध्रुब कुशवाहा, राम मोहन आदि मौजूद रहे।

# यूपी टीईटी की फर्जी वेबसाइट बनाई, एफआईआर दर्ज

**प्रयागराज।** प्रयागराज में ठगों ने यूपीटीईटी के नाम से फर्जी वेबसाइट बना डाली। इस वेबसाइट पर शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से जारी असली नोटिफिकेशन तो पोस्ट किया ही, साथ ही एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक पेमेंट गेटवे व हेल्प डेस्क का लिंक भी डाल दिया। इस मामले में आयोग के उपसचिव की ओर से कर्नलगंज थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। उपसचिव संजय कुमार सिंह की ओर से पुलिस को बताया गया, आयोग की ओर से उप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का विज्ञापन जारी करते हुए इसे अधिकारिक वेबसाइट पर जारी वअपलोड किया गया है। इसमें आवेदन 27 मार्च, 2026 से प्रारम्भ होने की बात कही गई है। किसी व्यक्ति ने उप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 के सम्बन्ध में एक फर्जी वेबसाइट https://uptet2026 .in/ बनाई है। इस पर एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुडने का विकल्प भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही आयोग की अधिकारिक वेबसाइट की तरह ही उप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 की आवेदन प्रक्रिया से सम्बन्धित सभी विकल्प भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं। उपसचिव का कहना है कि यह कृत्य न केवल आयोग की साख को नुकसान पहुंचा सकता है बल्कि आम जनता/अभ्यर्थियों को आर्थिक एवं मानसिक हानि भी पहुंचा सकता है।

# देवरिया में 'जीरो ट्रांसफर' पर सवाल, बड़े बाबू की वर्षों पुरानी तैनाती बनी चर्चा का विषय

■ एक ही जनपद में लंबे समय से तैनाती पर उठे सवाल, विभागीय पारदर्शिता और स्थानांतरण नीति की निष्पक्षता पर लगे आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** जनपद के होमगार्ड विभाग में कार्यरत बड़े बाबू मुन्ना चंद्र कौशिक को लेकर इन दिनों चर्चाएं तेज हो गई हैं। आरोप है कि उन्होंने अपने पूरे सेवा काल में लगभग एक ही जिले में रहकर नौकरी की है, जिससे प्रदेश की स्थानांतरण नीति और जीरो ट्रांसफर व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, मुन्ना चंद्र कौशिक की शुरुआत विभाग में रनर पद से हुई थी। समय के साथ उन्हें पदोन्नति मिलती गई–पहले बाबू और फिर बड़े बाबू के पद तक पहुंचे। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इन सभी पदोन्नतियों के बावजूद उनकी तैनाती लगातार देवरिया जनपद के होमगार्ड कार्यालय में ही बनी रही।

## नियमों पर भारी 'सेटिंग'? बाबू की लंबी तैनाती से मचा हड़कंप

■ स्थानांतरण नीति फेल! एक ही जिले में वर्षों से जमे कर्मचारी पर सवाल ■ देवरिया होमगार्ड विभाग में ट्रांसफर नीति पर सवाल, बड़े बाबू की तैनाती चर्चा में

■ ट्रांसफर नीति बेअसर या 'प्रभाव' का खेल? बड़े बाबू की तैनाती पर उठे सवाल ■विभाग में 'गहरी पकड़' या सिस्टम की कमजोरी? बड़े बाबू पर उठे गंभीर आरोप ■ एक ही जिले में पूरी नौकरी! होमगार्ड विभाग में तैनाती पर घमासान

विभाग के कुछ कर्मचारियों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर आरोप लगाया कि संबंधित कर्मचारी की विभाग में गहरी पकड़ है। उनका कहना है कि वह सेटिंग-गेटिंग में माहिर हैं और इसी प्रभाव के चलते वर्षों से उनका तबादला नहीं हुआ। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की कमी है, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा स्थानांतरण नीति को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका उद्देश्य प्रशासनिक पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। बावजूद इसके, एक ही कर्मचारी का पूरे सेवा काल में गृह जनपद में तैनात रहना इन नियमों की अनदेखी को दर्शाता है।

मामले को लेकर यह आशंका भी जताई जा रही है कि ऐसे प्रभावशाली कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं। कर्मचारियों ने चुनाव आयोग से इस मामले का संज्ञान लेने और निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

अब नजरें इस बात पर टिकी हैं कि संबंधित अधिकारी इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और क्या इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होती है। फिलहाल यह मामला विभाग और प्रशासन दोनों के लिए एक बड़ी चुनौती बनता नजर आ रहा है।

# सीएचसी में 175 मरीजों का परीक्षण बांटी नि:शुल्क दवाइयां



**अवधनामा संवाददाता**

■ समस्या होने पर तुरंत अस्पताल आकर जांच कराएं : डा. नीरज कुमार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के तिर्वा रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को मरीजों की भारी संख्या देखने को मिली। अस्पताल में कुल 175 मरीजों का चिकित्सकों डॉ. शशांक चंद्रा व डा. नीरज कुमार द्वारा परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। बताते चलें कि बदलते मौसम के चलते खांसी, जुकाम, बुखार एवं अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। चिकित्सकों की टीम ने सभी मरीजों का बारीकी से परीक्षण कर उचित परामर्श दिया। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशांक चंद्रा ने बताया कि अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे किसी भी मरीज को परेशानी न हो। डॉ. नीरज कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, साफ-सफाई बनाए रखें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत अस्पताल आकर जांच कराएं। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के चीफ फार्मासिस्ट आशीष स्वरूप, मोनू कुमार व धर्मेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# इंस्टाग्राम शॉपिंग के नाम पर ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

■ देशभर में 27 शिकायतें, 13 बैंक खातों के जरिए चला रहे थे साइबर फ्रॉड



**आज़मगढ़।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर देशभर के लोगों को ठगने वाले संगठित गिरोह का साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गुजरात के अहमदाबाद निवासी एक युवती ने 9 मार्च 2026 को एनसीआरपी पोर्टल पर ऑनलाइन शॉपिंग से जुड़ी ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी क्रम में 24 मार्च को प्रतिबिम्ब पोर्टल पर प्राप्त इनपुट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने कोतवाली क्षेत्र के कोलबाजबहादुर में दबिश दी और मुखबिर की सूचना पर अवन राजभर (22) व प्रियांशू यादव (19) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इंस्टाग्राम पर "Ganga.Hills, Ganga_hills, Ganga cloth, Velside.clothing, Velside_ क्लोथिंग ÷ जैसे नामों से फर्जी शॉपिंग पेज बनाकर आकर्षक विज्ञापन पोस्ट करते थे। इन विज्ञापनों के जरिए ग्राहकों को कम दाम में अच्छे उत्पाद देने का लालच दिया जाता था। जैसे ही कोई उपभोक्ता इन पेजों पर क्लिक करता, उसे व्हाट्सएप बिजनेस नंबर के माध्यम से संपर्क कराया जाता था। आरोपी ग्राहकों को प्रोडक्ट की फोटो और वीडियो भेजकर विश्वास में लेते थे और फिर क्यूआर कोड के माध्यम से एडवांस भुगतान कराने के लिए प्रेरित करते थे। भुगतान मिलते ही या तो सामान भेजा ही नहीं जाता था या फिर बेहद घटिया और बेकार सामान पार्सल कर दिया जाता था। कई मामलों में ग्राहक को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि ठगी से प्राप्त धनराशि पहले आरोपियों के व्यक्तिगत बैंक खातों में मंगाई जाती थी, लेकिन बार-बार संदिग्ध लेन-देन के चलते खाते फ्रीज होने लगे, जिसके बाद उन्होंने अन्य लोगों के खातों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। पुलिस को आरोपियों से जुड़े 13 बैंक खातों की जानकारी मिली है, जिन पर असम, बंगाल, गुजरात और उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से कुल 27 एनसीआरपी शिकायतें दर्ज पाई गई हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 550 रुपये नगद, 13 बैंक पासबुक, एक चेकबुक, पांच एटीएम कार्ड, नौ सिम कार्ड, 30 डमी पार्सल पैकेट तथा पैकेजिंग सामग्री बरामद की है। मोबाइल फोन की जांच में ग्राहकों के साथ की गई चैट, लेन-देन से जुड़े साक्ष्य और फर्जी आईडी से संबंधित अहम डिजिटल प्रमाण भी मिले हैं। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह योजनाबद्ध तरीके से ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड को अंजाम दे रहा था और कम समय में अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से लगातार नए-नए फर्जी पेज बनाकर लोगों को निशाना बना रहा था। मामले में थाना साइबर क्राइम पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं एवं आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रयागराज लिटरेरी फेस्टिवल 28 से

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** नगर की साहित्यिक संस्था 'गुफ़्तगू' द्वारा आगामी 28 और 29 मार्च को 'प्रयागराज लिटरेरी फेस्टिवल- 2026' का आयोजन आर्य कन्या इंटर कॉलेज (अंग्रेज़ी माध्यम) स्थित पिंक हाल में किया जा रहा है। इसमें फिल्मी दुनिया से जहां रज़ा मुराद साहब तशरीफ़ ला रहे हैं, वहीं इलाहाबाद हाईकोर्ट के माननीय न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी, उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक सुदेश शर्मा, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक लालजी शुक्ल, यश मालवीय, डॉ धनंजय चोपड़ा, अनिल कुमार उर्फ़ अन्नू भइया समेत अनेक लोग अलग-अलग सत्रों में भाग ले रहे हैं। यह बात बुधवार को एक पत्रकार वार्ता में गुफ़्तगू संस्था के अध्यक्ष डॉ. इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी ने कही। प्रेस वार्ता में उनके साथ संस्था के सचिव नरेश कुमार महरानी, उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह 'तन्हा', डॉ. एस.एम. अब्बास, हकीम रेशादुल इस्लाम, एडवोकेट शिवाजी यादव और धीरेंद्र सिंह नागा भी मौजूद रहे। सचिव नरेश कुमार महरानी ने बताया कि इन दिनों देशभर के विभिन्न शहरों में लिटरेरी फेस्टिवल का आयोजन हो रहा है। लेकिन, हमारे साहित्यिक प्रयागराज में ऐसा कोई आयोजन नहीं हो रहा। इसे देखते हुए हमारी संस्था 'गुफ़्तगू' ने यह आयोजन करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज का अपना एक ऐतिहासिक महत्व रहा है। कोशिश है कि इस आयोजन के द्वारा अपने शहर के ऐतिहासिक महत्व को पूरे देश में एक बार फिर से रेखांकित कराया जाए।

इस आयोजन के दौरान हम विभिन्न क्षेत्रों में अकबर इलाहाबादी अवार्ड, अदब नवाज़ अवार्ड, डॉ. प्रीतमदास अवार्ड, कुलदीप नैयर अवार्ड, सुभद्रा कुमारी चौहान अवार्ड, कैलाश गौतम अवार्ड, सीमा अपराजिता अवार्ड, डॉ. सुधाकर पांडेय अवार्ड, मिल्खा सिंह अवार्ड, उमेश नारायण शर्मा अवार्ड, पुष्पिता अवार्ड और 'गुफ़्तगू' अवार्ड भी प्रदान करेंगे।

# जन प्रतिनिधियों को सभी विधान सभाओं के बूथों की अद्यतन सूची अविलम्ब उपलब्ध कराया जाए

**अवधनामा संवाददाता**



■ निर्वाचन आयोग की गाइडलाईन के अनुसार एसआईआर की पूरी प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जायेगा : जिलाधिकारी

**आज़मगढ़।** विशेष रोल प्रेक्षक/संयुक्त सचिव, भारत सरकार सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता मे अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर चल रहे विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के दृष्टिगत मण्डल के तीनों जनपद के जनप्रतिनिधियों /पॉलिटिकल पार्टी के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में रोल प्रेक्षक द्वारा आजमगढ मण्डल के समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारियों से फार्म-6, 7 एवं 8 पर प्राप्त दावें एवं आपत्तियों के निस्तारण, नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी श्रेणी के मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई तथा आयोग द्वारा विकसित एन0जी0एस0पी0 पोर्टल पर प्राप्त हुए शिकायतों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी। उसके उपरान्त विशेष रोल प्रेक्षक महोदय द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के शिकायत एवं सुझावों को संज्ञान में लिया। विशेष रोल प्रेक्षक ने कहा कि एसआईआर से संबंधित जन प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सुझावों/शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी गुणवत्तायुक्त निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिया कि जन प्रतिनिधियों को सभी विधान सभाओं के बूथों की अद्यतन सूची अविलम्ब उपलब्ध कराया जाए। उन्होने जन प्रतिनिधियों से कहा कि आने वाले दिनों में यदि किसी भी प्रकार की शिकायत/समस्या आती है तो जिलाधिकारी अथवा हमारे सम्पर्क नम्बर पर सूचना उपलब्ध करा सकते हैं, जिससे कि निर्वाचन आयोग को अवगत कराया जा सके। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने मा0 विशेष रोल प्रेक्षक को आवश्स्त करते हुए कहा कि दिये गये निर्देशों को अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा की गयी शिकायतों/सुझावों को गम्भीरता से लेकर उस पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाईन के अनुसार एसआईआर की पूरी प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जायेगा। बैठक में मण्डल के तीनों जनपदों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा एसआईआर के दौरान की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में विस्तार से बताया।

# श्रेष्ठ इलेवन और सीके रॉयल किंग क्वार्टर फाइनल में

**प्रयागराज।** पूर्व विजेता श्रेष्ठ इलेवन और सीके रॉयल किंग ने प्रीतम नगर रात्रिकालीन टेनिसबाल क्रिकेट प्रतियोगिता में आसान जीत दर्ज कर क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बना ली। सदाबहार क्लब के तत्वावधान में प्रतियोगिता प्रीतम नगर गोकुल आवास स्थित पीला पार्क में चल रही है।

श्रेष्ठ इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पे 49 रन (रविंद्र आनंद 26, मंजी 16, निशांत 2 विकेट, आशुतोष निगम और शिवम शुक्ला एक-एक विकेट) बनाकर और नेक्स्ट टॉपर अकेडमी को 22 रन (निशांत 6 ताहिल 5 और ऐमन सिद्दिकी 2 विकेट आकिब और छोटू एक-एक विकेट) पर आल आउट कर आसानी से मैच जीत कर क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे मैच में सीके रॉयल किंग के 37 रन (राम लाला 15, सूरज सिंह और मोनू 5-5 रन, हरीश बग़ल 3 विकेट, अभिषेक और जीशान एक-एक विकेट) के जवाब में गंगा इलेवन 22 रन (जीशान 8 रन, हरीश बग़ल 5 रन, शुभम यादव 4 विकेट, अनूप 3 विकेट, मनीष एक विकेट) ही बना सकी।

# देवांश का शतक, राहुल राज भी चमके

■ 17वीं न्याज हसन टी -20 क्रिकेट प्रतियोगिता

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब ने 17वीं न्याज हसन कलर ड्रेस टी -20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में विराट स्पोर्ट्स क्लब को 61 रन से और दूसरे मैच में जय सेल्स वारियर्स ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को 19 रन से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। चौधरी क्लब के देवांश पाठक के अतिशी शतक ( 101 रन, 57 गेंद, 13 चौके एवं तीन छक्के ) तो वहीं जय सेल्स टीम के राहुल राज पाल के बहुमुखी खेल ( 51 रन, 34 गेंद, पांच चौके व तीन छक्के एवं 4 - 0 - 38 - 1 ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं।

पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 198 रन ( देवांश पाठक 101, अंशुमान पांडेय 63 नाबाद, आशीष रत्नाम 19 रन, सूर्य प्रकाश सिंह 2/25, सचिन मिश्र 1/29, शिवा मिश्र 1/37 ) पर बनाए। जवाब में विराट स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट पर 137 रन ( दिलीप कुमार 31, सूर्य प्रकाश सिंह 25, शाश्वत प्रताप व धीरज मिश्रा 20 - 20 रन, अंशुमान पांडेय 2/21, हर्षित तिवारी 1/04, मयंक दुबे 1/12, मनु राजा 1/25 ) ही बना सकी। मैच के बाद पूर्व क्रिकेटर गिरधारी मिश्र ने देवांश पाठक को प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में अनूप कुमार शर्मा व राहुल सिंह ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर एवं अंकित पांडेय ने स्कोरिंग की।

दूसरे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जय सेल्स वारियर्स ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 165 रन ( राहुल राज पाल 51, सौरभ प्रताप सिंह 40, सिद्धार्थ मिश्र 25, गौरव पाठक 19 रन, अखिलेश यादव 2/25, सत्यम शुक्ला व मो. हम्माद एक - एक विकेट ) पर बनाए। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज की टीम ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 146 रन ( हिमांशु द्विवेदी 38, सुमित अग्रवाल 36, इमरोज अली 28 नाबाद, विपुल द्विवेदी 12 रन, अश्वनी दुबे 3/19, प्रियांशु यादव 1/22, राहुल राज पाल 1/38 ) ही बना सकी। मैच के बाद कार्तिकेय सरन अपर महाधिवक्ता उत्तरप्रदेश सरकार ने राहुल राज पाल को प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में अनूप कुमार शर्मा व राहुल सिंह ने अंपायरिंग और अंकित पांडेय एवं प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता में आज पहला मैच फाफामऊ क्रिकेट क्लब व आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब के बीच सुबह आठ बजे से और दूसरा मैच चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब व दौलत हुसैन इंटर कॉलेज के बीच दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा।

# शास्त्री ब्रिज से न हटाएं जाली : रजनीकांत

**प्रयागराज।** सामाजिक कार्यकर्ता रजनीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि कुंभ एवं माघ मेले के अवसर पर शास्त्री ब्रिज पर सुरक्षा की दृष्टि से जाली लगाई गई थी। इस जाली का उद्देश्य नागरिकों द्वारा गंदगी फैलाने एवं किसी भी प्रकार की दुर्घटना, विशेषकर कूदने जैसी घटनाओं को रोकना था। प्रशासन की यह पहल जनहित में अत्यंत सराहनीय रही थी। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में उक्त जाली को काटकर हटाया जा रहा है, जिससे आम जनमानस में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है। लाखों रुपये की लागत से कुंभ एवं माघ मेले के दौरान गंगा नदी की सुरक्षा एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई थी, ऐसे में इस प्रकार जाली हटाया जाना गंभीर विषय है। रजनीकांत श्रीवास्तव ने प्रश्न उठाया कि आखिर किसके आदेश पर यह जाली हटाई जा रही है, जिससे आम जनता में भय का वातावरण व्याप्त हो रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से आग्रह किया है कि जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल जाली को हटाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए और उचित निर्णय लिया जाए।

# लक्ष्य सेन करेंगे थॉमस कप में भारतीय पुरुष टीम का नेतृत्व, पीवी सिंधू पर उबर कप की होगी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** भारत ने अगले महीने होने वाले थॉमस कप और उबर कप के लिए भारत की पुरुष और महिला टीमों का एलान कर दिया है। थॉमस कप में लक्ष्य सेन भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे, जबकि उबर कप में पीवी सिंधू पर जिम्मेदारी रहेगी। ऑल इंग्लैंड टूर्नामेंट में उपविजेता रहे लक्ष्य सेन अगले महीने होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष टीम की अगुआई करेंगे, जबकि पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू और उभरती हुई स्टार उन्नति हुड्डा उबर कप में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ ने 2022 में थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली टीम के खिलाड़ियों को काफी हद तक बरकरार रखा है। उसने 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के होर्सेंस में होने वाली प्रतियोगिता के लिए सेन, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय तथा सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को टीम में बनाए रखा है। युवा शटलर आयुष शेट्टी को सीनियर स्तर पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद पहली बार टीम में जगह मिली है। पुरुष टीम में 2022 की खिताब विजेता टीम के सदस्य एमआर अर्जुन की भी वापसी हुई है, जिन्होंने चोट से उबरकर नए खिलाड़ी हरिहरन अमसाकरुनन के साथ युगल टीम में जगह बनाई है। 2022 की युगल टीम के सदस्य ध्रुव कपिला भी टीम का हिस्सा हैं, जबकि किरण जॉर्ज एकल में अतिरिक्त मजबूती प्रदान करेंगे।

उबर कप में 2019 की विश्व चैंपियन सिंधू, शीर्ष युगल जोड़ी गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली के साथ मिलकर भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगी।

भारतीय टीम पिछली बार सेमीफाइनल तक पहुंची थी और उसका लक्ष्य इस बार अपने इस प्रदर्शन में सुधार करना होगा। उन्नति हुडा के साथ देविका सिहाग, इशारानी बरुआ और किशोरी तन्वी शर्मा जैसी युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी टीम में शामिल है। पुरुष- लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी, किदांबी श्रीकांत, एच.एस. प्रणय, किरण जॉर्ज, सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, हरिहरन अम्सकरुनन, एम. आर. अर्जुन, ध्रुव कपिला।

# नौ साल बाद लिवरपूल का साथ छोड़ेंगे फुटबॉलर सालाह क्या मैनेजर स्लॉट से विवाद के बाद लिया फैसला

**लंदन।** सालाह के भविष्य को लेकर अब अटकलों का बाजार गर्म है। कई बड़े यूरोपीय क्लबों के उनसे संपर्क साधने की खबरें आ रही हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह किस क्लब के साथ जाते हैं और क्या वह अपनी पुरानी लय को फिर से हासिल कर पाते हैं। लिवरपूल के लिए, यह एक युग का अंत है और उन्हें अब इस बड़े नुकसान की भरपाई के लिए एक नई रणनीति बनानी होगी।

**घोषणा**

**मिस्र के दिग्गज फुटबॉलर मोहम्मद सालाह ने लिवरपूल फुटबॉल क्लब को छोड़ने की घोषणा कर दी है।**

मिस्र के दिग्गज फुटबॉलर मोहम्मद सालाह ने लिवरपूल फुटबॉल क्लब को छोड़ने की घोषणा कर दी है। इस सीजन के अंत के साथ ही उनका लिवरपूल के साथ कॉन्ट्रैक्ट समाप्त हो जाएगा। उनके कॉन्ट्रैक्ट को रीन्यू नहीं किया जाएगा। इसकी घोषणा उनके साथ ही क्लब ने भी कर दी है। हालांकि, सवाल यह उठ रहे हैं कि सालाह लिवरपूल के अहम स्ट्राइकर माने जाते हैं। इसके बाद ऐसी क्या बात हो गई कि सालाह को उस टीम का साथ छोड़ना पड़ रहा है, जिसको लेकर उन्होंने कभी कहा था कि वह यहीं से रिटायरमेंट तक खेलना चाहते हैं। आइए जानते हैं...

मोहम्मद सालाह ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी। अपने भावुक वीडियो मैसेज में उन्होंने कहा कि वह चाहते थे कि उनके समर्थक यह खबर सीधे उनसे सुनें। उन्होंने इसे अपने फेयरवेल का पहला हिस्सा बताया, जो दर्शाता है कि आने वाले समय में और भी विदाई संदेश सामने आ सकते हैं।



दरअसल, सालाह और लिवरपूल के बीच विवाद की शुरुआत दिसंबर 2025 से हुई। सालाह ने सीधे तौर पर मैनेजर आर्ने स्लॉट पर गंभीर आरोप लगाए। सालाह ने दावा किया कि क्लब ने उन्हें प्लेइंग-11 में मौका न देकर ऐसे अपमानित किया मानो कि बस के नीचे फेंक दिया है। यह बयान तब आया जब सलाह को लगातार तीन मैचों में बेंच पर बैठाया गया था। उन्होंने अपने योगदान को कमतर आंके जाने की बात कही, जिससे टीम के भीतर और सार्वजनिक रूप से एक तनावपूर्ण माहौल बन गया। इससे टीम के मनोबल पर भी असर पड़ा। इस बयान के लगभग तीन महीने बाद सालाह ने टीम छोड़ने का एलान कर दिया। 33 साल के सालाह 2017 में एसएस रोमा से लगभग 50 मिलियन डॉलर में लिवरपूल आए थे। उन्होंने 435 मैचों में 255 गोल किए, जिससे वह क्लब के ऑल-टाइम टॉप स्कोरर्स में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। सालाह ने अपना नाम क्लब के महान खिलाड़ियों में दर्ज करा लिया है। लिवरपूल में अपने नौ साल के करियर के दौरान, सालाह ने टीम को कई ऐतिहासिक सफलताएं दिलाईं। क्लब की प्रीमियर लीग, यूईएफए चैंपियंस लीग, एफए कप, लीग कप, क्लब वर्ल्ड कप और यूईएफए सुपर कप जैसी बड़ी खिताबी जीत में सालाह का अहम योगदान रहा।

व्यक्तिगत उपलब्धियों की बात करें तो सालाह ने चार बार प्रीमियर लीग गोल्डन बूट जीता, जिससे उन्होंने थियरी हेनरी के रिकॉर्ड की बराबरी की।

## बैंकॉक में तीरंदाजी एशिया कपः भारतीय महिला रिकर्व और पुरुष कंपाउंड टीमों का जलवा, जीते कांस्य पदक



**बैंकॉक।** इन कांस्य पदकों से भारतीय तीरंदाजी के भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार हुआ है। यह युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा और देश में तीरंदाजी के खेल को और अधिक बढ़ावा देगा।

भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में बुधवार को दूसरे दिन दो कांस्य पदक जीते जबकि पुरूष रिकर्व और महिला कंपाउंड टीम स्पर्धाओं के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया।

महिला कंपाउंड टीम ने पिछली बार कांस्य जीता था लेकिन इस बार फाइनल खेलकर पदक का रंग बेहतर करेगी। चिकिथा तानीपर्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की तिकड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कन्यावी मानीसोम्बात्कुल, कानोकनापुस काएचोम्फू और चानीदप्पा तानारत्पितिनान को 229-226 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान से होगा ।

पुरूष कंपाउंड वर्ग में क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने के बावजूद भारतीय तीरंदाज खिताब बरकरार रखने में नाकाम रहे और कांस्य से संतोष करना पड़ा। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कम्बोज को वियतनाम के हाथों सेमीफाइनल में 233-234 से पराजय मिली। कांस्य पदक के मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान

# धुरंधर 2 में ऑटो ड्राइवर का रोल करने वाले एक्टर ने अब तक नहीं देखी फिल्म

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ रही है। इसकी वजह यह है कि इसे बहुत लोगों ने देख लिया है। हालांकि इस फिल्म से जुड़ा एक ऐसा किरदार है जिसने अब तक इस फिल्म को नहीं देखा है। आइए जानते हैं इसकी क्या वजह है।

फिल्म धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म की कामयाबी की वजह से इससे जुड़े किस्से और किरदार भी चर्चा में हैं। फिल्म से जुड़ी एक ऐसी जानकारी सामने आई है जो हैरान करने वाली है। एक तरफ जहां कई लोगों ने रणवीर सिंह की अदाकारी वाली ये फिल्म देख ली है या देखने का प्लान बना रहे हैं, वहीं धुरंधर 2 में एक छोटा किरदार निभाने वाले



ऑटो-रिक्शा ड्राइवर ने अब तक इस फिल्म को नहीं देखा है। हरजीत, जिन्होंने फिल्म के आखिरी सीन में एक ऑटो-रिक्शा ड्राइवर की भूमिका निभाई है, उनका एक इंटरव्यू सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने अब तक फिल्म देखी? इस पर उन्होंने जवाब दिया मैंने इसे अभी तक नहीं देखा है। टिकट की कीमत लगभग 500 रुपये है। जैसा कि आप जानते हैं कि यह अभी-अभी रिलीज हुई है, इसलिए मैं इसे अभी तक नहीं देख पाया हूं।

उनसे पूछा गया कि क्या उनके बच्चों ने फिल्म देखने की जिद की थी खास तौर पर इसलिए, क्योंकि इसमें उनके पिता नजर आते हैं। इस पर उन्होंने कहा हां, उन्होंने जिद की थी। लेकिन मैंने उनसे कहा कि हम पांच लोग हैं, और कुल मिलाकर 2500 रुपये खर्च होंगे। 2500 रुपये तो हम पूरे महीने में बचा पाते हैं, इसलिए मैं उन्हें फिल्म दिखाने नहीं ले गया। मैंने उनसे कहा कि हम थोड़ा इंतजार करेंगे और इसे बाद में देखेंगे।

आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर 2 19 मार्च को रिलीज हुई है। रणवीर सिंह के साथ अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, आर माधवन और अन्य कलाकारों से सजी यह फिल्म धुरंधर का दूसरा पार्ट है। रिलीज के बाद से यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। भारत में इसने खबर लिखे जाने तक 587 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

## साइप्रस शतरंज महासंघ ने कोनेरू हम्पी के फैसले पर उठाए सवाल, आयोजकों के अनादर का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** साइप्रस शतरंज महासंघ के अध्यक्ष क्रिटन टोर्नारिटिस ने भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी की आलोचना की है। हम्पी ने पश्चिम एशिया में तनाव के चलते कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया था।

साइप्रस शतरंज महासंघ (सीसीएफ) के प्रमुख क्रिटन टोर्नारिटिस ने भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी के प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से हटने को गलत फैसला करार दिया है। उनका कहना है कि इस तरह के फैसले से निराधार चिंताएं फैलती हैं तथा यह खिलाड़ियों और आयोजकों दोनों के प्रति अनादर को दर्शाता है। सीसीएफ के अध्यक्ष टोर्नारिटिस ने क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं के कारण कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से हटने के लिए भारत की दो बार के विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी की कड़ी आलोचना की और कहा कि इस तरह के फैसले खेल को काफी नुकसान पहुंचाते हैं।

हम्पी ने खाड़ी क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के कारण सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए 28 मार्च से शुरू होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया। साइप्रस उस अस्थिर क्षेत्र के निकट है जहां ईरान तथा अमेरिका और इज़राइल के बीच तनाव बढ़ गया है। टोर्नारिटिस ने एक्स पर लिखा, साइप्रस शतरंज महासंघ के अध्यक्ष के रूप में मैं कोनेरू हम्पी के साइप्रस को असुरक्षित बताते हुए नाम वापस लेने के फैसले से बेहद निराश हूं। महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 दुनिया की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण शतरंज प्रतियोगिताओं में से एक है। यह सरासर गलत है। निराधार चिंताओं को फैलाना खेल को नुकसान पहुंचाता है और यह इसमें शामिल आयोजकों और खिलाड़ियों के प्रति अनादर को दर्शाता है।

# सामने आई चांद मेरा दिल की नई रिलीज डेट, अब भूत बंगला से नहीं होगा क्लैश



**मुंबई।** लक्ष्य और अनन्या पांडे की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म चांद मेरा दिल की रिलीज डेट टल गई है। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को रिलीज होने वाली थी। इसी तारीख को अक्षय कुमार स्टारर प्रियदर्शन की फिल्म भूत बंगला रिलीज होने वाली है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इसका क्लैश होने वाला था। हालांकि, मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट बदल कर 8 मई कर दी थी। अब इसे फिर से पोस्टपोन कर दिया गया है। अब मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट का एलान किया है।

फिल्म के मेकर्स ने जानकारी दी है कि चांद मेरा दिल 22 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके निर्देशक विवेक सोनी हैं। इसे करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाया गया है। किल और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी सफलता के बाद, लक्ष्य लीड रोल में अनन्या पांडे के ऑपोजिट बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। अनन्या को भी केसरी चैप्टर 2 में अपने रोल के लिए काफी तारीफ मिली थी। दोनों पहली बार साथ में नजर आने वाले हैं।

पवन कल्याण की पत्नी ने बनाया इंस्टाग्राम अकाउंट, पहले ही दिन लाखों यूजर्स ने किया फॉलो; खास है पहली पोस्ट

2024 में, करण जौहर ने फिल्म के पोस्टर शेयर किए थे। उनके पोस्ट में लिखा था, हमारे पास दो चांद हैं जो एक ऐसी इंटेंस और पैशनेट लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं, जैसी पहले कभी नहीं देखी गई!

प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है... चांद मेरा दिल, में अनन्या पांडे और लक्ष्य लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक विवेक सोनी हैं। 2025 में यह सिनेमाघरों में आ रही है।

## धुरंधर के सामने फैल हुई उस्ताद भगत सिंह'

**मुंबई।** पवन कल्याण की फिल्म उस्ताद भगत सिंह को रिलीज हुए एक सप्ताह हो गया है। ये फिल्म 'धुरंधर 2' के साथ रिलीज हुई थी। आइए जानते हैं उस्ताद भगत सिंह के कलेक्शन के बारे में।

धुरंधर 2 और उस्ताद भगत सिंह, दोनों फिल्में एक साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। आज इन दोनों को रिलीज हुए एक सप्ताह हो गया है। धुरंधर 2 की बात करें, तो इसने बॉक्स ऑफिस पर धमाया मचाया हुआ है। दुनिया भर में इसने 937.49 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। लेकिन उस्ताद भगत सिंह बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाल नहीं कर पाई। आइए जानते हैं फिल्म ने एक सप्ताह में कितनी कमाई की है। फिल्म की कमाई में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर लगातार एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ रही है। वहीं, दूसरी ओर इस फिल्म की कमाई दिन-ब-दिन कम होती जा रही है।

# 'अभिनेता हूं फैशन आइकन नहीं', सिद्धांत चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया पर बढ़ते दबाव पर की बात





**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपने छोटे से करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। यही कारण है कि उनकी गिनती इंडस्ट्री के उभरते हुए सितारों में होती है।

असल जिंदगी में काफी ग्राउंडेड नजर आने वाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने अब सोशल मीडिया पर फैशन के बढ़ते दबाव के बारे में खुलकर बात की है। साथ ही उन्होंने अपने लक्ष्य को लेकर भी बताया। आईएनएस के साथ बातचीत में सिद्धांत चतुर्वेदी स्पष्ट तौर पर कहा कि मेरी पहली पहचान एक अभिनेता के रूप में है, न कि फैशन आइकन के रूप में। एक्टर ने कहा कि मैं एक अभिनेता बनने आया हूं, मुझे वह अवसर मिला और आज मैं एक अभिनेता हूं। यही मेरे लिए सबसे बड़ी बात है। फैशन की बात करें तो, यह सब मेरी फिल्मों में ही है, मतलब वे हमें अच्छे कपड़े पहनाते हैं। मेरा मानना है कि सबका अपना-अपना फैशन होता है। मुझे साधारण रहना ज्यादा पसंद है। फैशन को किसी पर थोपना नहीं चाहिए। बेफिक्र इंसान होता है सबसे ज्यादा फैशनेबल फैशन को लेकर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए सिद्धांत ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे फैशनेबल व्यक्ति वह है, जो ज्यादा नहीं सोचता, थोड़ा बेफिक्र और बिंदास होता है। आखिरकार किसी के व्यक्तित्व को देखकर उसका स्वैग अपने आप झलक जाता है। अगर आप ज्यादा सोचते हैं, तो आप दूसरों जैसा बनने की कोशिश कर रहे होते हैं, मुझे ऐसा लगता है। सिद्धांत चतुर्वेदी के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ मृणाल ठाकुर प्रमुख भूमिका में थीं।

फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया ही हासिल हुई थी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थी।

उनकी आगामी फिल्मों में 'वी. शांताराम' शामिल है। यह दिग्गज फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक है। इसमें उनके साथ तमन्ना भाटिया प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी।

# आलिया भट्ट और कृति सेनन से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक, इन अभिनेत्रियों ने किया फिल्म का निर्माण



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म डोंट बी शाय की घोषणा की है। डोंट बी शाय का निर्माण आलिया खुद कर रही हैं। इससे पहले भी आलिया कई फिल्मों का निर्माण कर चुकी हैं। जानिए उन अभिनेत्रियों के बारे में जिन्होंने अभिनय के बाद फिल्म निर्माण में कदम रखा है।

आलिया भट्ट ने अपनी नई फिल्म डोंट बी शाय की घोषणा की है। आलिया ने मुंबई में एक कार्यक्रम में बताया कि वह अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर फिल्म डोंट बी शाय का निर्माण करेंगी। आलिया भट्ट ने अपनी नई फिल्म डोंट बी शाय की घोषणा कर फैंस को खुश कर दिया है। इससे पहले उन्होंने डार्लिंग्स और जिग्रा जैसी फिल्मों का भी सह-निर्माण किया है।

अनुष्का ने 2013 में क्लीन स्लेट फिल्म्स शुरू की थी। उन्होंने NH10 और पाताल लोक जैसी अच्छी फिल्मों का निर्माण किया है। 2022 के बाद उन्होंने प्रोडक्शन की जिम्मेदारी कम कर दी, लेकिन उनका बैनर अभी भी अच्छी और अलग तरह की फिल्में बना रहा है। प्रियंका ने अपनी निर्माण कंपनी बनाई ताकि छोटी-बड़ी और क्षेत्रीय फिल्मों को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने वेंटिलेटर जैसी पुरस्कार जीतने वाली फिल्म से लेकर 2026 की हॉलीवुड एक्शन फिल्म द ब्लफ तक काम किया है। वह अलग-अलग तरह की कहानियों को बड़ा प्लेटफॉर्म देती हैं।दीपिका का प्रोडक्शन हाउस अच्छी और समाज को मैसेज देने वाली कहानियां बनाने पर जोर देता है। उन्होंने छपाक से शुरुआत की और फिर 83 जैसी बड़ी फिल्म बनाई। 2026 में भी दीपिका कई बड़ी फिल्मों का निर्माण कर सकती हैं।

कृति ने ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स शुरू किया ताकि उन्हें अपनी मर्जी से फिल्में बनाने की आजादी मिले। उनकी पहली सीरीज दो पत्ती का निर्माण किया था, जो एक रहस्यमयी थ्रिलर थी। कृति महिला केंद्रित गहरी और रहस्य भरी कहानियां बनाने में रुचि रखती हैं।

एक्शन-कॉमेडी फिल्में करना चाहती हैं शालिनी पांडे, इन एक्टर्स को बताया अपना फेवरेट; एक के साथ कर चुकी हैं काम

प्रियंका चोपड़ा से लेकर काजल अग्रवाल और नयनतारा तक, इन अभिनेत्रियों ने कई फिल्म इंडस्ट्रीज में कमाया नाम

दीपिका पादुकोण ने सास और ननद के साथ लिया ऋषभ शर्मा के कॉन्सर्ट का आनंद, फैंस के साथ खिंचाई तस्वीर

फिर लगेगी फुलेरा की 'पंचायत', पांचवें सीजन की हुई घोषणा, प्राइम वीडियो ने जारी की फिल्मों और सीरीज की लिस्ट

कंगना अपनी कंपनी के जरिए बड़ी और महत्वाकांक्षी फिल्में बनाती हैं जैसे %इमरजेंसी%। 2026 में भी वे %भारत भाग्य विद्धता% जैसी फिल्मों पर काम कर रही हैं। अब वह खास व्यक्तियों पर आधारित ऐतिहासिक और राजनीतिक फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाती और बनाती हैं।

## 'स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' का धमाका; ट्रेलर ने बना डाला यह बड़ा रिकॉर्ड

**मुंबई।** 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और अब इस फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, टॉम हॉलैंड स्टारर इस फिल्म के ट्रेलर ने कुछ ही दिनों में 1 बिलियन (100 करोड़) व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। यह ऐसा करने वाला पहला फिल्म ट्रेलर बन गया है, जिसने इतनी बड़ा मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। पहले 24 घंटों में ही करोड़ों व्यूज मिल गए थे और सिर्फ कुछ दिनों में यह 1 बिलियन के पार पहुंच गया। फिल्म में टॉम हॉलैंड एक बार फिर पीटर पार्कर यानी स्पाइडर-मैन के रोल में नजर आएंगे।

# पवन कल्याण की पत्नी ने बनाया इंस्टाग्राम अकाउंट, पहले ही दिन लाखों यूजर्स ने किया फॉलो

**मुंबई।** जहां एक तरफ सिनेमा से जुड़ी हस्तियां लाइमलाइट में रहती हैं और अपने फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं, वहीं उनके परिवार के कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो लाइमलाइट से दूर रहते हैं। इन लोगों में अब तक अभिनेता पवन कल्याण की पत्नी अन्ना कोनिडेला भी शामिल थीं।

अब तक उनका सोशल मीडिया अकाउंट नहीं था। आज उन्होंने अपना सोशल मीडिया अकाउंट बनाया है। अपनी पत्नी का इंस्टाग्राम पर स्वागत करते हुए पवन कल्याण ने एक नोट लिखा। पवन कल्याण ने इंस्टाग्राम पर पत्नी अन्ना के साथ एक जॉइंट पोस्ट शेयर की।

इस पोस्ट में उन्होंने लिखा इंस्टाग्राम पर तुम्हारा तहे दिल से स्वागत है, प्यारी अन्ना कोनिडेला। इस नई जगह पर कदम रखने पर तुम्हें बहुत शुभकामनाएं। उम्मीद है कि यहां सार्थक बातचीत होगी। अन्ना कोनिडेला ने अपनी पहली



पोस्ट में अपने पति के साथ तस्वीर शेयर की है। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा बहुत समय से इंतजार था। अब सही समय लग रहा है। चिरंजीवी के आशीर्वाद और पवन कल्याण के आशीर्वाद से नया अकाउंट बनाया।

अन्ना ने आज ही अपना अकाउंट बनाया है। 5 घंटे में उनके एक लाख 57 हजार फॉलोअर्स हो गए हैं। अन्ना कोनिडेला एक रूसी नागरिक हैं। पवन कल्याण पहली बार उनसे अपनी 2011 की फिल्म तीन मार के सेट पर मिले थे। उन्होंने 2013 में उनसे शादी की थी। उन्होंने अन्ना की बेटी, पोलेना अंजना पवनोवा को अपनी बेटी के तौर पर अपना लिया था। उनके बेटे, मार्क शंकर पवनोविच का जन्म 2017 में हुआ था।

कितने वर्षों तक चली धुरंधर के दोनों पार्ट की कास्टिंग मुकेश छाबड़ा ने किया खुलासा; निर्देशक ने ऐसे दिया साथ पवन ने पहले भी की शादी इससे पहले पवन कल्याण ने एक्ट्रेस रेणु देसाई से शादी की थी। उनकी शादी 2009 से 2012 तक चली। उन्होंने 1997 में नंदिनी से शादी की थी। वे 1999 में अलग हो गए थे।

# बैंकों ने 60,518 करोड़ रुपये की लावारिस राशि आरबीआई फंड में भेजी

**नई दिल्ली।** बैंकों के 60,518 करोड़ रुपये और बीमा-म्यूचुअल फंड के हजारों करोड़ के लावारिस फंड पर सरकार ने बड़ा अपडेट दिया है। अपना पैसा वापस पाने की प्रक्रिया और इस पूरी खबर की अहम जानकारी के लिए इसे अभी पढ़ें।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से 60,518 करोड़ रुपये की लावारिस राशि भारतीय रिजर्व बैंक के जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता फंड में स्थानांतरित की गई है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने 24 मार्च 2026 को राज्यसभा को यह जानकारी दी। यह राशि जनवरी 2026 के अंत तक की है।

उन्होंने बताया कि बीमा कंपनियों के पास फरवरी के अंत तक 8,973.89 करोड़ रुपये की लावारिस बीमा राशि बकाया थी। इसके अतिरिक्त, सेबी नियमों के तहत म्यूचुअल फंड में 3,749.34 करोड़ रुपये की लावारिस राशि थी। वित्तीय क्षेत्र के नियामकों ने इन लावारिस वित्तीय संपत्तियों की पहचान के लिए कई उपाय किए हैं। इसका उद्देश्य सही दावेदारों की समय पर पहचान सुनिश्चित करना है। साथ ही, मौजूदा लावारिस स्टॉक को कम करना और नई वृद्धि को रोकना भी है। नागरिकों के लिए दावा प्रक्रिया को सरल और तेज बनाना भी इन उपायों का लक्ष्य है। मंत्री ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार ने सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड में निवेशकों की रुचि की समीक्षा की है। सार्वजनिक बैंकों द्वारा आरबीआई फंड में भेजी गई राशि 60,518 करोड़ रुपये है। यह जनवरी 2026 के अंत तक की स्थिति है। बीमा कंपनियों के पास फरवरी के अंत तक 8,973.89 करोड़ रुपये की लावारिस राशि थी। म्यूचुअल फंड में भी 3,749.34 करोड़ रुपये की लावारिस राशि दर्ज की गई है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने यह सभी आंकड़े राज्यसभा में प्रस्तुत किए।

**फंड**

**सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से 60,518 करोड़ रुपये की लावारिस राशि भारतीय रिजर्व बैंक के जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता फंड में स्थानांतरित की गई है।**



वित्तीय क्षेत्र के नियामकों ने लावारिस वित्तीय संपत्तियों के लिए कई कदम उठाए हैं।

इन उपायों का मुख्य लक्ष्य सही दावेदारों की पहचान को समय पर सुनिश्चित करना है। इसका उद्देश्य लावारिस संपत्तियों के मौजूदा स्टॉक को कम करना भी है। साथ ही, इसमें नई लावारिस राशियों के जमा होने को भी रोकना शामिल है। नागरिकों के लिए दावा प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने पर भी जोर दिया गया है। सरकार ने सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड में निवेशकों की रुचि की समीक्षा की है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में शुरू होने के बाद से औसत बिड-कवर अनुपात दो से ऊपर रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह अनुपात 2.32 पर पहुंच गया है। 28 नवंबर, 2025 को हुई नवीनतम नीलामी में निवेशकों ने सात आधार अंक का ग्रीनियम दिया। यह दर्शाता है कि ये बॉन्ड निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बने हुए हैं। हालांकि, सरकार का सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड निवेशकों के लिए कर प्रोत्साहन शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

## गडकरी का एलान- भारत हर साल 8 लाख करोड़ हाईवे के लिए जुटा सकता है, जताई खर्च पर यह चिंता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि सरकार, राजमार्ग क्षेत्र में मजबूत एसेट प्रोफाइल के आधार पर, 3.2 लाख करोड़ रुपये के बजटीय समर्थन के अलावा, बाजार से हर साल 5 लाख करोड़ रुपये जुटा सकती है। हाईवे सेक्टर में खर्च की धीमी गति को लेकर चिंतित केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सड़क परियोजनाओं के लिए हर साल 8 लाख करोड़ रुपये तक जुटा सकती है। गडकरी BSE में NHAI-प्रायोजित राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की लिस्टिंग सेरेमनी में बोल रहे थे। जहां उन्होंने कहा, हमारी समस्या यह है कि हम खर्च नहीं कर पा रहे हैं। हमारे खर्च करने की गति बहुत धीमी है। सरकार साल के आखिर तक 900 टोल प्लाजा को मल्टी-लेन फ्री-फ्लो सिस्टम में बदलने की योजना बना रही है। हां, टोल प्लाजा पर नई तकनीक के इस्तेमाल से सरकार हर साल 8,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बचत कर रही है, क्योंकि ऑपरेशन लागत कम हो गई है।

# बांका सांसद गिरिधारी यादव पर जदयू सख्त, लोकसभा अध्यक्ष से की सदस्यता खत्म करने की अपील

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक नोटिस सौंपा है। इसमें पार्टी ने अपने सांसद गिरिधारी यादव को अयोग्य ठहराने की मांग की है। यह कार्रवाई कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण की गई है। जदयू के लोकसभा संसदीय दल के नेता दिलेश्वर कामत ने यह नोटिस मंगलवार को दिया था।

गिरिधारी यादव बिहार की बांका लोकसभा सीट से सांसद हैं। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने इस फैसले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यादव के खिलाफ नोटिस इसलिए दिया गया है क्योंकि उनके बेटे चाणक्य प्रकाश रंजन ने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ा था। उनके बेटे ने राजद के उम्मीदवार के तौर पर बेलहर सीट से चुनाव लड़ा था। यह सीट बांका लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है।

झा ने बताया कि यादव ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में अलग रुख अपनाया था। जबकि



पार्टी इस अभ्यास के पक्ष में थी। उन्होंने कहा, बिहार में हुए विधानसभा चुनावों के खिलाफ एक भी शिकायत दर्ज नहीं हुई थी। न ही कोई पुनर्मतदान हुआ। किसी ने यह दावा नहीं किया कि वे अपना वोट नहीं डाल पाए क्योंकि उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया था। चुनाव आयोग ने इतना अच्छा काम किया, लेकिन उन्होंने अलग रुख अपनाया। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि कामत ने पार्टी के इस संबंध में लिए गए निर्णय के बाद नोटिस सौंपा है। यह कदम पार्टी के हित में उठाया गया है। उन्होंने कहा, गिरिधारी यादव अब कुछ भी कह रहे हों, लेकिन किसी के भी खिलाफ कार्रवाई की जाती है। जिसका आचरण पार्टी के हित के खिलाफ हो या जिसने पार्टी विरोधी गतिविधि में भाग लिया हो। गिरिधारी जी कोई अपवाद नहीं हो सकते। प्रसाद ने आगे कहा कि इसीलिए यह निर्णय पार्टी के हित में लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी तरह की राजनीति की कोई गुंजाइश नहीं है। पार्टी ने अपने सिद्धांतों और हितों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। यह कार्रवाई पार्टी की आंतरिक अनुशासन प्रक्रिया का हिस्सा है। जदयू अपने सदस्यों से पार्टी लाइन का पालन करने की अपेक्षा करती है।

# आयुष्मान योजना में धोखाधड़ी, फर्जी अस्पताल में लाभार्थियों को दिए 300 रुपये, 778 नकली दावे, कमाए 64 लाख



**नई दिल्ली।** असम में फर्जी अस्पताल ने आयुष्मान योजना में 778 नकली दावे कर 64 लाख रुपये हड़पे। ईडी ने जांच में 55 लाख की संपत्ति कुर्क की, आरोपियों ने लाभार्थियों को फर्जी मरीज बनाया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय की जांच में एक ऐसे मामले का खुलासा हुआ है, जिसमें फर्जी अस्पताल संचालकों ने असली %आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना% के लाभार्थियों को अपने झांसे में फंसाया। उन्हें तीन सौ रुपये देकर फर्जी मरीज बनाया। अस्थायी अस्पताल में उनके फोटो खींचे। उसके बाद उन फोटो को विभाग की साइट पर अपलोड किया। यह दिखाया कि वे मरीजों का इलाज कर रहे हैं। आरोपियों ने सरकारी योजना के तहत मिलने वाली राशि हड़पने के लिए 778 नकली दावे तैयार किए। ऐसा कर उन्होंने 64 लाख रुपये की आपराधिक आय जुटा ली। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अंतरिम कुर्की आदेश (पीएओ) जारी कर असम के हैलाकांडी स्थित शिफा अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के स्वामी मोबजिल हुसैन बरभुइया की लगभग 55.33 लाख रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। यह मामला आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत बड़े पैमाने पर हुई धोखाधड़ी से संबंधित है। ईडी ने असम के हैलाकांडी पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर और आरोपपत्र संख्या के आधार पर इस मामले की जांच शुरु की है। ईडी की जांच में पता चला कि एबी-पीएमजेएवाई योजना के तहत सूचीबद्ध शिफा अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, हैलाकांडी ने लाभार्थियों को कोई वास्तविक चिकित्सा उपचार प्रदान किए बिना ही 22.04.2019 से 05.11.2022 की अवधि के दौरान धोखाधड़ी से 64,10,780 रुपये के 778 फर्जी प्रतिपूर्ति दावे दायर किए। जब यह पता लगाने का प्रयास किया गया कि संबंधित अस्पताल अस्तित्व में है या नहीं, वहां का दौरा किया गया। घोषित पते पर अस्पताल का कोई अस्तित्व नहीं पाया गया। आरोपियों ने एक सुनियोजित धोखाधड़ी की रणनीति अपनाई, जिसके तहत आयुष्मान भारत कार्ड धारक लाभार्थियों को अस्थायी अस्पताल में बुलाया गया। उन्हें 300 रुपये के मामूली भुगतान के बदले अस्पताल के बिस्तरों पर लेटे हुए फोटो खींचे गए। इन फर्जी तस्वीरों को ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम (टीएमएस) पोर्टल पर अपलोड करके उन चिकित्सा प्रक्रियाओं के फर्जी प्रतिपूर्ति दावे उत्पन्न किए गए। इन धोखाधड़ीपूर्ण दावों के आधार पर, अटल अमृत अभियान सोसाइटी (असम सरकार की राज्य स्वास्थ्य एजेंसी) द्वारा शिफा अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के बैंक ऑफ इंडिया खाते में कुल 57.96 लाख रुपये जमा किए गए।

# वकीलों के लिए बनेगा अलग कल्याण कोष, केंद्र और BCI से शीर्ष अदालत ने मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में काम करने वाले वकीलों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। वकीलों के लिए एक अलग कल्याण कोष की मांग की गई थी, जिसको लेकर शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और दिल्ली बार काउंसिल से जवाब मांगा है। बुधवार को इस से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत में प्रैक्टिस करने वाले वकीलों के लिए खुशखबरी है। दरअसल, उनके भविष्य को लेकर एक बड़ा कदम उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार, भारतीय विधि परिषद (क्ष्ष्ठ्र) और दिल्ली बार काउंसिल को नोटिस जारी किया है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से एक याचिका दायर की गई थी। इस याचिका में शीर्ष अदालत के वकीलों के लिए वेलफेयर फंड बनाने की मांग की गई थी।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि इस तरह के फंड का निर्माण समय की मांग है। वर्तमान में एडवोकेट्स वेलफेयर फंड एक्ट में एक बड़ी कानूनी खामी है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने अदालत में दलील दी कि मौजूदा कानून के तहत सुप्रीम कोर्ट के वकीलों को वह लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसके वे हकदार हैं।

विकास सिंह ने कहा कि जब भी कोई वकील सुप्रीम कोर्ट में वकालतनामा दाखिल करता है, तो उस पर वेलफेयर स्टैंप लगाया जाता है। लेकिन इस स्टैंप से होने वाली कमाई सीधे दिल्ली बार काउंसिल के पास चली जाती है। कानून के अनुसार, वकील केवल वही है जो किसी राज्य की बार काउंसिल की सूची में दर्ज हो। इस तकनीकी पेंच की वजह से सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन इस दायरे से बाहर हो जाता है। उसके सदस्यों को मुसीबत के समय कोई आर्थिक मदद नहीं मिल पाती। याचिका में मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट के नियमों में संशोधन कर एक नया नियम 15 जोड़ा जाए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने खाका भी पेश किया है। प्रस्ताव के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में दाखिल होने वाले हर वकालतनामा पर 500 रुपये का लॉयर्स वेलफेयर स्टैंप अनिवार्य किया जाए। इस स्टैंप से होने वाली पूरी कमाई शीर्ष अदालत के वकीलों के कल्याण कोष में जमा हो। इतना ही नहीं, इस फंड का प्रबंधन भारत के मुख्य न्यायाधीश या नामित किसी जज की अध्यक्षता वाली समिति करे।

शीर्ष अदालत में प्रैक्टिस करने वाले कई वकील अपने गृह राज्यों की बार काउंसिल से कट जाते हैं। ऐसे में मेडिकल इमरजेंसी या किसी अनहोनी की स्थिति में उनके पास कोई खास साधन नहीं होता है। अब गेंद केंद्र सरकार और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के पाले में है।

## सर्वदलीय बैठक को लेकर भाजपा और विपक्ष के बीच तीखी बहस

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट पर सर्वदलीय बैठक को लेकर भाजपा और विपक्ष के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है। कांग्रेस ने बैठक में देरी का आरोप लगाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गैरमौजूदगी पर सवाल उठाए। वहीं, भाजपा ने विपक्ष पर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है।पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्ष के बीत तीखी बहस देखने को मिली। केंद्र सरकार की ओर सर्वदलीय बैठक बुलाने के फैसले को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने इसे %देरी से उठाया गया कदम% बताया। उन्होंने सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए और यह भी पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अहम बैठक में क्यों शामिल नहीं हुए।

# मेटा पर 3100 करोड़ का जुर्माना, कोर्ट ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का ठहराया दोषी



**न्यू मैक्सिको।** मुकदमे के दौरान जूरी ने मेटा के आंतरिक दस्तावेज, अधिकारियों की गवाही, व्हिसलब्लोअर्स के बयान और तकनीकी विशेषज्ञों की राय सुनी। जांच में यह भी सामने आया कि अंडरकवर एजेंट्स ने बच्चों के रूप में सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर यौन शोषण से जुड़े मामलों और मेटा की प्रतिक्रिया का परीक्षण किया।

अमेरिका के न्यू मैक्सिको में एक जूरी ने मंगलवार को मेटा को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बाल यौन शोषण से जुड़े खतरों को छिपाने का दोषी ठहराया। करीब सात हफ्ते चले इस ट्रायल के बाद आए इस फैसले को टेक कंपनियों के खिलाफ सख्ती के बढ़ते रुझान के रूप में देखा जा रहा है। जूरी ने राज्य के अभियोजकों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि मेटा (इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप का मालिक) ने सुरक्षा से ज्यादा मुनाफे को प्राथमिकता दी। जूरी ने माना कि कंपनी ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और यौन शोषण के खतरों को लेकर भ्रामक जानकारी दी और अनुचित व्यापारिक तरीकों का इस्तेमाल किया। जूरी ने पाया कि हजारों उल्लंघन हुए हैं, जिनके आधार पर 375 मिलियन डॉलर यानी करीब 3100 करोड़ भारतीय रुपये का जुर्माना तय किया गया, जो अभियोजन पक्ष की मांग से काफी कम है। हालांकि, कंपनी का बाजार मूल्य लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर है और फैसले के बाद उसके शेयरों में करीब 5त्र की बढ़त देखी गई। फिलहाल मेटा को तुरंत अपने कामकाज में बदलाव करने के लिए बाध्य नहीं किया गया है। अब यह तय करना एक जज के ऊपर होगा कि क्या मेटा के प्लेटफॉर्म्स सार्वजनिक नुकसान का कारण बने और क्या कंपनी को इससे जुड़े नुकसान की भरपाई करनी होगी। इस मामले की अगली सुनवाई मई में होगी।

मेटा के प्रवक्ता ने फैसले से असहमति जताते हुए कहा कि कंपनी इसके खिलाफ अपील करेगी। उन्होंने कहा कि मेटा अपने प्लेटफॉर्म्स पर लोगों को सुरक्षित रखने के लिए लगातार काम करती है और हानिकारक कंटेंट को हटाने की कोशिश करती है। यह मामला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ बढ़ते कानूनी मामलों में से एक है। 2023 में न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल राउल टोरेज द्वारा दायर इस मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि मेटा ने सोशल मीडिया के खतरों और लत से जुड़े मुद्दों को पूरी तरह उजागर नहीं किया।

## 1971 हत्याकांड था सुनियोजित कत्लेआम, शहीदों को दी श्रद्धांजलि: पीएम तारिक रहमान

**ढाका।** बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान ने 25 मार्च नरसंहार दिवस पर 1971 के हत्याकांड को सुनियोजित कत्लेआम बताया। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और स्वतंत्रता संग्राम की महत्वता पर जोर दिया। बांग्लादेश में 25 मार्च को मनाए जाने वाले नरसंहार दिवस पर प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने 1971 के हत्याकांड को सुनियोजित नरसंहार बताते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 25 मार्च 1971 का दिन बांग्लादेश के इतिहास में सबसे काले और क्रूर दिनों में से एक है, जब पाकिस्तानी सेना ने 'ऑपरेशन सर्चलाइट' के नाम पर निहत्थे नागरिकों पर हमला किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि उस रात ढाका विश्वविद्यालय, पिलखाना और राजारबाग पुलिस लाइंस समेत कई जगहों पर शिक्षकों, बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलियां चलाई गईं।

# टोक्यो में चीनी दूतावास में घुसने के आरोप में जापानी सैनिक गिरफ्तार

**टोक्यो।** टोक्यो में एक जापानी सैनिक को चीनी दूतावास की दीवार फांदकर अंदर घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस सुरक्षा चूक पर चीन ने कड़ा विरोध जताते हुए जापान से जवाब मांगा है।जापान के अधिकारियों ने बुधवार को एक जापानी सैनिक को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। इस सैनिक पर कथित रूप से टोक्यो में चीनी दूतावास में बिना इजाजत (अवैध रूप) से घुसने का आरोप है। चीन ने इस घटना पर विरोध जताया था, जिसके एक दिन बाद यह गिरफ्तारी हुई है। अब यह मामला जापान और चीन के बीच बढ़ते तनाव का नया केंद्र बन गया है।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में एक मीडिया वार्ता के दौरान बताया कि मंगलवार सुबह एक व्यक्ति दीवार फांदकर दूतावास परिसर में जबरन घुस आया। उस व्यक्ति ने खुद को जापानी आत्म-रक्षा बल का अधिकारी बताया था। टोक्यो पुलिस ने बुधवार को जानकारी दी कि गिरफ्तार व्यक्ति की उम्र 23 साल है और वह जापान की थल सेना (जीएसडीएफ) का सदस्य है।

**सहयोग**

**जापानी सेना ने पुष्टि की है कि संदिग्ध सैनिक मियाजाकी प्रांत के कैंप एबिनो में तैनात है। सेना के अधिकारी इस मामले में पुलिस का पूरा सहयोग कर रहे हैं।**

जापानी सेना ने पुष्टि की है कि संदिग्ध सैनिक मियाजाकी प्रांत के कैंप एबिनो में तैनात है। सेना के अधिकारी इस मामले में पुलिस का पूरा सहयोग कर रहे हैं। जापानी मीडिया ने पुलिस के हवाले से बताया कि यह सैनिक चीनी राजदूत को यह कहने के लिए दूतावास में घुसा था कि चीन जापान के प्रति अपना कड़ा रुख बंद करे। सैनिक के पास एक चाकू भी था। उसने धमकी दी थी कि अगर उसकी मांग नहीं मानी गई, तो वह खुद को मार



लेगा। जापान के सरकारी चैनल एनएचके के अनुसार, उस व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया गया और आगे की जांच के लिए टोक्यो पुलिस को सौंप दिया गया। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, उस व्यक्ति ने कथित तौर पर दूतावास की दीवार फांदी थी और वहां एक चाकू भी मिला है। चीन ने इस घटना पर गहरा दुख और गुस्सा जताया है। प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि जापान अपने सैनिकों को ठीक से नियंत्रित और अनुशासित करने में नाकाम रहा है। उन्होंने कहा कि जापान ने चीनी दूतावास और उसके कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं की। चीन ने मांग की है कि जापान इस मामले की पूरी जांच करे, दोषी को सजा दे और चीन को इस पर स्पष्टीकरण दे। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ा हुआ है। पिछले साल नवंबर में जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने कहा था कि ताइवान पर चीन की सैन्य कार्रवाई जापान के अस्तित्व के लिए खतरा बन सकती है और ऐसी स्थिति में बल प्रयोग की जरूरत पड़ सकती है। इसके बाद से ही चीन ने जापान के खिलाफ कूटनीतिक और व्यापारिक कड़े कदम उठाए हैं।

## फिलीपींस के राष्ट्रपति ने की राष्ट्रीय उर्जा आपातकाल की घोषणा, जंग से आपूर्ति को पैदा हुआ खतरा

**मनीला।** पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज हो गया है, जिसके कारण कई देशों के लिए उर्जा आपूर्ति बाधित हो रही है। संकट को देखते हुए फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देश में राष्ट्रीय उर्जा आपातकाल की घोषणा की है। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने मंगलवार को देश में राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल की घोषणा की। मार्कोस ने बताया कि पश्चिम एशिया में जंग से देश की उर्जा आपूर्ति को पैदा हुए खतरे के कारण यह फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि ईंधन,खाद्य सामग्री, दवाइयों, कृषि उत्पादों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति, वितरण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है।

# पाकिस्तान में बड़ा ट्रेन हादसा: पटरी से उतरीं तेजगाम एक्सप्रेस की 5 बोगियां, 26 यात्री घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बड़ा रेल हादसा हुआ है। दरअसल, लाहौर से कराची जा रही तेजगाम एक्सप्रेस की 5 बोगियां पटरी से उतर गईं। इस हादसे में 26 लोग घायल हुए हैं। पुलिस वालों ने कड़ी मशक्कत से सभी यात्रियों को खिड़कियां और दरवाजे काटकर सुरक्षित बाहर निकाला। पाकिस्तान में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। लाहौर से कराची जा रही तेजगाम एक्सप्रेस की 5 बोगियां पटरी से उतर गईं. यह हादसा बहावलपुर-लोधरां सेक्शन के बीच आदम वाहन रेलवे स्टेशन के पास हुआ है। जानकारी के मुताबिक, इस दुर्घटना में 26 लोग घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही लोधरां के डिप्टी कमिश्नर अब्दुल हफीज, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर लियाकत गिलानी मौके पर पहुंच गए। अंधेरे में राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। पलटी हुई बोगियों में कई यात्री फंस गए थे। पुलिस वालों ने कड़ी मशक्कत से सभी यात्रियों को खिड़कियां और दरवाजे काटकर सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत यह रही कि इस पूरे हादसे में अब तक किसी की जान जाने की खबर नहीं है।

लोधरां रेस्क्यू 1122 के मुहम्मद सफदर ने कहा कि कुल 26 यात्री घायल हुए हैं। 17 यात्रियों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार देकर छुट्टी दे दी गई। हालांकि, एक महिला समते नौ गंभीर घायलों को लोधरां के जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक यात्री की हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल प्रशासन ने आपात स्थिति को देखते हुए 35 बेड वाला एक अलग वार्ड आरक्षित कर दिया है। पाकिस्तान रेलवे ने फिलहाल हादसे के कारणों पर चुप्पी साधी हुई है। हालांकि, जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रेन के दो डिब्बों को जोड़ने वाला कपलर अचानक टूट गया, जिससे ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। इंजन के साथ लगे पांच डिब्बे पूरी तरह पलट गए। हादसे के बाद मुख्य ट्रैक पर रेल यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। समसट्टा रेलवे जंक्शन से एक रिलीफ ट्रेन घटना स्थल पर भेजी गई है ताकि ट्रैक को साफ कर यातायात बहाल किया जा सके। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह तकनीकी खराबी थी या पटरी के रखरखाव में कोई लापरवाही।

# ईरान की अमेरिका को चेतावनी- जब तक हम नहीं चाहेंगे, पुरानी स्थिति बहाल नहीं होगी



**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी संकट गहराता जा रहा है। इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने बुधवार को एक बार फिर अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि जारी संघर्ष में हो रहे घटनाक्रम को कूटनीतिक कामयाबी के रूप में पेश न किया जाए। उन्होंने कहा, अपनी हार को समझौता न कहो। जब वह नहीं चाहेंगे, तब तक कोई भी पुरानी स्थिति बहाल नहीं हो पाएगी।

आईआरजीसी के खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय (केएसीएचक्यू) के प्रवक्ता ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा, अपनी हार को समझौता मत कहो। उन्होंने कहा, अब क्षेत्र में आपके निवेश की कोई खबर नहीं होगी और न ही आपको उर्जा व तेल के पहले जैसे दाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने आगे कहा, जब तक हम नहीं चाहेंगे, तब तक कोई भी स्थिति अपने पुराने हाल में वापस नहीं लौटेगी। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब ईरान, अमेरिका और इस्राइल के बीच टकराव लगातार बढ़ रहा है। एक ओर सैन्य गतिविधियां तेज हो रही हैं। वहीं, दूसरी ओर कूटनीतिक बातचीत की संभावनाओं की खबरें सामने आ रही हैं, जो पूरे क्षेत्र की स्थिति को प्रभावित कर रही हैं। आईआरजीसी के प्रवक्ता ने क्षेत्र के देशों से अपील की कि वे अमेरिका, यहूदी राष्ट्रवादी (जायनिस्ट) शासन के खिलाफ एकजुट हों। उन्होंने अमेरिकी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा, हमें किसी दूर बैठे ऐसे देश की जरूरत नहीं, जो इस्राइल को प्राथमिकता देता है और आपको जानवरों की तरह समझता है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या अमेरिका वास्तव में क्षेत्र के देशों की सुरक्षा के लिए आगे आएगा। उन्होंने कहा, क्या अमेरिकी आपकी रक्षा में एक भी गोली चलाएंगे? आईआरजीसी के प्रवक्ता की ये टिप्पणियां ईरान की व्यापक रणनीति को दर्शाती हैं, जिसमें वह इस टकराव को बड़े भू-राजनीतिक संघर्ष के रूप में पेश कर रहा है और इस्लामी देशों से एकजुट होने की अपील कर रहा है। ईरान ने अमेरिका से बातचीत से इनकार किया है।

ईरान ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत के दावों को खारिज किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वॉशिंगटन ने ईरानी अधिकारियों के साथ बहुच अच्छी और सकारात्मक बातचीत की है।

# वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चों का सम्मान

**नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर मन मोहा**



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** अभिनव प्राइमरी विद्यालय सरायडीह गुर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशप्रेम, शिक्षा का महत्व, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन कपिल मुनि उमरवैश्य, विशिष्ट अतिथि राजीव प्रताप सिंह, प्रधानाध्यापिका सुमन जायसवाल व प्रमोद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। बच्चों में सना, दिव्यांशी, दीपिका, अदिति, मुस्कान, अनामिका, रानी व शिल्पी आदि ने स्वागत गीत, गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत व सामाजिक कुरीतियों पर नाटक प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

कक्षा में सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति, पढ़ाई, स्वच्छता और अनुशासन के लिए सिद्धार्थ, सुनैना, श्रेयांश, काव्या, अलशिफा, धीरज, सागर, हर्ष व सत्यम आदि को पुरस्कृत किया गया। बीटीसी प्रशिक्षु शिक्षकों वीरेन्द्र यादव, प्रियंका पटेल, रितु व शिवानी गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि कपिल मुनि उमरवैश्य ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि राजीव प्रताप सिंह ने विद्यालयी शिक्षा को सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला बताया तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना की। संचालन प्रधानाध्यापिका सुमन जायसवाल ने किया। इस अवसर पर सभासद विजेन्द्र जायसवाल, अनिल भूरे, दिलीप श्रीवास्तव, अनिल जायसवाल, प्रतिभा मिश्रा, अभिनव पटेल, रिंकू सिंह, रेखा देवी, उर्मिला देवी व अमरिया साहू आदि मौजूद रहे।

# अविमुक्तेश्वरानंद को बटुकों से यौन शोषण मामले में जमानत

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिर राहत दे दी। हाईकोर्ट ने उनकी जमानत मंजूर कर ली। कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट दाखिल होने तक शंकराचार्य की गिरफ्तारी नहीं होगी। यह फैसला हाईकोर्ट के जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की बेंच ने दोपहर बाद 3.45 बजे सुनाया। कोर्ट ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और शिकायत करने वाले आशुतोष महाराज इस मामले को लेकर ज्यादा हल्ला न करें। साथ ही मीडिया को भी इंटरव्यू न दें। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को जमानत देते हुए कई शर्तें भी लगाई है। सबसे अहम शर्त यह है कि दोनों पक्ष (शंकराचार्य और आशुतोष महाराज) मीडिया में बयानबाजी नहीं करेंगे और इंटरव्यू नहीं देंगे। अगर जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया जाता है, तो दूसरा पक्ष जमानत कैंसिलेशन अर्जी दे सकता सकता है। यह फैसला सुनाने के दौरान शंकराचार्य के वकीलों ने कहा- योर ऑनर इस पर भी कहें कि कोई बच्चों को लेकर घूमने लगता है, कोई यात्रा के दौरान बयानबाजी करता है। इसे भी रोका जाए।

इस पर कोर्ट ने कहा कि इसका उल्लंघन नहीं होना चाहिए। सुनवाई से पहले ही शंकराचार्य के वकील कोर्ट पहुंच गए। केस दर्ज कराने और गिरफ्तारी का विरोध करने वाले आशुतोष महाराज सुनवाई के दौरान ऑनलाइन पेश हुए। इससे पहले 27 फरवरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी कर शंकराचार्य की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया था।

# बंद पड़े पांच हजार ईट भट्ठे फिर से होंगे संचालित : रविंद्र प्रताप सिंह

**जनकल्याणकारी योजनाओं से बदल रही है गांव की तस्वीर : धीरेन्द्र प्रताप सिंह**

**पैतृक गांव जमौली में लगे चालीस सौर ऊर्जा का फीता काटकर किया उद्घाटन**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (सरपतहां)** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री डा.रविंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार की रात अपने पैतृक गांव में उनके ही सहयोग से एक सामाजिक संस्था द्वारा गांव में चालीस सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए सौर ऊर्जा का उद्घाटन फीता काटकर किया।

बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 2012 में पहली बार ईट भट्ठों की नियमावली आई थी। उसमें कुछ ऐसी शर्ते थी कि जिसकी वजह से प्रदेश के चार से पांच हजार ईट भट्ठे अवैध घोषित कर दिए गए थे। और जिनको मान्यता नहीं प्राप्त हो रही थी। अब 12 साल बाद उस नियमावली में संशोधन करने के पश्चात उसको कैबिनेट द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी ने मंजूर किया। और अब बंद पड़े ईट भट्ठे फिर से संचालित हो जायेगे। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में गांवो की भूमिका सबसे अहम है। अगर गांव समृद्ध और आत्मनिर्भर होगे तो विकसित भारत का संकल्प पूरा होने से कोई रोक नहीं सकता।

उन्होंने अपने संबोधन में अहम जानकारी देते हुए बताया कि कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम लोग पूरे प्रदेश में जन जागरूकता अभियान चला रहे है। विभाग और जिला प्रशासन ने वरुणा नदी के 12 किलोमीटर की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया, इसके साथ ही वाराणसी में भी वरुणा की सफाई और जन जागरूकता अभियान चलाया गया। कहा कि प्लास्टिक का उपयोग आज कम हो रहा है। लोग खुद जागरूक हो रहे है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी व भाजपा नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से गांवों की तस्वीर बदल रही है। गांवों में बिजली, स्वास्थ्य, अच्छी सड़के और बेहतर शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं मिल रही है।

इस अवसर पर सच्चिदानंद सिंह, शरद सिंह, जसवंत, रंजीत सिंह, प्रमोद सिंह, राम विजय पांडे, विजय बहादुर सिंह, फतेह बहादुर सिंह, अभिषेक सिंह, दिग्विजय सिंह, रमेश सिंह, ओम प्रकाश सिंह, पप्पू सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मैनपुरी में 27 मार्च को वृहद रोजगार मेला

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि उ.प्र. रोजगार मिशन के अन्तर्गत जनपद के युवाओं को रोजगार दिलाने हेतु दि. 27 मार्च को प्रातः 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होने शासन की मंशा के अनुसार जनपद समस्त शैक्षिक, व्यवसायिक संस्थानों के उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को रोजगार दिलाने हेतु समस्त प्राचार्य महाविद्यालय, जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक, प्रधानाचार्य राजकीय, प्राइवेट आई.टी.आई., जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, निदेशक आरसेटी को निर्देशित किया है कि अपने संस्थान से सम्बन्धित सभी छात्र-छात्राओं को उक्त वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। उन्होने बताया कि विभागीय एकीकृत पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीयन कराकर आपके संस्थान से रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहे छात्र-छात्राओं की सूची जिला सेवायोजन कार्यालय को उपलब्ध करा दें, इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये।

# राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने युवाओं व कारीगरों को किया सशक्त, ऋण व टूलकिट वितरित

**अवधनामा संवाददाता**



**महोत्सव में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा, विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए युवा उद्यमी**
**सरकारी योजनाओं का मिला लाभ, जौनपुर के युवाओं को रोजगार की नई दिशा**

**जौनपुर।** जौनपुर महोत्सव के अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव के द्वारा जनपद के युवाओं एवं कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उद्योग विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण एवं टूलकिट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत रीमा प्रजापति एवं इमराना को सिलाई सेंटर स्थापित करने हेतु श्री 5-5 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया। इसी क्रम में आदर्श श्रीवास्तव को मोबाइल रिपेयरिंग व्यवसाय के लिए रु0 5 लाख की सहायता प्रदान की गई। एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत संजय को ऊनी दरी उद्योग स्थापित करने हेतु रु0 10 लाख का ऋण दिया गया। वहीं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत मोहम्मद इशाक अली को वुडन फर्नीचर उद्योग के लिए रु0 10 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त विश्वकर्मा श्रम सम्मान के अंतर्गत अजय (कुम्हार), अजय कुमार (लोहार), रूबी सिंह (ऊनी दरी) अरुण कुमार बिंद को उनके-उनके ट्रेड के अनुसार टूलकिट वितरित किए गए। राज्यमंत्री ने कहा कि शासन की इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना एवं पारंपरिक कारीगरों को सशक्त बनाना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और जनपद के आर्थिक विकास में योगदान दे सकें। उद्योग विभाग द्वारा संचालित इन योजनाओं से लाभान्वित होकर लाभार्थियों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया तथा अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक के0के0 पाण्डेय, सहायक आयुक्त उद्योग जय प्रकाश सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सबा कॉन्वेंट स्कूल में एनुअल रिजल्ट डे आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर/आजमगढ़।** सबा कॉन्वेंट स्कूल मुबारकपुर एवं भटौरा ब्रांच में बुधवार को वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित करने के लिए एनुअल रिजल्ट डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक अफ़रोज़ अहमद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के नाम इस प्रकार हैं (मोहम्मद ज़ैन अब्बास क्लास नर्सरी 100 प्रतिशत ,इंशा राशिद क्लास नर्सरी 99.66 प्रतिशत ,मनायता गुप्ता lkg 99.66 प्रतिशत, आरोही क्लास lkg 100 प्रतिशत, परिधी गौतम lkg 100 प्रतिशत, आयशा शरीफ kg 100 प्रतिशत, श्रुति गौतम kg 100 प्रतिशत, हलीमा lkg 99.25 प्रतिशत, सोफ़िया अज़ीज़ी1 क्लास 1st 100 प्रतिशत, मोहम्मद मोसद्दीक क्लास 1st 99.83 प्रतिशत, मोहम्मद अरहम क्लास 1st 99.18 प्रतिशत, ताबिश रेहान क्लास 2nd 100 प्रतिशत इत्यादि। प्रधानाचार्या शगुफा नाज़ और उपप्रधानाचार्य अंसर नेयाज़ी ने सभी छात्रों को उनके परिश्रम के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने स्कूल के शिक्षण स्तर और विद्यार्थियों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। शिक्षकों ने छात्रों को आगे भी मेहनत और लगन से पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर भटौरा प्रिंसिपल उम्मे अमीना ने कहा की सीबीएसई 10+2 की मान्यता के बाद यह पहला मौका है जो एनुअल रिज़ल्ट डे का आयोजन रखा गया है।

## रविवार को भी होगा संपत्ति पंजीकरण कार्य

**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** अपर जिलाधिकारी वि./रा. श्याम लता आनन्द ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का अंतिम माह होने के दृष्टिगत माह मार्च में आम-जनमानस द्वारा अधिक संख्या में अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण कराया जाना सम्भावित है। उन्होने बताया कि त्यौहारों के सार्वजनिक अवकाश तथा रविवार को भी आम-जनमानस को विलेख पंजीकरण का अधिकाधिक अवसर, सुविधा प्राप्त कराये जाने के दृष्टिगत माह मार्च के दि. 29 मार्च को जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालयों में निबन्धन कार्य सामान्य कार्य दिवस की भांति सम्पादित किये जायेंगे। उन्होने बताया कि आम-जनमानस की सुविधा के दृष्टिगत 29 मार्च दिन रविवार को जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रहेंगें।

## मुस्कुराते हुए जेल गए पूर्व मंत्री अंसार पहलवान



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** कोल्ड स्टोरेज ढहने के मामले में गिरफ्तार उसका मालिक और पूर्व मंत्री अंसार अहमद उर्फ पहलवान पेशी के दौरान हंसते-मुस्कुराते नजर आये। सपा नेता के समर्थन में अस्पताल से लेकर कोर्ट तक भारी भीड़ जुटी रही। कोर्ट से बाहर निकलते समय वह समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते दिखा। ज्ञात हो कि फाफामऊ स्थित उनके आदर्श कोल्ड स्टोरेज की इमारत 23 मार्च को दोपहर करीब डेढ़ बजे धमाके के बाद ढह गई थी। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 लोग घायल हुए। घटना के बाद गिरफ्तार किए गए अंसार अहमद को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# मिलेट्स रोड शो को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**मोटे अनाजों में छुपा है सेहत का खजानाः डीएम**



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** आज के दौर में थाली से दूर हो चुके मोटे अनाजों को खेती का मुख्य हिस्सा बनाने के उद्देश्य से मिलेट्स रोड शो निकला गया, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से मिलेट्स रोड शो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्ट्रेट परिसर से लाइन बाजार, वाजिदपुर होते हुए कृषि भवन परिषद तक जन जागरूकता मार्च निकाला गया।डीजे, प्रचार वाहनों एवं मिलेट्स को बढ़ावा देने का स्लोगन के जरिए लोगों को मोटे अनाजों के पोषण एवं उपयोगिता की जानकारी दी गई। रैली को रवाना करते समय जिलाधिकारी डा.दिनेश चंद्र ने बताया कि मोटे अनाज ग्लूटेन फ्री होने के कारण अधिक लाभकारी होते हैं। इसका कम पानी कम उर्वरक एवं कम समय में बेहतर उत्पादन लिया जा सकता है, इनकी उपयोगिता को देखते हुए सरकार इसका नाम श्री अन्य योजना दिया है। उन्होंने कहा कि कभी गरीबों का भोजन कहा जाने वाला अनाज आज इसके गुणों एवं उपयोगिता को देखते हुए आहार विशेषज्ञ एवं डॉक्टर इसे सुपर फूड्स की संज्ञा दे रहे हैं। इसको बढ़ावा देने के लिए सरकार मोटे अनाजों के बीजों को निःशुल्क उपलब्ध करा रही है किसान भाई अपने खेतों में इनकी खेती करके कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते है। स्वास्थ्य रहने के लिए भोजन में मोटे अनाजों को शामिल करना आज की एक अनिवार्य आवश्यकता बन गई है। इस मौके पर उप कृषि निदेशक डा. वीबी द्विवेदी, जिलाकृषि अधिकारी विनय सिंह, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डा.स्वाति पाहुजा, अमित कुमार, उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव, टीडी पीजी कालेज के पौध सुरक्षा के प्रोफेसर डा.रमेश सिंह सहित कॉलेज के छात्र छात्राएं तथा किसान उपस्थित रहे।

# विधायक निधि से इंटरलॉकिंग लगने पर अज़ादनगर वासियों को मिली राहत

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर/आजमगढ़।** मुबारकपुर के मोहल्ला अज़ादनगर में बीते देर शाम धन्यवाद विधायक जी कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ विधायक अखिलेश यादव का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया ! बतादें की धन्यवाद विधायक जी कार्यक्रम का आयोजन मोहम्मद उस्मान राईनी के के नेतृत्व में किया गया था। दरअसल शाहीदनगर पिच रोड से उस्मान के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण विधायक निधि से कराया गया था इसी क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित कर विधायक का धन्यवाद फूल माला के साथ किया गया। इस दौरान विधायक अखिलेश यादव ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की मुबारकपुर की जनता को बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं कि जिन लोगों में मुझे ऐसा औसर दिया। अखिलेश यादव ने कहा की पुरे देश में फिरका परस्ती और जातिवाद का नंगा नाच हो रहा है. डबल इंजन की सरकार चाहे देश के अंदुरुनी मामले हों या विदेश नीति हो दोनों पर फेल चल रही है। हमने अपने परंपरागत दोस्तों को छोड़कर जो नए दोस्त बनाए इज़राइल और अमेरिका दोनों मानवता के दुश्मन हैं. दोनों की वजह से पूरी दुनिया तबाही के कगार पर खड़ी है ! इस अवसर हाजी अली अहमद ,उस्मान अहमद फारूक , वीरेंद्र यादव ,सना परवीन ,हाजी मुमताज़ अहमद ,बहादुर यादव ,जहांगीर मुनीम ,शाहनवाज अहमद, गुफरान नेता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मां कल्याणी का मिला कालरात्रि स्वरूप का दर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**जीव जब जीवन के धर्म रथ पर आरूढ़ होकर तभी विजय प्राप्त करेगा : डॉ. अनिरुद्ध जी महाराज**



**प्रयागराज।** मां कल्याणी देवी मंदिर धाम में चल रहे नवरात्रि महोत्सव के सप्तम दिवस पर प्रातःकाल 5 बजे महामंत्री पंडित श्याम जी पाठक ने विधि विधान पूर्वक मां कल्याणी जी का मंगला आरती कर माता कालरात्रि का आह्वान किया। दोपहर 2 बजे तक मां का दर्शन पूजन करने के लिए मंदिर प्रांगण में भक्तों की भारी भीड़ की कतार लगी रही। भक्तों ने प्रांगण में चल रही दुर्गा सप्तशती पाठ और शतचंडी महायज्ञ में भाग लिया। शाम 6 बजे मां कल्याणी देवी का श्रृंगार दर्शन का पट भक्तों के लिए खोला गया और मां कल्याणी साक्षात कालरात्रि स्वरूप में हाथों में खड्ग, गले में मुंड माला और भगवान शिव के ऊपर होकर सवार दिव्य स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिया। मां के अलौकिक रूप का श्रृंगार दर्शन प्राप्त कर भक्तगण भक्ति की मस्ती में सराबोर होकर ने कालो की काल महारानी काली का जोरदार जयकारा लगाते रहे। अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार पाठक ने बताया कि गुरुवार को नवरात्रि के महाअष्टमी तिथि पर मां कल्याणी देवी का श्रृंगार माता महागौरी के स्वरूप में किया जाएगा। मां का संपूर्ण श्रृंगार स्वर्ण आभूषणों एवं फूल फल एवं मेंवों से किया जाएगा। मेले के प्रबंधन अध्यक्ष सुशील कुमार पाठक महामंत्री श्याम जी पाठक संयोजक अनिल पाठक, यज्ञाचार्य संतोषानंद महाराज, दिलीप पाठक एवं सैकड़ो स्वयं सेवक एवं पुलिस के जवान तैनात रहे।

इस अवसर मां कल्याणी देवी मंदिर धाम के अंतर्गत श्री नवसंवत्सर मानस समिति के द्वारा आयोजित श्री राम कथा के सप्तम दिवस पर भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कथा व्यास डा अनिरुद्ध जी महाराज ने लंका कांड के प्रसंग को सुनते हुए भगवान श्री राम और विभीषण के संवाद का धर्म रथ वर्णन करते हुए कहा कि जीव जब जीवन के धर्म रथ पर आरुढ़ होगा तभी विजय प्राप्त करेगा। कथा का संचालन प्रवक्ता ओंकार नाथ त्रिपाठी किया। उन्होंने बताया कि रामनवमी के अवसर 27 मार्च को दोपहर 12:00 बजे समिति के द्वारा धूमधाम के साथ श्री राम जन्मोत्सव एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पंडित कृष्ण कुमार पाठक, महामंत्री सुबोध खन्ना, शिवबाबू त्रिपाठी, राजेश केसरवानी, मनोज टंडन, कुंवर जी टंडन, राजू यादव सहित सैकड़ों भक्तों ने आरती किया।

# 50 लाख मुआवजा व उच्चस्तरीय जांच की मांग : राजू गौतम

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** फाफामऊ स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज में में हुए दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। इस हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 17 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती के निर्देश पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल घटनास्थल पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। नेताओं ने मौके पर मौजूद लोगों से घटना की जानकारी ली और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाए। इस दौरान वरिष्ठ नेता राजू गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष कौशांबी राकेश कुमार गौतम, पूर्व जिला महासचिव मनीष गौतम और शिवांश गौतम ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल विशेष रूप से मृतक जगदीश कुमार के घर पहुंचा, जहां उनकी पत्नी और बच्चों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। नेताओं ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की और गृहस्थी में उपयोग होने वाली आवश्यक राशन सामग्री भी सौंपी। बहुजन समाज के नेताओं ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस गंभीर घटना की उच्च स्तरीय टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि हादसे के वास्तविक कारणों का पता चल सके। साथ ही, उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। पूर्व जोन कोऑर्डिनेटर राजू गौतम ने मृतकों के परिजनों को 50 लाख रु. का मुआवजा और घायलों को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम होती हैं, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाना बेहद जरूरी है। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना को लेकर गहरा दुख व्यक्त किया है और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है। हादसे के बाद से क्षेत्र में दहशत और गम का माहौल है, वहीं पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन

**आज़मगढ़।** विकास खण्ड पल्हनी में महिलाओं तथा बच्चो की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन हेतु वासंतिक नवरात्र के पर्व पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेशानुसार आज ऑगनबाडी केन्द्र सर्फुद्दीनपुर में मिशन शक्ति फेज 0.5 द्वितीय चरण के अन्तर्गत चौत्र नवरात्री के अवसर पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 21 बच्चियों के पॉव पूजकर फल एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मशीयत फातिमा (MASHIYAT FATIMA) पुत्री मोहम्मद अतहर (MOHAMMAD ATHAR) निवासिनी- मकान नं.-450/775/001, फ्रेंड्स कालोनी, मुफ्तिगंज, चौक, लखनऊ उ.प्र. पिन-226003।

मेरे हाईस्कूल की अंकपत्र व मार्कशीट में मेरे पिता का नाम मोहम्मद अतहर (MOHAMMAD ATHAR) के स्थान पर मोहम्मद अतहर हुसैन (MOHAMMAD ATHAR HUSAIN) अंकित हो गया है, जो गलत है। अभिलेखों में में मेरे पिता का नाम (MOHAMMAD ATHAR) दर्ज है, जो सही है।

अतः मेरे पिता का नाम मोहम्मद अतहर (MOHAMMAD ATHAR) सही व सत्य है।

**कार्यालय - अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग, नगर निगम,**
**ऐशबाग लखनऊ**

पत्रांक 3001/EE(HQ)2025-26
दिनांक 25.03.2026

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 01.04.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सीव्ड निविदायें दिनांक 01.04.2026 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स मे प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 01.04.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

1. Supply of 100 mm C.I.D. Joint at H.Q. धरोहर धनराशि 8200.00 एवं निविदा मूल्य 400+18% G.S.T = 472.00
2. Supply of 150 mm C.I.D. Joint at H.Q. धरोहर धनराशि 8300.00 एवं निविदा मूल्य 400+18% G.S.T = 472.00
3. Supply of 80 mm C.I.D. Joint at H.Q. धरोहर धनराशि 8100.00 एवं निविदा मूल्य 400+18% G.S.T = 472.00
4. Supply of 125 mm C.I.D. Joint at H.Q. धरोहर धनराशि 8100.00 एवं निविदा मूल्य 400+18% G.S.T = 472.00

(प्र0) अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

**कार्यालय नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर**

पत्रांक : 1676/नि0सू0/न0पं0 कच0/2025-26 दिनांक : 25/03/2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

नगर पंचायत कचगॉव जौनपुर के समस्त पंजीकृत एवं 3890/नौ-5-19-149सा/2019 लखनऊ दिनांक 20.09.2019 के अनुसार ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास, नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना व नगरीय सीवरेज एवं जलनिकासी योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यो को करने हेतु ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रोक्योरमेण्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निम्न शेड्यूल के अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण, नियम/शर्ते वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**ई-टेण्डर शेड्यूल**

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 1 | आनलाईन निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 25/03/2026 अपरान्ह 02:00 बजे |
| 2 | ठेकेदार/फर्म द्वारा आनलाईन निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 25/03/2026 अपरान्ह 03:00 बजे |
| 3 | ठेकेदार/फर्म द्वारा आनलाईन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 15/04/2026 अपरान्ह 01:00 बजे |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 15/04/2026 अपरान्ह 02:00 बजे |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर**

# एलजीई इंडिया के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स ने सनश्योर एनर्जी और हिंदुजा रिन्यूएबल्स के साथ सोलर पीपीए के जरिए रिन्यूएबल एनर्जी की ओर अपने कदम तेज किए

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स में से एक, एलजीई इंडिया ने सनश्योर एनर्जी और हिंदुजा रिन्यूएबल्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ, अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के विस्तार की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, दीर्घकालिक सोलर पावर परचेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। एलजीई इंडिया अपनी ग्रेटर नोएडा और पुणे मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं के लिए सौर ऊर्जा प्राप्त करेगा, जिससे उसके कार्बन फुटप्रिंट में कमी आएगी और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग की ओर उसका कदम मजबूत होगा।

इन गठबंधनों के हिस्से के रूप में, एलजीई इंडिया ने अपने ग्रेटर नोएडा प्लांट के लिए सनश्योर एनर्जी के साथ 11 मेगावाट पीक के सोलर पीपीए और अपने पुणे प्लांट के लिए एचआरईपीएल के साथ 9.80 मेगावाट पीक के सोलर पीपीए पर हस्ताक्षर किए हैं। एलजीई इंडिया दोनों प्लांट्स के लिए सालाना लगभग 3.21 करोड़ यूनिट रिन्यूएबल एनर्जी प्राप्त करेगा, जिससे प्रोजेक्ट के पूरे जीवनचक्र में सामूहिक रूप से लगभग 0.61 मिलियन मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सकेगा।

एलजीई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ सेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर, श्री होंग जू जियोन ने कहा, यह प्रोजेक्ट एलजीई इंडिया के लिए एक निर्णायक पड़ाव है, जो देश में हमारी पहली कैप्टिव रिन्यूएबल एनर्जी परियोजना है और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में हमारे मजबूत कदम को दर्शाता है।उन्होंने आगे कहा, यह RE100 पहल के तहत 100त्न रिन्यूएबल एनर्जी प्राप्त करने के हमारे लक्ष्य सहित एलजी की वैश्विक सस्टेनेबिलिटी प्रतिबद्धताओं के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। हमारे ऑपरेशन्स को बिजली देने के अलावा, ये सहयोग 2070 तक भारत के नेट-जीरो लक्ष्यों को पूरा करने में हमारे योगदान को भी मजबूत करते हैं और जिम्मेदार मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में हमारी यात्रा को गति देते हैं। स्वच्छ ऊर्जा को अपने प्रोडक्शन इकोसिस्टम के साथ जोड़कर, हम न केवल अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम कर रहे हैं बल्कि एलजीई इंडिया के उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को भी बढ़ा रहे हैं। सनश्योर एनर्जी उत्तर प्रदेश के एरच में अपने 82.5 मेगावाट पीक के सोलर प्लांट से सालाना लगभग 1.6 करोड़ यूनिट स्वच्छ बिजली की आपूर्ति करेगी।

इससे एलजीई इंडिया अपने ग्रेटर नोएडा प्लांट की ऊर्जा आवश्यकता का लगभग 30% पूरा करने में सक्षम होगा और प्लांट में कुल रिन्यूएबल एनर्जी की खपत को लगभग 50% तक बढ़ा सकेगा, जबकि प्रोजेक्ट के जीवनचक्र में 0.30 मिलियन मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन को कम कर सकेगा। इसी तरह, एचआरईपीएल नांदेड़ (महाराष्ट्र) में अपने 27.7 मेगावाट पीक के सोलर प्लांट से सालाना 1.61 करोड़ यूनिट स्वच्छ बिजली की आपूर्ति करेगा, जिससे पुणे प्लांट की 40% ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और प्रोजेक्ट के जीवनचक्र में 0.31 मिलियन मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी। इस गठबंधन पर प्रकाश डालते हुए, सनश्योर एनर्जी के फाउंडर, चेयरमैन और सीईओ, श्री शशांक शर्मा ने कहा, सनश्योर एनर्जी सभी क्षेत्रों और भौगोलिक स्थानों में भारत के औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन को आगे बढ़ाने में सबसे आगे है और भारत में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन को गति देने पर गर्व महसूस करता है।

यह सहयोग एक पावर परचेज एग्रीमेंट से कहीं बढ़कर है - यह एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के साथ एक दीर्घकालिक रिश्ते की शुरुआत का प्रतीक है, जो एक ऐसी कंपनी है जिसे उसकी गुणवत्ता, इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और निरंतरता के लिए जाना जाता है और ये मूल्य सनश्योर के साथ गहराई से मेल खाते हैं। इस सहयोग के माध्यम से, भारत में निर्मित एलजीई इंडिया के उत्पाद स्वच्छ ऊर्जा से संचालित होंगे, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक सस्टेनेबल विकल्प चुनने में मदद मिलेगी। एचआरईपीएल के एमडी और सीईओ, श्री दीपक ठाकुर ने कहा, हम एलजीई इंडिया की सस्टेनेबिलिटी यात्रा का हिस्सा बनकर प्रसन्न हैं। यह पड़ाव रिन्यूएबल एनर्जी को अपनाने के प्रति एलजीई इंडिया की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और कार्बन न्यूट्रैलिटी हासिल करने के लिए इसके क्लीन मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में बदलाव को गति देने में मदद करेगा, साथ ही इसे अधिक सस्टेनेबल भविष्य की ओर ले जाएगा।

यह प्रोजेक्ट विश्वसनीय ग्रीन पावर समाधान प्रदान करने की एचआरईपीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो संगठनों को अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करते हैं। दोनों समझौते 25 साल की अवधि के लिए हैं और आधिकारिक तौर पर कैलेंडर वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में शुरू होंगे।

# एसबीआई पेंशन फंड्स ने रिटायरमेंट तैयारी पर दिया जोर, उत्तर प्रदेश में एनपीएस विस्तार तेज




**लखनऊ।** नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के तहत देश की सबसे बड़ी पेंशन फंड मैनेजर एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड ने रिटायरमेंट योजना की बढ़ती आवश्यकता और एनपीएस इकोसिस्टम में हालिया विकासों पर प्रकाश डाला। उत्तर प्रदेश, जहां कार्यबल तेजी से बढ़ रहा है और असंगठित क्षेत्र के कामगारों की बड़ी संख्या मौजूद है, सामाजिक सुरक्षा और पेंशन कवरेज को बढ़ाने की अपार संभावनाएं रखता है। एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक और आर्थिक केंद्र के रूप में लखनऊ वित्तीय जागरूकता बढ़ाने और टियर-2 व टियर-3 शहरों तक पेंशन लाभ पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहा है, जिससे व्यापक स्तर पर रिटायरमेंट सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। एसबीआई पेंशन फंड्स खुदरा और कॉरपोरेट दोनों वर्गों में एनपीएस अपनाने को बढ़ाने पर लगातार ध्यान दे रहा है। इसके लिए कंपनी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के व्यापक नेटवर्क का इस्तेमाल कर रही है, डिजिटल क्षमताओं को मजबूत कर रही है और वित्तीय साक्षरता व भविष्य की तैयारी को बढ़ावा दे रही है। कंपनी एक अनुशासित और दीर्घकालिक निवेश रणनीति का पालन करती है, जिसमें विविधीकृत इक्विटी निवेश, स्थिर फिक्स्ड इनकम रणनीतियां और नए एसेट क्लासेस का चयनात्मक समावेश कर विकास और पूंजी संरक्षण के बीच संतुलन बनाया जाता है। एसबीआई पेंशन फंड्स के एमडी और सीईओ प्रणय द्विवेदी ने कहा, ÷रिटायरमेंट प्लानिंग अब विकल्प नहीं, बल्कि वित्तीय आवश्यकता बन चुकी है। कम लागत, लचीलापन और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के कारण एनपीएस लाखों भारतीयों के लिए डिफॉल्ट रिटायरमेंट समाधान बनने की क्षमता रखता है, खासकर तब जब उभरते शहरों में इसकी जागरूकता बढ़ रही है। बढ़ती जीवन प्रत्याशा, स्वास्थ्य खर्चों में वृद्धि और पारिवारिक संरचनाओं में बदलाव के कारण रिटायरमेंट योजना बेहद जरूरी हो गई है। हालांकि, भारत के गैर-सरकारी कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा अब भी संगठित पेंशन व्यवस्था से वंचित है। एनपीएस एक कम लागत, पारदर्शी, कर-अनुकूल और लचीला रिटायरमेंट बचत प्लेटफॉर्म के रूप में लगातार मजबूत हो रहा है, जिसे पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा किए गए हालिया सुधारों का समर्थन प्राप्त है।

# जगमग अयोध्याः राम नवमी से पहले सिग्निफाई ने किया शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों को रोशन

**अयोध्या।** राम नवमी के पावन पर्व पर अयोध्या नगरी इन दिनों जोर-शोर से लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत की तैयारी में जुटी है। ऐसे में, अयोध्या में लाइटिंग क्षेत्र की वैश्विक अग्रणी कंपनी, सिग्निफाई (यूरनेक्स्ट~ लाइट) ने शहर के आठ प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को रोशनी से जगमग कर दिया है। इस पहल के तहत प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों पर आधुनिक लाइटिंग सॉल्यूशंस लगाए गए हैं, जो इस महत्वपूर्ण पर्व के दौरान श्रद्धालुओं के अनुभव को और भी बेहतर बनाने का काम कर रहे हैं। भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या हर वर्ष देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करती है। श्री राम नवमी के इस पावन अवसर पर जब पूरा शहर भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह से सराबोर हो उठता है, ऐसे में सिग्निफाई द्वारा रोशन किए गए ये स्थल पूरे वातावरण को और भी दिव्य बना रहे हैं। यह पहल न सिर्फ इस पवित्र माहौल को और गहन, बल्कि यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं के अनुभव को और अधिक जीवंत और यादगार बना देगी। इस प्रोजेक्ट के तहत अयोध्या के कई ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण स्थलों को शामिल किया गया है।



नागेश्वर नाथ मंदिर,जो अयोध्या के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक है और अटूट आस्था का प्रतीक माना जाता है, को इस तरह रोशन किया गया है कि वहाँ का आध्यात्मिक वातावरण और अधिक प्रभावशाली हो सके। इसके साथ ही भगवान श्रीराम के पिता महाराज दशरथ की स्मृति में बने पवित्र स्थल, दशरथ समाधि को भी इस पहल के अंतर्गत रोशनी से आलोकित किया गया है, जिससे इसकी गरिमा और भी बढ़ गई है। इस लाइटिंग पहल के तहत नंदीग्राम स्थित प्राचीन भरत मंदिर को भी रोशन किया गया है, जिसे भगवान श्रीराम के वनवास के दौरान भरत की अटूट भक्ति का प्रतीक माना जाता है। इसके साथ ही हनुमान-भरत मिलाप मंदिर को भी इस पहल में शामिल किया गया है। इस मंदिर में रामायण में वर्णित हनुमान और भरत के पवित्र मिलन की स्मृति जुड़ी है। वंदीजल्पा देवी मंदिर,जो एक प्राचीन शक्तिपीठ और रघुकुल की कुलदेवी का स्थल है तथा राम गुलैला मंदिर,जो राम जन्मभूमि दर्शन और परिक्रमा मार्ग का महत्वपूर्ण हिस्सा है, को भी बड़ी ही खूबसूरती से रोशन किया गया है। इन सभी स्थलों की सजावट श्रद्धालुओं और दर्शकों के अनुभव को और अधिक दिव्य और विशेष बना रही है।

# रेंज और चार्जिंग से आगेः रियल-टाइम टेलीमैटिक्स कैसे आकार दे रहा है अगली पीढ़ी के EVs को

**नई दिल्ली।** श्री आनंद कुलकर्णी, चीफ़ प्रोडक्ट्स ऑफिसर, एचवी प्रोग्राम्स और कस्टमर सर्विस प्रमुख, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के नाम से इलेक्ट्रिक वाहन अब केवल परिवहन का साधन नहीं रह गए हैं; वे टिकाऊ, बुद्धिमान और कनेक्टेड मोबिलिटी प्लेटफ़ॉर्म में बदल चुके हैं। टेलीमैटिक्स के माध्यम से श्ङ्क्ष्य लगातार ड्राइविंग व्यवहार, ऊर्जा उपयोग, चार्जिंग पैटर्न और कंपोनेंट प्रदर्शन पर डेटा उत्पन्न करते हैं। इस रियल-टाइम डेटा का विश्लेषण निर्माताओं को यह समझने में मदद करता है कि ग्राहक वास्तव में अपने वाहनों का उपयोग कैसे करते हैं, और उसी आधार पर वाहन डिज़ाइन को बेहतर बनाया जा सकता है। पहले श्ङ्क विकास मुख्य रूप से सिमुलेशन, टेस्ट ट्रैक और अनुमानित उपयोग पर आधारित होता था। टेलीमैटिक्स ने इस दृष्टिकोण को पूरी तरह बदल दिया है। उदाहरण के लिए, चार्जिंग डेटा यह दिखा सकता है कि अधिकांश उपयोगकर्ता रात में घर पर चार्ज करते हैं। इससे निर्माताओं को घरेलू चार्जिंग दक्षता को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा मिलती है। शहरी ड्राइविंग डेटा अक्सर बार-बार ब्रेक लगाने को उजागर करता है, जिससे रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम को और मज़बूत किया जा सकता है। वहीं, हाईवे पर अधिक उपयोग से तेज़ चार्जिंग क्षमता पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता सामने आती है। इस तरह की सटीकता पहले संभव नहीं थी। कनेक्टेड श्ङ्क्ष्य अब यह विस्तार से बताते हैं कि चालक रोज़मर्रा की दिनचर्या में कैसे एक्सीलरेट करते हैं, ब्रेक लगाते हैं और चार्ज करते हैं। इन जानकारियों से निर्माताओं को उत्पाद विकास को वास्तविक उपयोग के अनुरूप बनाने में मदद मिलती है, न कि केवल अनुमान पर। टेलीमैटिक्स ने ग्राहक-केंद्रितता को भी नया रूप दिया है। पहले निर्माता वारंटी क्लेम या सर्विस विज़िट जैसे विलंबित संकेतों पर निर्भर रहते थे। अब रियल-टाइम इनसाइट्स के ज़रिए कुछ ही दिनों या हफ्तों में समस्याओं का पता लगाया जा सकता है। इससे ओवर-द-एयर अपडेट या समय पर डिज़ाइन सुधार के माध्यम से तुरंत समाधान संभव हो जाता है। यह विशेष रूप से उन बाज़ारों में महत्वपूर्ण है जहाँ ड्राइविंग और भौगोलिक परिस्थितियाँ विविध होती हैं। हालाँकि, टेलीमैटिक्स की सफलता उपभोक्ता विश्वास पर निर्भर करती है।

निर्माताओं को स्पष्ट रूप से बताना होगा कि कौन-सा डेटा एकत्र किया जा रहा है, उसका उपयोग कैसे किया जा रहा है और उससे ग्राहकों को क्या लाभ मिलेगा। जब पारदर्शिता, डेटा सुरक्षा और गोपनीयता को प्राथमिकता दी जाती है, तो टेलीमैटिक्स एक साझेदारी बन जाता है जो सुरक्षित, अधिक कुशल और बेहतर डिज़ाइन वाले श्ङ्क्ष्य प्रदान करता है। एआई और एनालिटिक्स में प्रगति के साथ, आज के वाहन कल के मोबिलिटी समाधान को सक्रिय रूप से आकार दे रहे हैं।

# रिसर्च एनालिस्ट और निवेश सलाहकारों की वार्षिक ऑडिट के लिए कॉस्ट अकाउंटेंट्स को भी अनुमति




**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने बड़ा फैसला लेते हुए रिसर्च एनालिस्ट और निवेश सलाहकारों के वार्षिक ऑडिट के लिए अब कॉस्ट अकाउंटेंट्स को भी मंजूरी दे दी है। इस नए नियम और ऑडिट डेडलाइन की पूरी जानकारी के लिए यह खबर अभी पढ़ें। बाजार नियामक सेबी ने रिसर्च एनालिस्ट और निवेश सलाहकारों के वार्षिक ऑडिट की अनुमति कॉस्ट अकाउंटेंट्स (लागत लेखाकारों) को भी दे दी है। यह कदम योग्य पेशेवरों के दायरे को बढ़ाएगा। पहले केवल इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के सदस्य ही यह ऑडिट कर सकते थे। सेबी ने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्यों को भी अब इसमें शामिल किया है। सेबी ने बुधवार को जारी सर्कुलर में यह जानकारी दी। इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के प्रतिनिधित्व पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया गया है। लागत लेखाकारों को रिसर्च एनालिस्ट और निवेश सलाहकारों के वार्षिक ऑडिट के लिए मान्यता दी गई है। सेबी ने अपने मास्टर सर्कुलर में संशोधन किया है। यह मास्टर सर्कुलर 6 फरवरी, 2026 को जारी किया गया था। संशोधित नियमों के तहत, रिसर्च एनालिस्ट और निवेश सलाहकारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत से छह महीने के भीतर सेबी नियमों के अनुपालन का वार्षिक ऑडिट कराना होगा। ऑडिट रिपोर्ट को पूरा होने के एक महीने के भीतर जमा करना अनिवार्य है। इसे पिछले वित्तीय वर्ष के लिए 31 अक्टूबर से पहले जमा करना होगा। यह रिपोर्ट सेबी या संबंधित पर्यवेक्षी निकायों को प्रस्तुत की जाएगी। ऑडिट रिपोर्ट सेबी या रिसर्च एनालिस्ट एडमिनिस्ट्रेशन एंड सुपरवाइजरी बॉडी (आरएएएसबी) को जमा करनी होगी। निवेश सलाहकारों के लिए यह रिपोर्ट निवेश एडवाइजर्स एडमिनिस्ट्रेशन एंड सुपरवाइजरी बॉडी (आईएएएसबी) को भी जमा की जा सकती है। रिपोर्ट पूरा होने के एक महीने के भीतर जमा की जानी चाहिए। किसी भी स्थिति में, इसे पिछले वित्तीय वर्ष के लिए 31 अक्तूबर तक जमा करना होगा। यह सुनिश्चित करेगा कि अनुपालन समय पर हो। रिसर्च एनालिस्ट को अपनी वेबसाइटों पर अनुपालन ऑडिट रिपोर्ट की स्थिति प्रकाशित करनी होगी। उन्हें किसी भी प्रतिकूल निष्कर्ष का खुलासा करना होगा। साथ ही, सुधारात्मक कार्यों की जानकारी भी देनी होगी। यह रिपोर्ट अपने ग्राहकों के साथ साझा करना भी अनिवार्य है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और ग्राहकों को जानकारी मिलेगी। सेबी ने निवेश सलाहकारों के लिए भी एक स्पष्टीकरण जारी किया है। उन्हें ग्राहक-स्तर पर अलगाव की आवश्यकताओं के अनुपालन की पुष्टि करने वाला वार्षिक प्रमाण पत्र बनाए रखना होगा।

## एमएसई ने इक्विटी सेगमेंट के लिए मार्केट मेकर्स की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की

**नई दिल्ली।** एमएसई ने अपने इक्विटी सेगमेंट के लिए मार्केट मेकर्स नियुक्त करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है।

इस कदम से बाजार में लेनदेन की गहराई बढ़ने, कीमतों के सही निर्धारण में मदद मिलने और ट्रेडिंग के अनुभव को और बेहतर बनाने की उम्मीद है। एमएसई 1 अप्रैल 2026 से बाजार में लिक्विडिटी बढ़ाने के उपाय शुरू करेगा।

इसका उद्देश्य बाजार में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना और ट्रेडिंग के लिए एक सक्रिय माहौल तैयार करना है।

ये कदम एमएसई की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके तहत वह सभी जुड़े हुए पक्षों के लिए एक पारदर्शी, कुशल और प्रतिस्पर्धी बाजार उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रहा है।

# आदित्य रिखारी, कुतले खान और रैवाटॉर ने 'ऐ अजनबी' के साथ कोक स्टूडियो भारत सीजन 4 का समां बांधा

**नई दिल्ली।** भारत की विविध संगीत विरासत का जश्न मनाने वाले मंच, कोक स्टूडियो भारत ने अपने चौथे सीजन का आगाज़ पहले ट्रैक 'ऐ अजनबी' के साथ कर दिया है। यह गाना उस एहसास के बारे में है जो कभी पुराना नहीं होता– और वह है तड़प। आदित्य रिखारी की सुरीली और सहज आवाज़, लोक संगीत के उस्ताद कुतले खान की रूहानी गायकी और रैवाटॉर के शानदार प्रोडक्शन के साथ तैयार यह गाना दो अलग-अलग दौरों के बीच की बातचीत जैसा है। यह उस प्यार को बयां करता है जो कभी चिट्ठियों में लिखा जाता था और उस प्यार को भी जो आज के दौर में अनसेंट (ना भेजे गए) मैसेज में दबा रहता है। 'ऐ अजनबी' प्यार की उस सरल लेकिन शाश्वत सचाई को टटोलता है कि भले ही प्यार जताने की भाषा बदल गई हो, लेकिन उसके पीछे का दर्द आज भी वही है। यह गाना चोरी-छिपे देखने और हाथ से लिखी कविताओं की शांति से लेकर, देर रात वाले मैसेज और अनकहे इकरार की बेचैनी तक, हर दौर के इंतज़ार को महसूस कराता है। यह न तो बीते कल को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाता है और न ही आज की भाग-दौड़ में खो जाता है; यह दोनों को एक साथ, हर सांस में जीने का मौका देता है। संगीत के नज़रिये से देखें तो यह गाना भावनाओं के एक पुल जैसा है। इसमें लोक संगीत की धुन और आज का पॉप संगीत इतनी सहजता से मिलते हैं कि यह परंपरा को साथ निभाते हुए भी बिल्कुल आधुनिक लगता है। रिखारी अपनी आवाज़ से गाने को आज की हकीकत से जोड़ते हैं, वहीं कुतले खान इसमें वो गहराई और रूहानी सुकून भर देते हैं जो सदियों पुरानी तड़प जैसा महसूस होता है। रैवाटॉर इन दोनों अलग-अलग दुनियाओं को खूबसूरती से एक साथ लाते हैं, जिससे गाने को एक नया निखार मिलता है और उसकी मूल भावना भी सुरक्षित रहती है। नतीजा यह है कि यह गाना उन लोगों के दिलों को भी छूता है जो पुराने सुरीले गानों के साथ पले-बढ़े हैं और उन्हें भी, जो आज के दौर में पहली बार प्यार को महसूस कर रहे हैं। कोका-कोला इंडिया और साउथ वेस्ट एशिया के आईएमएक्स (एकीकृत विपणन अनुभव) प्रमुख, शांतनु गंगाने ने कहा, ÷आज का भारतीय संगीत किसी एक दायरे तक सीमित नहीं है। श्रोता अब लोक संगीत, इंडी, इलेक्ट्रॉनिक और कई अन्य शैलियों के बीच सहजता से जुड़ते हैं। ऐ अजनबी के साथ, कोक स्टूडियो भारत अलग-अलग पीढ़ियों, संस्कृतियों और संगीत की ध्वनियों को एक साथ जोड़ रहा है। हम इस सीजन की शुरुआत बेहद प्रतिभाशाली और युवाओं की पसंद आदित्य रिखारी के साथ करने को लेकर रोमांचित हैं। उनकी लोकप्रियता और लोक उस्ताद कुतले खान की पारंपरिक जड़ों का यह मेल कोक स्टूडियो भारत के मूल भाव का उत्सव है।

# SOCIAL भारत के सबसे बड़े क्रिकेट सीज़न का जश्न मनाने के लिए #DoosraStadium 2026 को वापस ला रहा है



**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे देश अपने सबसे बहुप्रतीक्षित क्रिकेट सीज़न के लिए तैयार हो रहा है, SOCIAL 28 मार्च से 31 मई 2026 तक अपने हाई-एनर्जी वाले #DoosraStadium अनुभव को वापस लाने के लिए तैयार है, जो पूरे भारत में अपने आउटलेट्स को मैच-डे के लिए सबसे बेहतरीन जगह में बदल देगा। क्रिकेट देखने के रोमांचक अनुभव, ऐसे इंटरैक्टिव फ़ॉर्मेट जो खेल को बड़ी स्क्रीन से आपके फ़ोन तक ले जाते हैं, और भारत की पसंदीदा टीमों से प्रेरित खास तौर पर तैयार किए गए मेनू के साथ, SOCIAL एक ऐसा अनुभव देने का वादा करता है जो सिर्फ़ खेल देखने से कहीं ज़्यादा बढ़कर है। पूरे भारत में क्रिकेट का ज़बरदस्त जश्न~ क्षेत्रीय स्वाद और मैच-डे का मज़ा एक साथ इस सीज़न में, SOCIAL एक खास तौर पर तैयार किया गया मेनू पेश कर रहा है जिसमें नौ खास डिश शामिल हैं; हर डिश देश भर के मशहूर स्वादों का जश्न मनाती है, और इन्हें रोमांचक मैचों के दौरान दोस्तों के साथ शेयर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मसालेदार, मज़ेदारराजस्थान बैलिस्टिक भजिया (मिर्च के पकौड़े जिनमें चेडर चीज़ और आलू भरा होता है) से लेकर हैदराबाद कीOG हलीम बिरयानी (जहाँ स्वादिष्ट मटन हलीम, एक ज़बरदस्त बिरयानी के ऊपर परोसा जाता है) तक, यह मेनू बोल्ड, पुरानी यादें ताज़ा करने वाले और क्षेत्रीय जड़ों से जुड़े स्वादों को एक साथ लाता है। फ़ैन्सलखनऊ भरवां गलाउटी का मज़ा ले सकते हैं - एक ऐसी वेज गलाउटी जो मुँह में घुल जाती है और जिसमें क्रीम चीज़ भरा होता है; या फिर बेंगलुरु केह्ल स्टेडियम समोसे का नाश्ता कर सकते हैं - कुरकुरे प्याज़ के समोसे जिन्हें नारियल की चटनी के साथ परोसा जाता है, जो मैच के दौरान खाने के लिए एकदम सही हैं। यह ज़बरदस्त दावतपंजाब सिक्सर छोले भटूरे के साथ जारी रहती है - एक ज़बरदस्त, मज़ेदार क्लासिक डिश; औरगुजरात फरसान प्लैटर जिसमें फाफड़ा, खाखरा और खिचीया पापड़ शामिल हैं, जिन्हें तीखी चटनी के साथ परोसा जाता है।मुंबई वड़ा प्लैटर में स्ट्रीट-स्टाइल के पसंदीदा स्नैक्स एक साथ मिलते हैं - साबूदाना वड़ा, बटाटा वड़ा, कोथिंबीर वड़ी और भाकरवड़ी का एक ज़बरदस्त मिक्स। नॉन-वेज खाने वालों के लिए,दिल्ली मैच मोमोज़ में रसीले मटन से भरे डंपलिंग्स को मसालेदार ग्रेवी के साथ परोसा जाता है, जबकिकोलकाता फिलेट-ओ-फ़िश बर्गर में कुरकुरी फ़िश फ्राई को कसौंदी सरसों वाली मेयोनेज़ के साथ मिलाया जाता है, जो एक तीखा और स्वादिष्ट स्वाद देता है। चाहे आप अपने शहर की टीम को चीयर कर रहे हों या सिर्फ़ खाने के शौकीन हों, SOCIAL का मैच-डे मेन्यू यह पक्का करता है कि हर निवाला उतना ही रोमांचक लगे जितना कि मैच। जो लोग घर से मैच देख रहे हैं, उनके लिए मैच-डे मेन्यू के कुछ खास पसंदीदा आइटम Zomato और Swiggy पर डिलीवरी के लिए भी उपलब्ध होंगे। हर बाउंड्री पर चीयर्स करेंः बीयर बकेट, कॉकटेल और भी बहुत कुछ फैंस SOCIAL के नए लॉन्च किए गए Grenades का मज़ा ले सकते हैं; ये ऐसे बोल्ड और आसानी से पिए जाने वाले मिक्स हैं जिन्हें मैच के हर पल का मज़ा बढ़ाने के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है।

ये सिंपल, ज़ोरदार और शेयर करने के लिए एकदम सही हैं, जो मैच-डे के पूरे अनुभव को और भी मज़ेदार बनाते हैं। इसके साथ ही, मेहमान Lifaafa,SOCIAL Emotions,LLIIC जैसे नए पसंदीदा ड्रिंक्स आज़मा सकते हैं या फिर Banarasi Patiala,SOCIAL Screwdriver,LLIIT,Manhattan •1⁄UOld Fashioned जैसे सदाबहार क्लासिक्स चुन सकते हैं। 3, 6 और 9 के सेट में मिलने वाली बीयर बकेट इस ऑफर को पूरा करती हैं, जिससे ग्रुप्स के लिए आराम से बैठकर मैच का हर ओवर देखना आसान हो जाता है।

**स्क्रीन से आगेः मर्चेंडाइज़, गिवअवे और गेम वाला मज़ा**

इस साल की एक खास बात एक इंटरैक्टिव मोबाइल क्रिकेट गेम की शुरुआत है, जिसे फैंस SOCIAL में खेल सकते हैं और बड़े इनाम जीत सकते हैं। ओवरों के बीच के समय के लिए डिज़ाइन किया गया यह गेम फैंस को साथ खेलने, पॉइंट्स जमा करने और दोस्तों के साथ मुकाबला करने का मौका देता है, जिससे मैच-डे के अनुभव में एक मज़ेदार और प्रतिस्पर्धी पहलू जुड़ जाता है। इसे एक कदम और आगे ले जाते हुए, SOCIAL, इस सीज़न के आधिकारिक पार्टनर nited Breweries के साथ मिलकर, फैंस को खास मर्चेंडाइज़, गिवअवे और मैच टिकट देकर खेल के और करीब लाता है, जिससे हर विज़िट यादगार बन जाती है।

# महादेव एप केस में ईडी एक्शनः बुर्ज खलीफा के फ्लैट्स सहित 1700 करोड़ की संपत्ति अटैच

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को महादेव एप मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने धनशोधन से जुड़े इस मामले में लगभग 1,700 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। यह कार्रवाई दुनिया की सबसे ऊंची इमारत दुबई के बुर्ज खलीफा (829.8 मीटर) में स्थित अपार्टमेंट में भी की गई है। यह हाई-प्रोफाइल मामला अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़ा है। इस जांच के दायरे में छत्तीसगढ़ के कई बड़े नेता और नौकरशाह भी हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी के रायपुर जोनल ऑफिस ने यह अस्थायी आदेश जारी किया है। इसके तहत दुबई हिल्स एस्टेट (हिल्स व्यू, फेयरवे रेजिडेंसी और सिद्रा) में 18 हाई-वैल्यू लग्जरी विला और अपार्टमेंट्स को अटैच किया गया है। इसके अलावा दुबई के बिजनेस बे, एसएलएस होटल एंड रेजिडेंसेस और बुर्ज खलीफा में कई हाई-एंड अपार्टमेंट्स भी इस जब्ती का हिस्सा हैं। अंतरराष्ट्रीय संपत्तियों के साथ-साथ दिल्ली में स्थित दो अचल संपत्तियों को भी अटैच किया गया है। ईडी के अनुसार, कुर्क की गई इन सभी संपत्तियों का उचित बाजार मूल्य लगभग 1,700 करोड़ रुपये है।

जांच एजेंसी ने साफ किया है कि ये संपत्तियां महादेव ऑनलाइन बुक और टाइगर एक्सचेंज, गोल्ड365 व लेजर247 जैसे कई अन्य प्लेटफॉर्म्स के जरिए किए गए अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी के पैसे से खरीदी गई थीं। महादेव एप एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सट्टेबाजी सिंडिकेट के रूप में काम कर रहा था। इस सिंडिकेट को मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल दुबई से नियंत्रित करते थे, जबकि भारत में इसका पूरा नेटवर्क पैनल और ब्रांच के फ्रैंचाइजी मॉडल पर चल रहा था। जब्त की गई संपत्तियां सौरभ चंद्राकर की हैं और इन्हें उसके तथा उसके सहयोगियों विकास छापरिया, रोहित गुलाटी, अतुल अरोड़ा, नितिन टिबरेवाल, सुरेंद्र बागरी की ओर से नियंत्रित संस्थाओं के नाम पर रखा गया था।

# कुशीनगर में वर्दी पर दाग : गांजा तस्करी में 4 सिपाही फंसे, फर्जी लूट का खुलासा

अवधनामा ब्यूरो

- रामकोला में गांजा तस्करी के पैसों के बंटवारे को लेकर रची गई थी फर्जी लूट की कहानी

**कुशीनगर।** जिले में चर्चित रामकोला लूट कांड ने अब चौंकाने वाला मोड़ ले लिया है। जिस घटना को अब तक लूट समझा जा रहा था, वह दरअसल गांजा तस्करी से जुड़े पैसों को हड़पने की साजिश निकली। जांच में खुलासा हुआ है कि तस्करी से कमाए गए रुपयों के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद पूरी लूट की कहानी गढ़ी गई। इस साजिश में पुलिस विभाग के ही चार सिपाहियों की भूमिका सामने आने से हड़कंप मच गया है। खुलासा में जो तथ्य सामने आए है उसमें आरोप है कि सिपाही सूरज गिरी, जितेंद्र, विनोद और नितेश आठ तस्करों के साथ मिलकर गांजा तस्करी का गिरोह संचालित कर रहे थे।

बता दें कि रामकोला थाना क्षेत्र में 20 मार्च 2026 को डायल 112 पर 3 लाख 5 हजार रुपये की लूट की सूचना दी गई थी। जांच के दौरान सूचना संदिग्ध पाई गई। गहन पूछताछ में शिकायतकर्ता सुंदर लाल निषाद ने स्वीकार किया कि लूट की कहानी झूठी थी और यह पूरा मामला गांजा तस्करी से जुड़ा है। पुलिस ने आरोपी के बताए अनुसार उसके घर पर छापा मारकर 21 किलो 100 ग्राम गांजा, 72 हजार रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल और कई मोबाइल फोन बरामद किए। मौके से सुंदर लाल निषाद और सुरेश यादव को गिरफ्तार किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि यह एक संगठित गिरोह है, जो गांजा तस्करी और बिक्री का काम करता है। गिरोह का सरगना बिहार निवासी बताया जा रहा है। मामले में कुछ पुलिसकर्मियों की संलिप्तता भी सामने आई है, जिसकी जांच जारी है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सुन्दर लाल निषाद एक सक्रिय गांजा तस्कर है और एक बड़े तस्करी गिरोह से जुड़ा हुआ है, मामले में आगे की जांच जारी है। गांजा तस्करी में जो लोग शामिल है उसके खिलाफ थानाध्यक्ष रामकोला धनवीर सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें मुख्य गांजा तस्कर सुन्नर लाल निषाद, रमेश यादव उर्फ सुनील, मनोज बिंद, रणजीत यादव उर्फ राहुल, पंकज, रतनैश राय, दीपु भारती, धीरज के साथ रामकोला थाने के सिपाही सूरज गिरी बाबा, सिपाही विनोद गुप्ता, सिपाही जितेन्द्र पाल, सिपाही नितेश यादव शामिल है। इस खुलासे ने न सिर्फ पुलिस महकमे की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच में जुटी हुई है और आगे और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# मथौली को मिला बड़ा फंड : राम-जानकी मंदिर विकास के लिए 1.24 करोड़ मंजूर

- 62.31 लाख रुपए प्रथम किश्त जारी, नगरवासियों में खुशी का माहौल

अवधनामा संवाददाता

**मथौली, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत 'वंदन योजना' के तहत नगर पंचायत मथौली को बड़ी सौगात दी है। वार्ड नंबर 12, सरदार भगत सिंह नगर में स्थित श्री राम जानकी मंदिर के विकास के लिए 124.61 लाख (करीब ?1.24 करोड़) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

मंगलवार को इस परियोजना के लिए ?62.31 लाख की पहली किस्त भी जारी कर दी गई है, जिससे मंदिर परिसर में अवस्थापना और अन्य सुविधाओं के विकास का कार्य जल्द शुरू होगा। योजना के तहत मंदिर परिसर में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा। इससे न केवल स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

'वंदन योजना' का उद्देश्य प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्थित धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का विकास करना है। कुशीनगर पहले से ही अंतरराष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन का प्रमुख केंद्र है, ऐसे में मथौली में इस तरह का विकास जिले की समग्र पर्यटन क्षमता को और मजबूत करेगा।

कुल स्वीकृतिः 124.61 लाख
पहली किस्तः 62.31 लाख

**क्या होगा असर?**

- मथौली में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा
- स्थानीय व्यापार और रोजगार में वृद्धि
- मंदिर परिसर में बेहतर सुविधाएं
- क्षेत्र के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार

## कुशीनगर में इंसाफ की मिसाल : नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या के आरोपी को 30 दिन में फांसी की सजा

**कुशीनगर।** जटहां बाजार थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म और हत्या के जघन्य अपराध में न्यायालय ने त्वरित न्याय की मिसाल पेश करते हुए आरोपी को महज 30 दिन के भीतर फांसी की सजा सुनाई है। घटना के संबंध में 23 फरवरी 2026 को वादिनी ने अपने पुत्र अंकुश के लापता होने की सूचना दी थी। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद उसी दिन सुबह खैरा माई स्थान के पास बालक का शव बरामद हुआ। इस पर थाना जटहां बाजार में मुकदमा अपराध संख्या 020/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 238( ) तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 25 फरवरी को आरोपी पिंटू उर्फ कोयल (22 वर्ष) निवासी हिरनही बीन टोली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विवेचना के दौरान डिजिटल साक्ष्यों को e-Sakshya ऐप के माध्यम से सुरक्षित किया गया और डीएनए सहित अन्य फोरेंसिक साक्ष्य प्राथमिकता के आधार पर जुटाए गए।

# दूध के बाल्टी में छिपाकर ले जाई जा रही 417 पाउच अंग्रेजी शराब बरामद



अवधनामा ब्यूरो

- कुशीनगर में शराब माफियाओं पर बड़ी चोट, बरवापट्टी पुलिस को मिली कामयाबी

**कुशीनगर।** यूपी-बिहार सीमा पर शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए माफियाओं के नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है। दूध धोने वाले बाल्टी में छिपाकर ले जा रहे अंग्रेशी शराब की खेप बरामद हुई है। पुलिस तस्करी में लगे दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बरवापट्टी घाट पर की गई सघन चेकिंग के दौरान पुलिस ने अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने मौके से 417 टेट्रा पैक और 8 पीएम ब्रांड की शराब जब्त की है, जिसे तस्कर बेहद शातिर तरीके से दूध के 6 केनों में छिपाकर बिहार ले जा रहे थे। घेराबंदी कर पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से इलाके में शराब तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है। बरवापट्टी पुलिस की इस बड़ी सफलता को यूपी-बिहार सीमा पर तस्करी के खिलाफ एक अहम कदम माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया है कि तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने मौके से दो अभियुक्तों मनोज यादव निवासी जमुआन घाट, थाना विशुनपुरा और उमेश यादव निवासी बैकुंठपुर कोठी, थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और 750 रुपये बरामद हुए। बरामद सामान की कुल कीमत 1.25 लाख रुपये आंकी गई है।

# त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट, मजिस्ट्रेटों की तैनाती और कंट्रोल रूम स्थापित

- 2 सुपर जोनल, 6 जोनल मजिस्ट्रेट और 38 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद में नवरात्र, अष्टमी, रामनवमी एवं जुम्मे की नमाज को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। 25 मार्च को अष्टमी, 26 मार्च को रामनवमी तथा 27 मार्च (शुक्रवार) को जुम्मे की नमाज के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था लागू की गई है।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु प्रशासनिक स्तर पर विशेष तैयारियां की गई हैं। इसके तहत पूरे जनपद में 2 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 6 जोनल मजिस्ट्रेट और 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

साथ ही आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेटों को रिजर्व में रखा गया है। सभी मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखने और किसी भी घटना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। प्रशासन ने धारा 163 के कड़ाई से पालन के निर्देश भी जारी किए हैं। मजिस्ट्रेटों को संबंधित थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा गया है, ताकि किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

## कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित

त्योहारों के दौरान त्वरित सूचना और समन्वय के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसका संपर्क नंबर 05564-240590 जारी किया गया है। कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी नीरज कुमार गौड़ (सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता) तथा आलोक कुमार प्रियदर्शी (जिला पंचायत राज अधिकारी) को सौंपी गई है। दोनों अधिकारियों को स्टाफ के साथ निरंतर उपस्थित रहकर सभी तैनात अधिकारियों से संपर्क बनाए रखने और उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं, जिससे जनपद में सभी त्योहार शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल में सम्पन्न हो सकें।

## मां वैष्णो देवी मंदिर के जीर्णोद्धार को 1.19 करोड़ स्वीकृत

**सुकरौली, कुशीनगर।** नगर पंचायत सुकरौली क्षेत्र के पावन मां वैष्णो देवी मंदिर के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य के लिए ?119.30 लाख (लगभग 1.19 करोड़) की धनराशि स्वीकृत की गई है। प्रथम किस्त के रूप में 59.65 लाख जारी कर दिए गए हैं। इस निर्णय से क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं नागरिकों में हर्ष का माहौल है। मंदिर के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य को क्षेत्र की आस्था, विश्वास और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्य पूर्ण होने के बाद मंदिर परिसर अधिक भव्य एवं आकर्षक बनेगा तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस उपलब्धि का श्रेय हाटा विधानसभा के विधायक मोहन वर्मा को दिया जा रहा है, जिनके प्रयासों से यह जनहितकारी योजना साकार हो सकी। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री योगी एवं नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# जीएमयू इंटर कालेज के छात्रों ने इंटरमीडिएट परीक्षा में मारी बाजी

- विज्ञान संकाय के 36 में से 25 छात्र एवं कला के 78 में से 50 छात्रों ने प्रथम श्रेणी लाया
- प्रिंस गुप्ता ने 500 में 434 (86.8%) अंक प्राप्त विद्यालय टॉप किया



जीएमयू इंटर कॉलेज टॉपर प्रिंस गुप्ता को मिठाई खिलाते शिक्षकगण

अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** बिहार विद्यालय परीक्षा पटना के द्वारा विगत दिनों घोषित हुए इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के परिणाम में ठकराहा प्रखंड के जीएमयू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कला और विज्ञान दोनों ही संकायों के विद्यार्थियों ने बेहतर परिणाम देकर सफलता का परचम लहराया है।

विज्ञान संकाय की बात करें तो कुल 36 छात्रों में से 25 छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया है। यह परिणाम न केवल छात्रों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है, बल्कि शिक्षकों के समर्पण और मार्गदर्शन को भी उजागर करता है। कला संकाय के विद्यार्थियों ने भी किसी से कम प्रदर्शन नहीं किया। 78 छात्रों में से 50 छात्रों ने प्रथम श्रेणी हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस तरह बोर्ड परीक्षा दिए 114 छात्रों में से 75 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक निखिल कुमार सिंह ने बताया कि विज्ञान संकाय में प्रिंस गुप्ता ने 500 में 434 (86.8%) अंक प्राप्त कर तथा कला संकाय में राकेश कुमार यादव 500 में 425 अंक प्राप्त कर (85%) सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। वहीं विज्ञान संकाय में नितेश कुमार यादव 387, परम कुमार यादव 386, रिंकी कुमारी 357, मंटू कुमार 350 सहित अन्य ने बेहतर अंक प्राप्त किया है। तथा कला संकाय में कुश कुमार 404, गुड़िया 399, जितेंद्र कुमार 389, ऋतु कुमारी 386, अंशु कुमारी 379, नीरज कुमार चौधरी 378 अंक सहित प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किए हैं। छात्र छात्राओं के इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों में ओम प्रकाश राय, अमित श्रीवास्तव, राघवेंद्र सिंह, सत्येंद्र यादव, सोहित कुमार, राहुल पाण्डेय, आशा सिंह, राज गुप्ता, ममता देवी, माला, प्रदीप वर्मा, तनु कुमारी, सुनील तिवारी, मंटू तिवारी, आरोही आनंद, प्रियंका राव, सुधाकर यादव, खुशबू तिवारी, नीतू कुशवाहा, आरती पटेल, सरिता सिंह, सुनील कुशवाहा, विज्ञानानंद मिश्र आदि छात्र- छात्राओं के इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए अग्रिम भविष्य की शुभकामना दी।

# चांदनी चौधरी के साथ कई महिलाओं ने गैस सिलेंडर सिर पर रख कर किया प्रदर्शन




अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** आज रूधौली विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी चांदनी चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं और नागरिकों ने हाथों में तख्तियां और खाली सिलेन्डर लेकर पं. अटल बिहारी बाजपेई आडिटोरियम से शास्त्री चौक तक प्रदर्शन किया। कहा कि घरेलू गैस के लिये लोग परेशान हैं और कई घरों में भोजन बनने का संकट पैदा हो गया है। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को सम्बोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने के बाद चांदनी चौधरी पत्नी मनोज चौधरी ने कहा कि जनपद में घरेलू गैस की लगातार हो रही किल्लत एवं काला बाजारी की बढ़ती घटनाओं को लेकर आम जनता में आक्रोश है। एक ओ र सरकार द्वारा गैस की पर्याप्त उपलब्धता का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि जरूरतमंद उपभोक्ता गैस एजेंसियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जबकि कुछ स्थानों पर बिचौलियों द्वारा गैस सिलेंडरों की काला बाजारी कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। यह उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन और गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों के साथ सीधा अन्याय भी है। इस गंभीर समस्या का त्वरित समाधान निकाला जाय।

## आसुरी शक्तियों का विनाश करती हैं मां कालरात्रि

**अमेठी।** वासंतिक नवरात्र में बुधवार को श्रद्धालुओं ने नव दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की। देवी कालरात्रि का रूप अंधकार की तरह काला है इनके श्वास से आग निकलती है। मां के बाल बड़े और बिखरे हुए हैं और गले में पड़ी माला बिजली की तरह चमकती रहती है।

मां कालरात्रि को आसुरी शक्तियों का विनाश करने वाला बताया गया है। इसके साथ ही मां के तीन नेत्र ब्रह्मांड की तरह विशाल व गोल हैं। मां के चार हाथ हैं जिनमें एक हाथ में खडग् अर्थात तलवार दूसरे में लौह अस्त्र तीसरा हाथ अभय मुद्रा में है और चौथा वरमुद्रा में है। मां कालरात्रि का वाहन गर्दभ अर्थात गधा है। मां इस वाहन पर संसार का विचरण करती हैं। देवी का यह स्वरूप तमाम ऋद्धि-सिद्धियों को प्रदान करता है। मां अपने इस रूप में भक्तों को काल से बचाती हैं। संग्रामपुर स्थित सिद्धपीठ कालिकन धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किया।यहां श्रद्धालुओ की सुबिधा और व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है।

# खिलाड़ियों को अपनी मेहनत के साथ ईमानदार होना चाहिए : डॉ अमीता सिंह



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय अमेठी जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट का बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। यह बैडमिंटन टूर्नामेंट स्वर्गीय देवी प्रसाद त्रिपाठी की स्मृति में अमेठी बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हुआ जो 23 मार्च से शुरू होकर 25 मार्च बुधवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ।पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी व पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह ने कहा कि मैच जीतने या हारने के बाद इसका विश्लेषण करना चाहिए। ट्रेनिंग का हर एक कदम आपको सफलता की ओर ले जाता है। खिलाड़ियों को स्वयं के मेहनत के साथ ईमानदार होना चाहिए।मिक्स्ड डबल्स 40 प्लस आयु वर्ग में जितेंद्र शर्मा व मीता दास की जोड़ी विनर तथा विकास कुमार अग्रवाल व निशि अग्रवाल की जोड़ी रनर रही। मेंस डबल्स 40 प्लस में ऐश्वर्या यादव व विनय कुमार विनर रहे तथा जितेंद्र शर्मा व विकास कुमार अग्रवाल रनर रहे। वूमेन सिंगल 40 प्लस में मीता दास विनर अर्चना सिंह रनर व निशि अग्रवाल तृतीय स्थान पर रही। मिक्स्ड डबल्स ओपन कैटेगरी में आलोक अग्रहरी व गौरी पांडे की जोड़ी विनर रही। वूमेंस डबल ओपन कैटेगरी में शगुन राय और तनिष्का सिंह की जोड़ी विनर रही तथा आकांक्षा शुक्ला व जिगमीत रनर रहे। मेंस डबल्स में आलोक अग्रहरि और आशुतोष सिंह की जोड़ी विनर रही जबकि अजीत व कुलदीप रनर रहे। वूमेन सिंगल्स में शगुन राय विनर आकांक्षा शुक्ला रनर व वैष्णवी तिवारी तृतीय स्थान पर रही। बॉयज अंडर 13 में वीर विक्रम सिंह अंडर 11 में अर्जुन सिंह गर्ल्स सिंगल अंडर 11 में आद्या सिंह गर्ल्स सिंगल-19 में नव्या सिंह अंडर 17 में गौरी पांडे गर्ल्स डबल अंडर 13 में आद्या व शिनाया की जोड़ी विनर रही। वही मिक्स डबल अंडर 17 में शुभ शर्मा गोरी पांडे की जोड़ी विनर रही तथा दिव्या व नव्या की जोड़ी रनर रही।टूर्नामेंट में विनर रनर व तृतीय स्थान पर सफल खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि डॉ अमीता सिंह द्वारा मेडल प्रमाण पत्र किट बैग पैक व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने किया कार्यालय की विभिन्न शाखाओ का निरीक्षण, दिया निर्देश



**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई, मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया साथ ही कार्यालय परिसर में निर्माणाधीन भवन की प्रगति, गुणवत्ता तथा समयबद्धता का भी विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर तथा सभी शाखाओं में साफ-सफाई बनाए रखने तथा निर्माणाधीन भवन के कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयसीमा के अंदर पूरा करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी, क्षेत्राधिकारी रुधौली, क्षेत्राधिकारी हरैया स्वर्णिमा सिंह व संबधित शाखा प्रभारी एवं अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पौराणिक शिव मंदिर को वंदन योजना से मिली स्वीकृति, होगा विकास : नीलम सिंह राना

**बस्ती।** नगर पंचायत नगर के महादेव मंदिर परिसर को विकसित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश शासन के उप सचिव राजेश्वरी प्रसाद ने वंदन योजना में इसकी स्वीकृति जारी कर दिया है। प्रदेश के अनेक जनपदों के विभिन्न पौराणिक और धार्मिक स्थलों के विकास हेतु जारी सूची में बस्ती जिले की नगर बाजार को सम्मिलित करते हुए सरकार ने नवरात्रि का उपहार दिया है।उक्त जानकारी देते हुए नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने बताया कि नगर कप्तानगंज मार्ग पर स्थित पौराणिक शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर भव्य मेला लगता है। आस्था के महापर्व पर यहां पूरे जिले से लोग जलाभिषेक करने आते हैं। उन्होंने बताया कि शासन ने एक करोड़ उन्तालीस लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर पहली किस्त अवमुक्त कर दिया है। श्रीमती राना ने बताया कि इसके पूर्व सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने और संवारने के लिए श्री दुर्गा मन्दिर नगर, श्री दुर्गा मन्दिर हरनखा, ऐतिहासिक स्थल राजकोट,अमर शहीद राजा उदय प्रताप सिंह प्रतिमा स्थल विकास का कार्य कराया जा चुका है।

## सेन्ट्रल एकेडमी में परीक्षाफल का वितरण मेधावियों को पुरस्कृत कर बढाया हौसला

**बस्ती।** सेन्ट्रल एकेडमी सीनियर सेकेन्डरी स्कूल में मंगलवार को नर्सरी से कक्षा 11 तक के छात्र-छात्राओं में परीक्षाफल का वितरण किया गया। निदेशक जे.पी. तिवारी, प्रधानाचार्य दीपिका, सहायक निदेशक अनुज तिवारी, अम्बुज तिवारी आदि ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि जिन छात्रों के कम अंक आये हैं वे और अधिक परिश्रम करें। अधिकतम अंक अर्जित करने वाले छात्रों को मेडल, अंकपत्र, देकर पुरस्कृत किया गया।नर्सरी में नित्या प्रथम, अर्सिया द्वितीय, अदिविका तृतीय, के.जी. में मान्या प्रथम, दिव्यांश, अस्तित्व द्वितीय, अलीना, प्रिशा तृतीय, प्रेप में शिवांश, निधि प्रथम, अरमान, आनवी द्वितीय, आयुष तृतीय, कक्षा 1 में अक्षित प्रथम, आयुष द्वितीय, वैश्णवी तृतीय, कक्षा 2 में सोनाक्षी प्रथम, रोहिका द्वितीय, ज्योति तृतीय, कक्षा 3 में आरूषी प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय, चन्द्रपीड, श्रेष्ठ तृतीय, कक्षा 4 में नैना प्रथम, अर्थव द्वितीय, श्रद्धा तृतीय, कक्षा 5 में यशस्वी प्रथम, जनेरा द्वितीय, आदिति तृतीय, कक्षा 6 में प्रियांशी प्रथम, आर्यन द्वितीय, देवांश तृतीय, कक्षा 7 में एन्जल प्रथम, साक्षी द्वितीय, रवि तृतीय, कक्षा 8 में श्रेया प्रथम, अलका द्वितीय, अश्विनी तृतीय, कक्षा 9 में आराध्या प्रथम, कक्षा 11 में फरहान प्रथम, अमरनाथ द्वितीय, अभिज्ञान तृतीय स्थान पर रहे।परीक्षाफल वितरण के अवसर पर निदेशक जे.पी. तिवारी ने कहा कि यह पूरा जीवन ही एक परीक्षा है। छात्रों को चाहिये कि वे पूरी मनोयोग से ज्ञानार्जन कर देश के सुयोग्य नागरिक बने। सेन्ट्रल एकेडमी सीनियर सेकेन्डरी स्कूल में सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की हुई समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों व निर्माण कार्यों (सीएम डैशबोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं/कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें।

उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने विभागवार योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके उपरांत उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। कार्यदायी संस्थाएं सामग्री की गुणवत्ता जांच कर ही उसका प्रयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी परियोजना में शिथिलता मानक विहीन कार्य या अनियमित पाए जाने पर संबंधित संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला डीसी मनरेगा शेर बहादुर सिंह प्रभागीय वन अधिकारी रणवीर मिश्र सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भुगतान से किसानों का विश्वास कायम, त्रिवेणी चीनी मिल ने फिर निभाई जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता

- 20 मार्च तक किसानों के खाते में भेजा 15.24 करोड़ रुपए

**रामकोला, कुशीनगर।** क्षेत्र की प्रमुख चीनी मिल त्रिवेणी चीनी मिल द्वारा किसानों को गन्ना मूल्य का समयबद्ध भुगतान लगातार जारी है। इसी क्रम में मिल प्रबंधन ने 14 मार्च से 20 मार्च तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के बैंक खातों में अंतरित कर दिया है।

मिल ने जनपद में सर्वप्रथम पेराई कार्य शुरू करने के साथ-साथ समय पर भुगतान कर एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता और उत्कृष्ट परंपरा को साबित किया है। प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान पेराई सत्र के तहत उक्त अवधि में खरीदे गए गन्ने के सापेक्ष कुल 15 करोड़ 24 लाख रुपये सीधे किसानों के खातों में भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसान हित सर्वोपरि है और मिल का लगातार प्रयास रहता है कि किसानों को समय पर भुगतान मिले, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मिल को केवल ताजा, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त गन्ने की आपूर्ति करें, ताकि पेराई कार्य सुचारू रूप से चलता रहे। साथ ही उन्होंने किसानों को अपनी पूरी गन्ना आपूर्ति मिल को ही देने की सलाह दी, जिससे उनका बेसिक कोटा बढ़ सके और भविष्य में अधिक लाभ मिल सके।

इसके अलावा वसंतकालीन गन्ना बुआई के लिए उन्नत किस्में जैसे CO-0118, CoP-9301, CoLK-14201, CoLK-16202 एवं 18231 अपनाने तथा भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए ट्राइकोडर्मा के प्रयोग की सलाह भी दी गई। प्रेस वार्ता के दौरान कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय एवं गन्ना प्रबंधक इन्द्र कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# फिरोजाबाद में कानून चलेगा या 'सिटी टॉवर' का खेल?

अवधनामा संवाददाता



■ रात के अंधेरे में खड़ा हो रहा 'सिटी टॉवर'! वक्फजमीन पर करोड़ों का खेल, क्या फिर होगा ट्विन टावर जैसा अंत?

■ नक्शा नहीं, एनओसी नहीं रेरा में रजिस्ट्रेशन नहीं, फिर किसके संरक्षण में चल रहा निर्माण?

**फिरोजाबाद।** जनपद में तेजी से खड़ी हो रहीं बहुमंजिला इमारतें अब विकास नहीं, बल्कि संभावित घोटाले और खतरे की कहानी बनती जा रही हैं। ताजा मामला शहर के एस.एन. रोड स्थित दाऊजी मिष्ठान के सामने सामने आया है, जहां देर रात के अंधेरे में धड़ल्ले से एक कथित 'सिटी टॉवर' का निर्माण किया जा रहा है। आरोप इतने गंभीर हैं कि अगर सच साबित हुए, तो यह मामला सीधे-सीधे प्रशासनिक मिलीभगत और बड़े स्तर के जमीन खेल की ओर इशारा करता है। सूत्रों के अनुसार जिस जमीन पर यह बहुमंजिला निर्माण किया जा रहा है, वह वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताई जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस जमीन पर निर्माण के लिए न तो तहसील से छ्ब्ब् जारी हुई है और न ही कोई वैध स्वीकृति सामने आई है। इसके बावजूद दर्जनों फ्लैट और दुकानों का निर्माण जारी है और उससे भी बड़ा सवाल यह कि आम लोगों से टोकन मनी के नाम पर करोड़ों रुपये वसूले जा चुके हैं। विशेषज्ञ साफ कहते हैं कि किसी भी बहुमंजिला इमारत के लिए स्वीकृत नक्शा, भूमि उपयोग की स्पष्टता, पार्किंग व्यवस्था और अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होता है। साथ ही यदि फ्लैट बेचे जा रहे हैं तो परियोजना का रजिस्ट्रेशन उत्तर प्रदेश रियल स्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी में होना जरूरी है। लेकिन इस मामले में आरोप है कि विकाश प्राधिकरण से लेकर 'रेरा' तक ने इस निर्माण को अवैध बताया है, फिर भी काम रुका नहीं।यदि समय रहते इस तरह के निर्माण पर रोक नहीं लगी, तो यह सिर्फ अवैध कब्जे या नियम उल्लंघन का मामला नहीं रहेगा, यह भविष्य के बड़े हादसे, ट्रैफिक अराजकता और शहरी अव्यवस्था का कारण बन सकता है। अब शहर की जनता एक ही मांग कर रही है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच हो अवैध निर्माण तत्काल रोका जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए वरना सवाल यही रहेगा, फिरोजाबाद में कानून चलेगा या 'सिटी टॉवर' का खेल?

### क्या दोहराया जाएगा ट्विन टावर जैसा इतिहास?

देश पहले भी ऐसे अवैध निर्माण का अंजाम देख चुका है, जब सुपर टैक ट्विन टॉवर डिमोलेशन के तहत नोएडा में खड़ी दो विशाल इमारतों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ध्वस्त कर दिया गया था। करोड़ों खर्च, हजारों खरीदारों की उम्मीदें, सब मलबे में तब्दील हो गई थीं फिरोजाबाद में उठ रहे सवाल भी कुछ वैसे ही हैं क्या यहां भी नियमों की अनदेखी कर इमारत खड़ी की जा रही है? क्या खरीदारों के पैसे जोखिम में डाले जा रहे हैं? और सबसे बड़ा सवाल, क्या प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी चुप है। शहर के जागरूक नागरिक अब इस पूरे मामले की सच्चाई जानने के लिए सूचना का अधिकार (त्ज्प्) का सहारा लेने की तैयारी कर रहे हैं। सवाल साफ है, कितनी इमारतों को वैध अनुमति मिली और कितनी सेटिंग के भरोसे खड़ी हो रहीं हैं?

## मजदूरी मांगने पर मकान मालिक व पुलिस ने पीटा

**सुलतानपुर।** पुलिस व दबंग के गठजोड़ का नायाब उदाहरण कोतवाली नगर की गोंडवा चौकी में गत दिनों देखने को मिला जहाँ मकान मालिक, चौकी इंचार्ज और सिपाहियों ने मजदूरी मांगने पर चार लोगों को बंधक बना कर पीटा और चोरी का आरोप लगा जबरन समझौता भी लिखवा लिया। मजदूरी नहीं दी लाखों का सामान भी वापस नहीं कर रहें हैं। भयभीत पीड़ितों ने बीस दिन बाद आपबीती एसपी को सुनाई तो उन्होंने प्रकरण की जाँच सीओ को सौंपी हैं। धम्मौर थाना क्षेत्र के जोले उर्फ़ज्वाला प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में लिखा हैं कि वह पीओपी का काम करता हैं. ऐजर के मोती राम पुरवा निवासी प्रशांत तिवारी ने नगर कोतवाली के पलहीपुर गांव में मकान बनवाया हैं जहाँ उनसे पीओपी करने का तीन लाख रूपये में ठेका दिया। करीब दो तिहायी काम होने पर प्रशांत ने 110000 रूपये का भुगतान किया लेकिन 90000 बकाया नहीं दे रहें हैं। ज्वाला ने कहा कि पैसे न देने पर काम नहीं करेंगे क्यूंकि लेबर को भुगतान करना होता हैं। ज्वाला का आरोप हैं कि सात मार्च को दिन में इसी बात को लेकर प्रशांत ने उसे और उसके मजदूर लक्ष्मण, मुकेश, रमेश को कमरे में बन्द कर दिया तथा शिवम दूबे रबिन्द्र तिवारी के साथ मिलकर लात मुका डंडे से मारा कहा कि उनके घर से बिजली का तार चोरी हुआ है जिसकी जिम्मेदारी तुंहारी हैं। वे लोग उन लोगों को गोंडवा पुलिस चौकी ले गए जहाँ इंचार्ज विनोद पटेल और सिपाहियों ने भी मारा और वहीं चोरी हुए बिजली तार का पैसा देने का जबरन सुलहनामा भी लिखवा लिया।

# लम्भुआ ब्लॉक में तीन साल से ऊपर डटे कर्मचारी होंगे बेनकाब

अवधनामा संवाददाता




**सुल्तानपुर।** जनपद के विकासखंड लम्भुआ में लंबे समय से एक ही पटल पर कार्यरत कर्मचारियों को लेकर अब मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ब्लॉक मुख्यालय पर कंप्यूटर ऑपरेटर, मनरेगा, पंचायत विभाग तथा अकाउंट से जुड़े कई कर्मचारी तीन वर्ष से अधिक समय से जमे हुए हैं, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

शासन की स्थानांतरण नीति के बावजूद एक ही स्थान पर वर्षों तक तैनाती को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि लंबे समय तक एक ही पटल पर बने रहने से कार्यप्रणाली प्रभावित होती है और पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लगने लगते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले में जल्द ही उन कर्मचारियों की सूची भी सार्वजनिक की जाएगी, जो तीन साल से अधिक समय से लम्भुआ ब्लॉक में कार्यरत हैं। माना जा रहा है कि इस सूची के सामने आते ही प्रशासनिक हलकों में हलचल और तेज हो सकती है। जनता ने मांग की है कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार तत्काल प्रभाव से ऐसे कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाए, ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर क्या कदम उठाते हैं।

## मां के साथ मंदिर में दर्शन करने आई दो वर्षीय बच्ची लापता

**टूंडला/फिरोजाबाद** (अवधनामा संवाददाता) माँ वैष्णो देवी उसायनी माता मंदिर पर एक महिला दर्शन करने के लिए दो वर्ष की बच्ची को लेकर आई थी। तभी उसकी बच्ची गुम हो गई। जिसे थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुश्कान के तहत बच्ची को ढूंढकर परिवारीजन के सुपूर्द किया गया। ऑपरेशन मुस्कान, जिसका मुख्य उद्देश्य लापता बच्चों को ढूंढकर, उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द करना है। जिसके तहत थाना टूंडला में सूचना के आधार पर अपनी माँ श्रीमती डॉली देवी माता वैष्णो देवी धाम मंदिर दर्शन के लिये साथ आयी लाडो पुत्री अंकुश निवासी सकरौली थाना सकरौली जिला एटा उम्र करीब 2 वर्ष मंदिर परिसर में खो गयी थी।



जिसको टूंडला पुलिस द्वारा मंदिर परिसर में तथा आसपास तलाश कर सकुशल बरामद कर, उसकी माँ के सुपुर्द किया गया। परिजनों ने अपनी बच्ची को पाकर पुलिस का धन्यवाद करते हुए बताया कि टूण्डला पुलिस ने हमें हमारी बच्ची को सकुशल वापस लौटाकर, खुशियां लौटा दी हैं। परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद ज्ञापन किया है।

### हत्या मामला में कोर्ट ने पुलिस की फाइनल रिपोर्ट खारिज कर दोबारा दिए जांच के आदेश

**सुलतानपुर।** युवक पवन कुमार की संदिग्ध मौत के मामले में कोर्ट ने पुलिस की फाइनल रिपोर्ट को रद्द कर दिया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) नवनीत सिंह ने मृतक के पिता की अर्जी पर सुनवाई करते हुए मामले में आगे की जांच (अग्रिम विवेचना) का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हा ढेमा गांव के रहने वाले पवन कुमार को 17 नवंबर 2025 को गांव के कुछ युवक जन्मदिन पार्टी में ले जाने की बात कहकर अपने साथ ले गए थे, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। अगले दिन उसकी अस्पताल में मौत की खबर मिली। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने जांच के बाद सभी आरोपियों को क्लीनचिट दे दी थी। इससे असंतुष्ट होकर मृतक के पिता ने कोर्ट का रुख किया।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **16.04.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00292026 दिनांक 24.03.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 24-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : Sr. ADEN-RBL के अंतर्गत JNH-ZBD खंड में KJTW, SPPR, WRGN, VNN, KTWR, JUA Halt स्टेशन पर सेवा भवनों, पीएफ सतह, शौचालय, जल आपूर्ति और एलसी गुमटी, सड़क सतह, बाड़ की मरम्मत एवं गौरीगंज स्टेशन खंड में T.S.S GNG नई नाली का प्रावधान। | |
| 4 | अनुमानित लागत | रु० 1,01,99,100.53 |
| 5 | धरोहर राशि | रु० 2,04,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 10 माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ तिथि | 02.04.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 16.04.2026 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1001/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## माय भारत युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**सुलतानपुर।** पयागीपुर स्थित गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में माय भारत बैनर के तहत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट जनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के अधिकारी सुधीर पांडेय, भाजपा नेता डॉ. डी. एस. मिश्रा, पत्रकार किशन पाठक, शिक्षिका अनुपम शुक्ला एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंग्रेज सिंह राणा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी वक्ताओं ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा विकसित भारत के सपने को साकार करने में उनकी भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।

# पुलिस कार्यवाही निष्पक्ष या संदिग्ध

अवधनामा संवाददाता

■ आरोपियों के पिता-पता का उल्लेख न करना, पुलिस कार्यवाही पर उठे सवाल

**फिरोजाबाद।** मक्खनपुर क्षेत्र में अवैध देह व्यापार के खुलासे के बाद मामला अब सिर्फकार्रवाई तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि पुलिस की भूमिका खुद सवालों के घेरे में आ खड़ी हुई है। अवैध होटल पर कार्यवाही से लेकर पुलिस द्वारा मीडिया को जानकारी देने में 24 घंटे से ज्यादा का समय बीत जाने के बावजूद कथित मुख्य आरोपी, अवैध वेश्यावृत्ति का अड्डा बनाम पारस होटल मालिक कश्मीर सिंह का न तो ठिकाना सामने आया और न ही पुलिस उसके पिता का नाम और पूरा पता सार्वजनिक कर पाई है। पुलिस ने इस मामले में 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके नाम, पते और उम्र तक सार्वजनिक कर दिए, लेकिन जिस व्यक्ति को पूरे नेटवर्क की मुख्य कड़ी बताया जा रहा है, उसी को लेकर रहस्यमय चुप्पी साध ली गई है। स्थानीय लोगों का दावा है कि कश्मीर सिंह न सिर्फ अवैध वेश्यावृत्ति का अड्डा पारस होटल का मालिक है, बल्कि खुद को कथित तौर पर पत्रकार भी बताता है और इसी आड़ में लंबे समय से अवैध गतिविधियों को संचालित करता रहा है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिस होटल में यह पूरा खेल चल रहा था, उसके मालिक की पूरी जानकारी पुलिस के पास क्यों नहीं है? क्या यह मान लिया जाए कि पुलिस इतनी बड़ी कार्रवाई के बाद भी मुख्य आरोपी की पहचान तक पूरी नहीं कर पाई, या फिर मामला कुछ और ही है? सूत्रों की मानें तो कश्मीर सिंह पर पहले भी ब्लैकमेलिंग जैसे गंभीर आरोप लग चुके हैं और उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज होने की चर्चाएं हैं। इसके बावजूद पुलिस का रवैया नरम दिखाई दे रहा है। यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या प्रभावशाली कनेक्शनों के चलते जांच की दिशा प्रभावित हो रही है? हैरानी की बात यह है कि पुलिस ने होटल में आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों, उनकी पहचान और लोकेशन तक ट्रेस कर ली, लेकिन मुख्य आरोपी तक पहुंचने में नाकाम दिख रही है। इससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि कहीं जानबूझकर किसी बड़े नाम को बचाने की कोशिश तो नहीं हो रही। जनता के बीच अब यह चर्चा तेज हो गई है कि पुलिस की जांच अधूरी है या फिर सच्चाई को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। पत्रकारिता का चोला ओढ़कर अवैध धंधे चलाने के आरोपों के बीच पुलिस की चुप्पी कई नए सवाल खड़े कर रही है। अब नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आखिर कब पुलिस फरार आरोपी को गिरफ्तार करती है और क्या सच सामने आता है, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **16.04.2026** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 00272026 दिनांक 21.03.2026 | | | |
| 2. | निविदा संख्या | 1. | 34-SrDEN-V-LKO-2025-26 | 2. | 35-SrDEN-V-LKO-2025-26 |
| | | 3. | 36-SrDEN-V-LKO-2025-26 | 4. | 37-SrDEN-V-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | 1. | Sr.DEN&V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, ADEN/AYC के अधीन SSE/W/AYC के AYC में यार्ड ड्रेन का निर्माण कार्य एवं ABP.SLW सेक्शन में शेष कार्य। | | |
| | | 2. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पुलों पर स्टील चैनल स्लीपरों के स्थान पर H-Beam स्लीपरों को लगाना। (प्रा.सं. 18–2025 & 39–2026) | | |
| | | 3. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ADEN-AYC के अधीन, SSE-W-AYC सेक्शन में (AY और AYC को छोड़कर) ABP (Ex.) से DYD स्टेशन तक स्टेशन भवन की मरम्मत का कार्य। (प्रा.सं. 38–2026) | | |
| | | 4. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ADEN/AYC खंड में पुल का विविध मरम्मत कार्य। (प्रा.सं. 37–2026) | | |
| 4. | अनुमानित लागत | 1. | Rs. 3,28,81,100.85 | 2. | Rs. 2,61,50,224.36 |
| | | 3. | Rs. 1,99,91,966.96 | 4. | Rs. 49,99,248.13 |
| 5. | धरोहर राशि | 1. | Rs. 6,57,700.00 | 2. | Rs. 5,23,000.00 |
| | | 3. | Rs. 3,99,900.00 | 4. | Rs. 1,00,000.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | 1 एवं 2 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। | | |
| | | 3 एवं 4 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। | | |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 02.04.2026 | | | |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 16.04.2026 at 15:00 hrs | | | |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 977/26



## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–04–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–26 |
| कार्य का नामः एनटीपीसी–टांडा में कोयले की गुणवता विश्लेषण के लिए रेलवे वैगनों से ऑगर सैंपलिंग शुरू करने हेतु वैगन ट्रिपलर क्षेत्र के पास ओएचई हटाने के संबंध में ओएचई संशोधन कार्य। | |
| अनुमानित लागत | रु.37,46,477.67/– |
| बयाना राशि | रु.74,900.00/– |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 15.04.2026 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |
| पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नही है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नही करताः निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं टीआरडी–04–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–26 दिनांकः 24.03.2026 999/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# 100 काम पूरे, अब देश में नंबर-1 ग्राम बनने की तैयारी

■ भटपुरा रसूलपुर ग्राम पंचायत बैठक में विकास का रिपोर्ट कार्ड पेश

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में आयोजित पंचायत बैठक ने विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी की नई मिसाल पेश की, ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सैकड़ों ग्रामवासियों ने भाग लेकर गांव के उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा तय की गई। बैठक में ग्राम प्रधान ने बताया कि पंचायत में हर वर्ष चार बैठकें आयोजित की जाती हैं, जिनमें विकास कार्यों और ग्राम की समस्याओं पर गंभीर चर्चा होती है। वर्तमान कार्यकाल के अंतिम पड़ाव पर आयोजित इस बैठक में बीते पांच वर्षों के दौरान पूरे किए गए 100 विकास कार्यों का विस्तृत ब्यौरा सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया गया, जिसे ग्रामीणों ने सराहा साथ ही आगामी कार्यों को लेकर एक विशेष बुकलेट भी तैयार की गई, जिसका खुली बैठक में प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने सुझाव देते हुए आने वाले समय में और तेज विकास की अपेक्षा जताई। ग्राम के श्रीकांत दीक्षित और यशपाल सिंह ने कहा कि यदि इसी गति से कार्य होते रहे, तो अगला लक्ष्य 100 और कार्य पूरे कर देश की नंबर-1 ग्राम पंचायत बनने का सपना साकार होगा। वहीं लड्डन अली और आरिफ अली ने बताया कि ईद पर आए मेहमानों ने गांव की स्वच्छता और व्यवस्थाओं की तुलना शहर से बेहतर बताई, जिससे पूरे गांव में गर्व का माहौल है। सलीम खां और तुफैल अली ने भी कहा कि अन्य क्षेत्रों में गांव की तारीफ सुनना उनके लिए सम्मान की बात है। बैठक में गांव को स्वच्छ, हरित, बाल हितैषी और महिला हितैषी बनाने पर जोर दिया गया। ग्राम प्रधान ने आर्थिक लीकेज पर चिंता जताते हुए कहा कि शराब, जुआ, बीड़ी-सिगरेट और अनावश्यक कानूनी मामलों में गांव की धनराशि व्यर्थ जाती है, जिसे रोकना आवश्यक है। इस दौरान पूर्व कोटेदार कयूम खा समेत कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बस्ती

पत्रांक-4121 B/न0पा0प0ब0/2025-26 | दिनांक 25/03/2026

### अपील

सभी रेस्टोरेन्ट, मैरेज हॉल एवं दुकानदारों से अपील की जाती है कि अपने यहाँ आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित करें। अर्थात उसमें प्लास्टिक एवं अन्य हानिकारक वस्तुएं जो मानव व पर्यावरण के लिए खतरनाक हो, उनका प्रयोग न करें एवं नगर पालिका परिषद बस्ती को स्वच्छ नगर बनाने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 में बेहतर रैंक लाने में नगर पालिका परिषद, बस्ती का सहयोग करें। प्रतिबन्धित उत्पादों का प्रयोग किये जाने पर सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत आपके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

उत्तरदायित्व आपका होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बस्ती**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बस्ती**



## कार्यालय : जिला समाज कल्याण अधिकारी, जनपद बहराइच।

पत्रांक –सी0–6600/ए0टी0एस0–ज0जा0बि0/भो0आ0/2025–26 | दिनांक – 24.03.2026

### भोजन एवं नाश्ते की आपूर्ति हेतु स्वंय सहायता समूह के इम्पैनलमेंट संबंधी सूचना

जनजाति विकास विभाग, लखनऊ द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्वति विद्यालय, बिछिया, बहराइच में वित्तीय वर्ष 2026–27 में अध्यनरत छात्राओं को स्वंय सहायता समूह के माध्यम से गुणवत्तायुक्त भोजन एवं नाश्ते की आपूर्ति प्रतिदिन प्रति छात्रा 114 रुपये की दर से किये जाने हेतु जनपद के प्रतिष्ठित स्वंय सहायता समूह जो निर्धारित अर्हता पूर्ण करते हो, वो समूह दिनांक 30.03.2026 तक गेंदघर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में समूह का इम्पैनल किये जाने हेतु अपना प्रस्ताव जमा कर सकती हैं।

### निर्धारित अर्हताएं एवं निर्देश

1. स्वयं सहायता समूह का गठन व पंजीकरण आजीविका मिशन के अंतर्गत होना अनिवार्य है।
2. स्वंय सहायता समूह जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत होना चाहिए तथा नियमित रुप से जी0एस0टी0 जमा किये जाने के सम्बन्ध में वैद्य प्रमाण (जी0एस0टी0आर0–3बी) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. स्वंय सहायता समूह के नाम से बैंक में खाता होना अनिवार्य है।
4. स्वंय सहायता समूह का फूड विभाग में पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।
5. स्वंय सहायता समूह के पास संबंधित कार्य को कुशलतापूर्वक कार्य करने का न्यूनतम 2 वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।
6. स्वंय सहायता समूह विगत 2 वर्षो से संबंधित कार्य को कर रही हो, तथा प्रत्येक वर्ष संबंधित कार्य से 50 लाख रुपए के भुगतान का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।
7. स्वंय सहायता समूह का श्रम विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
8. स्वंय सहायता समूह का पंजीकरण एम0एस0एम0ई0 विभाग में होना अनिवार्य है।
9. नाश्ते व भोजन की आपूर्ति हेतु स्वंय सहायता समूह का इम्पैनल केवल वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु किया जायेगा तथा निदेशालय, जनजाति विकास विभाग से यदि कोई निर्देश प्राप्त होते है, तो ऐसी दशा में स्वंय सहायता समूह को उक्त निर्देश का पालन करना अनिवार्य होगा।
10. नाश्ते व भोजन की आपूर्ति गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी तथा इसी आधार पर स्वंय सहायता समूह एवं विद्यालय के मध्य निष्पादित अनुबन्ध को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

(श्रद्धा पाण्डेय)
जिला समाज कल्याण अधिकारी
बहराइच।

# एमनीव विज़न स्कूल, इटावा में नन्हें बच्चों का प्री-प्राइमरी प्रोग्राम कॉन्वोकेशन आयोजित



**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** एमनीव विजन स्कूल में यूकेजी (UKG) के नन्हें विद्यार्थियों का प्री-प्राइमरी प्रोग्राम कॉन्वोकेशन 2026 अत्यंत उत्साह, उल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र एवं आकर्षक उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय के माननीय चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन डॉ.विकास यादव, डायरेक्टर डॉ. शाहिनी यादव एवं प्रधानाचार्य पंकज शर्मा द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एलकेजी (रुयत)के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। उनके द्वारा प्रस्तुत गीत एवं नृत्य ने उपस्थित सभी अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। नन्हें कलाकारों की मासूमियत और आत्मविश्वास से भरपूर प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा और सभी ने बच्चों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा उनके जीवन की नींव होती है, इसलिए विद्यालय का लक्ष्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं बल्कि उनके सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विद्यालय में शिक्षा को कभी व्यवसाय नहीं बनने दिया जाएगा, बल्कि गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा को ही सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

वाइस चेयरमैन डॉ.विकास यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं और उन्हें सही दिशा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यालय की आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आधुनिक तकनीक एवं नवीन शिक्षण विधियों के माध्यम से बच्चों को और अधिक सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने समापन संबोधन देते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता में अभिभावकों और शिक्षकों का समान योगदान होता है। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। समारोह के अंत में सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस सफल एवं भव्य आयोजन के लिए विद्यालय परिवार की सराहना की।

# सोनम एक दिन के लिये बनी जिलाधिकारी

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन के लिए वासंतिक नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान के तहत बुधवार को एक दिन की जिलाधिकारी (बालिकाओं तथा महिलाओं द्वारा सांकेतिक भूमिका निर्वहन कार्यक्रम) के अन्तर्गत कु0 सोनम पुत्री सूरज सिंह, कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र निवासी पुल की मढैया को जिलाधिकारी इटावा के पद पर सांकेतिक रूप से पदासीन करते हुये बेटियों को सम्मान प्रदान किया गया। उक्त पद पर पदासीन होकर कु0सोनम ने अपने सन्देश में बताया कि मैं आज एक दिन के लिये जिलाधिकारी के पद पदासीन होकर निश्चय करती हूँ कि मैं अपने इस सपने को साकार करूँगी। मुख्यमंत्री जी ने महिलाओं की सुरक्षा के लिये 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 1090 महिला हेल्प लाइन लागू की है प्रदेश की हर बहन बेटी को अब किसी भी दशा में अपमान सहन न करते हुये उसका उपयोग करना चाहिये। उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत उ0प्र0 सरकार की यह एक बहुत अच्छी पहल है इसमें बेटियों को आगे बढने के अवसर प्राप्त होगे उ0प्र0सरकार के द्वारा बेटियों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करते हुये सभी क्षेत्रों में अपने उन्नत भविष्य का सपना साकार कर सकती है। कार्यक्रम के दौरान विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, राजेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, श्रीमती वन्दना प्रधानाचार्या कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, सोहन गुप्ता, अजित कुमार दुबे, श्रीमती अर्चना भदौरिया साहित अन्य बालिकाओं आदि ने प्रतिभाग किया।

# आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के संबंध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गई

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के संबंध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लाभार्थियों को पंचायत भवनों में बुलाकर उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विभाग का कार्य नहीं है, बल्कि सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि सायंकालीन कैंप आयोजित कर 5 से 7 दिनों तक लगातार अभियान चलाया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि कई आईडी बनी हुई हैं, लेकिन सक्रिय नहीं हैं, उन्हें तत्काल सक्रिय कराया जाए। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में लगभग 46, 000 अंत्योदय कार्डधारक हैं, जिनमें से 45, 000 सक्रिय हैं तथा लगभग 33, 000 बच्चों को भी योजना से जोड़ा जाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि कोटेदारों की दुकानों पर पंचायत सहायकों की उपस्थिति में आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि लाभार्थी राशन लेने अवश्य आते हैं, ऐसे में उसी समय उनका आयुष्मान कार्ड बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर तिथियों का निर्धारण करें तथा ऑनलाइन बैठक के माध्यम से नियमित समीक्षा करें। जिन परिवारों में 6 से अधिक यूनिट हैं तथा अंत्योदय कार्डधारक हैं उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे सूक्ष्म कार्ययोजना (माइक्रो प्लान) तैयार करें तथा उसके अनुसार कार्य करते हुए लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने कोटेदारों को भी निर्देशित किया कि वे अपनी आईडी के माध्यम से प्रतिदिन कम से कम 5 आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद में आयुष्मान कार्ड निर्माण की वर्तमान स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें तत्काल सुधार लाया जाए तथा एक ठोस कार्ययोजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उक्त बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.बृजेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, ए.डी.पी.आर.ओ. रोहित कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामनवमी शोभायात्रा को लेकर निकाला बाइक जुलूस, लोगों को किया आमंत्रित



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** बुधवार देर शाम कस्बे में रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में बाइक जुलूस निकालकर लोगों को भव्य शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। रामनवमी सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। 27 मार्च को निकलने वाली शोभायात्रा के लिए जागरूकता फैलाने हेतु जुलूस नवीन गल्ला मंडी से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए समिति कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुआ।

## सीसी सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** वार्ड नंबर 9 में बन रही सीसी सड़क को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सभासद मोहम्मद रमजानी ने निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए काम रुकवा दिया और उपजिलाधिकारी से शिकायत की है। सभासद का आरोप है कि विरोध करने पर ठेकेदार मुजीब अहमद ने गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। वहीं ठेकेदार ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। एसडीएम करणवीर सिंह ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## हाईटेंशन लाइन से दो मोरों की मौत

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** नेशनल मार्ग स्थित ओरी तालाब के पास हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर दो मोरों की मौत हो गई।सूचना पर पहुंचे युवकों ने वन विभाग की मौजूदगी में दोनों पक्षियों को तारों से उतरवाकर सम्मानपूर्वक लाल कपड़े में लपेटकर अधिकारियों को सौंप दिया। क्षेत्र में लंबे समय से मोरों का निवास है।

## ट्रक खराब होने से दो घंटे जाम, पूर्व मंत्री समेत कई फंसे

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के हाईवे पर ट्रक खराब होने से भीषण जाम लग गया, जिससे करीब दो घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। जाम में परिवहन बसें, एंबुलेंस और पूर्व मंत्री शिवचरन प्रजापति सहित कई अधिकारी फंसे रहे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक हटवाकर यातायात बहाल कराया।

## समाजवादी विचारधारा से प्रभावित होकर दो दर्जन लोग सपा में शामिल



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में विभिन्न गांवों के करीब दो दर्जन लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी।

## सिपाही का रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल

भरुआ सुमेरपुर। सुरौली चौकी में तैनात सिपाही का रिश्वत मांगने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया। ऑडियो में एक व्यक्ति द्वारा चौकी इंचार्ज को 10 हजार रुपये देने की बात कही जा रही है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने मामले की जांच कराने की बात कही है।

## मरम्मत कार्य के चलते दो दिन बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** 132 केवी उपकेंद्र में मरम्मत कार्य के चलते 28 और 29 मार्च को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक कई फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## डॉक्टरों की कमी को लेकर प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** अखिल भारतीय एकता परिषद ने सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी और अव्यवस्थाओं के खिलाफ प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मरीजों को समुचित इलाज न मिलने से उन्हें रेफर किया जाता है, जिससे कई बार रास्ते में ही मौत हो जाती है।

# आल्हा सम्राट फौजदार सिंह के गायन से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जनजातीय उत्सव का हुआ समापन उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं जिला प्रशासन सोनभद्र के संयुक्त तत्वावधान में, संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राबर्ट्सगंज के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय जनजातीय उत्सव का भव्य समापन बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम ने क्षेत्र की समृद्ध लोक एवं जनजातीय परंपराओं को जीवंत कर दिया।



समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीव सिंह गौड़, समाज कल्याण राजमंत्री एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक राबर्ट्सगंज तीरथ राज, डॉ. गोपाल सिंह प्रधानाचार्य, विनय सिंह, सूचना अधिकारी सोनभद्र, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, मनोज कुमार (कार्यक्रम समन्वयक, एनसीजेडसीसी) तथा सहाय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण रहे प्रसिद्ध आल्हा गायक फौजदार सिंह, जिनके ओजस्वी गायन ने पूरे पंडाल में जोश भर दिया। जैसे ही उन्होंने वीर गाथा आल्हा-ऊदल का गायन प्रारंभ किया, श्रोताओं की भुजाएं फड़क उठीं और वातावरण वीर रस से सराबोर हो गया। उन्होंने अपने गायन के माध्यम से मांडवगढ़ की लड़ाई, इंदल हरण तथा पलक बुखारा-नैनागढ़ के युद्धों का जीवंत चित्रण प्रस्तुत कर दर्शकों को इतिहास से रूबरू कराया। राजपूताना वेशभूषा में, हाथ में तलवार लिए मंच पर उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम में रोमांच का नया आयाम जोड़ दिया, जिससे पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके पश्चात लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

# अंधविश्वास विकसित भारत की राह में बाधक: अतुल

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब के संयोजन में जन सहयोगी इंटर कालेज मोढ़ी, भरथना में अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक कार्यक्रम विषय पर विद्यालय के सैकड़ों बच्चों ने सामाजिक अंधविश्वास के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर हमेशा ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सोचने समझने की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्रधानाचार्य श्रीमती मंजू भदौरिया ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों और रिसोर्स पर्सन का विद्यालय में स्वागत किया। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अतुल कुमार सिंह ने कहा कि, 2047 का विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए हम सभी को समाज में फैले अंधविश्वास और सामाजिक बुराइयों से मिलजुलकर लड़ना होगा साथ ही हर घटना के पीछे छिपे वैज्ञानिक आधार को समझना होगा। अंधविश्वास के प्रति जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों बाल वैज्ञानिक लाभान्वित हुए और उन्होंने कार्यक्रम में नाटक, भाषण के साथ अंधविश्वास से जुड़े मॉडल और चार्ट की शानदार प्रदर्शनी भी प्रदर्शनी प्रस्तुत की। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में अध्यक्ष प्रबन्ध समिति श्री कृष्ण, जिला स्काउट सचिव रविन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य डॉ सर्वेश कुमार चतुर्वेदी सहायक अध्यापक मनोज कुमार, वीरेंद्र कमल, रणवीर सिंहआदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अंत में जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ मुकेश यादव ने विज्ञान क्लब के उद्देश्य का विस्तृत परिचय दिया।

## हुसैनिया हज प्रशिक्षण शिविर 30 मार्च को

**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** अंजुमन-ए-हुसैनिया कमेटी शहर इटावा की ओर से हज ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन 30 मार्च दिन सोमवार को स्वंयवर मैरिज होम में किया गया है। यह जानकारी देते हुए अंजुमन-ए-हुसैनिया कमेटी अध्यक्ष हाजी सकलैन खलील ने बताया कि हज ट्रेनिंग कैम्प में ट्रेनर अल्हाज शारिक अलवी कानपुरी, अलहाज मौलाना ज़ाहिद रज़ा व मौलाना फुरकान रज़ा हज यात्रियों को प्रशिक्षण देंगे। कैम्प में इटावा, मैनपुरी, एटा, फीरोज़ाबाद, अलीगढ़, फर्रुखाबाद, औरैया, कन्नौज, उरई, जालौन, भिण्ड, ग्वालियर, मुरैना के इस साल हज पर जाने वाले हज यात्रियों से अपील है कि वह 30 मार्च दिन सोमवार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक हुसैनिया हज ट्रेनिंग कैम्प में शामिल होकर हज यात्रा के प्रशिक्षण का लाभ उठाएं।

## एंटी रोमियो व मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जागरूकता बैठक आयोजित



**बिलग्राम, हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** थाना बिलग्राम क्षेत्र के ग्राम नौमलिकपुर में एंटी रोमियो स्क्वाड एवं मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। बैठक के दौरान उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 1076, 1098, 112 एवं 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण और कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर सभी को सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए उससे बचाव के उपायों पर भी विशेष चर्चा की गई। लोगों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। कार्यक्रम में पुलिस टीम के सदस्य रंजीत कुमार, श्रवण कुमार, आरती व सीमा उपस्थित रहे। महिला आरक्षी आरती और सीमा ने विशेष रूप से महिलाओं को जागरूक करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की।

## रेलवे ग्राउंड चोपन में गुरुवार को होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम



**चोपन/सोनभद्र (अवधनामा संवाददाता)** समाज कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार को रेलवे ग्राउंड चोपन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विधानसभा ओबरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी ब्लॉकों से चयनित लाभार्थी जोड़े शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम को लेकर जिला व स्थानीय स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। विवाह स्थल पर पंडाल, मंच, भोजन, पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके अलावा बारातियों एवं आमंत्रित अतिथियों के स्वागत एवं आवास की भी समुचित व्यवस्था की जा रही है।

## 27 मार्च, 2026 को भी राम नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि दिनांक 26 मार्च, 2028 को राम नवमी का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, के क्रम में ही दिनांक 27 मार्च, 2026 को भी निगोशियेबुल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 के अधीन राम नवमी का सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। शासन के आदेश के अनुपालन में दिनांक 27 मार्च, 2026 (दिन शुकवार) को भी राम नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

# बिलग्राम में भक्ति और उल्लास का संगम

- दिल्ली की वैष्णव जागरण पार्टी ने बिखेरा भक्ति का रंग, आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई** जनपद के बिलग्राम कस्बे के पीपल चौराहा स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में महामाई का 36वां विशाल रात्रि जागरण इस बार और भी भव्य व यादगार बन गया, जब दिल्ली से आई प्रसिद्ध वैष्णव जागरण पार्टी ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भगवती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद वैष्णव जागरण पार्टी द्वारा प्रस्तुत भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भक्ति गीतों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और जय माता दी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। जागरण की विशेष आकर्षण रही मनमोहक झांकियां, जिन्होंने धार्मिक कथाओं और देवी-देवताओं के विभिन्न स्वरूपों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इन झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को आकर्षित किया। झांकियों के साथ-साथ रंग-बिरंगी लाइटिंग और भव्य सजावट ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया। इस भव्य आयोजन के संयोजक सुरेश गुप्ता, रिंकू राधे, हरि नाम कुशवाहा, शोभित गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, नितिन सैनी, बब्बन स्वर्णकार, बब्लू गुप्ता एवं लल्लू कटिहार रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन बाबा विश्वनाथ जागरण समिति के तत्वावधान में किया गया, जिनके प्रयासों से यह आयोजन ऐतिहासिक बन गया।

कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, वहीं सुरक्षा व व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया। अंत में मां के प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे सभी ने श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। यह विशाल रात्रि जागरण बिलग्राम में आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत उदाहरण बनकर लंबे समय तक याद किया जाएगा।

# एनटीपीसी विंध्याचल में 'ऐश डाइक प्रबंधन' पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में 23 एवं 24 मार्च 2026 को उमंग भवन सभागार में ÷स्मार्ट ऐश डाइक मैनेजमेंट~ टेक्नोलॉजी, सेफ्टी एवं सस्टेनेबिलिटी का समन्वय÷ विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीसी ओएस द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें विशेषज्ञों, विभिन्न स्टेशनों के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के जानकारों ने भाग लेकर सुरक्षित, सतत एवं तकनीक आधारित प्रबंधन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिद्या नंद झा, कार्यकारी निदेशक (ओएस) द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) विंध्याचल, सीएच. किशोर कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षणएम) सिंगरौली, प्रणय कुमार नायक, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रिहंद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक (सीसी-ओएस एएमजी) एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं परिचालन सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु इस कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में स्मार्ट ऐश डाइक प्रबंधन, डिजिटल इंस्ट्रूमेंटेशन के माध्यम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग, ड्रोन आधारित निगरानी तथा एआई/एमएल आधारित असामान्यता पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। आईआईटी कानपुर एवं अग्रणी तकनीकी कंपनियों के विशेषज्ञों ने जियोसिंथेटिक्स द्वारा डाइक सुदृढ़ीकरण, जलकुंभी उन्मूलन तथा सुरक्षित ऐश उपयोग हेतु एकीकृत आईटी प्रणालियों जैसे नवाचारों पर अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में विंध्याचल, टीएसटीपीएस, रिहंद, शक्तिनगर, कोरबा एवं झज्जर सहित विभिन्न परियोजनाओं के प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अनुभव साझा किए गए। साथ ही सीसी-ओएस, सीसी-आईटी, स्टेशन इंजीनियरिंग एवं सीसी एएमजी की सहभागिता ने सामूहिक ज्ञान-विनिमय को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण शाहपुर ऐश डाइक का फील्ड विजिट रहा, जहां प्रतिभागियों को जमीनी स्तर पर किए जा रहे कार्यों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं का अवलोकन करने का अवसर मिला।

# जल संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा है : मनीष जैन

**अवधनामा संवाददाता**




**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रेनुपावर डिवीजन, रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के मार्गदर्शन में पर्यावरण एवं जल संरक्षण टास्क फोर्स टीम के तत्वावधान में आवासीय परिसर में जल संरक्षण जागरूकता अभियान 2026 के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संचालन विभाग के हेड मनीष जैन ने किया।तत्पश्चात मुख्य अतिथि मनीष जैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि जल संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा है।यदि हम आज से ही सजग नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।।रैली का उद्देश्य लोगों को जल के महत्व एवं इसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेनुसागर, आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज रेनुसागर एवं रेनुपावर प्राथमिक पाठशाला विद्यालयों के छात्र-छात्राओ ने हाथों में जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर जल है तो कल है, पानी बचाओ, जीवन बचाओ जैसे नारों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। रैली आवासीय परिसर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकली, जहां लोगों को जल के सीमित संसाधनों के संरक्षण एवं इसके समुचित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। टास्क फोर्स के सदस्यों ने दैनिक जीवन में जल बचत के सरल उपायों जैसे अनावश्यक जल बहाव रोकना, वर्षा जल संचयन अपनाना एवं जल के पुनः उपयोग के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सभी से जल संरक्षण को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने एवं दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण विभाग के हेड कमलेश मौर्या ने किया।

# योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में किया पुनर्वास वितरण

अवधनामा ब्यूरो

- आपदा प्रभावित परिवारों को करोड़ों की सहायता
- भरथापुर के विस्थापितों को मिला नया आशियाना
- डबल इंजन सरकार का गरीब कल्याण पर जोर
- 118 लाभार्थियों को पुनर्वास राशि और जमीन आवंटन



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन सरकार प्रदेश के 25 करोड़ लोगों की सेवा जाति, पंथ, मजहब और सम्प्रदाय आदि के भेदभाव से मुक्त होकर कर रही है। अपने खजाने को गरीबों के उत्थान में खर्च कर रही है। यह होती है, जनता की सरकार। जब सेवा और संवेदना शासन की व्यवस्था का हिस्सा बनता है, तब सरकार गरीब कल्याण को अपने एजेण्डे का हिस्सा बनाती है। गरीब को शौचालय, आवास, आयुष्मान कार्ड तथा राशन कार्ड आदि सुविधाएं आसानी से प्राप्त होती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आज प्रभावित परिवारों को भरथापुर ग्राम से नेशनल हाई-वे के निकट जनपद बहराइच के इसी विकासखण्ड मिहींपुरवा के ग्राम सेमरहना में पुनर्वासित किया जा रहा है। यह कार्य डबल इंजन सरकार की उस सेवा और संवेदना का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री जनपद बहराइच में राजस्व ग्राम भरथापुर में विकट परिस्थितियों में रह रहे 118 हितग्राहियों को 15 लाख रुपये प्रति हितग्राही की दर से पुनर्वास धनराशि एवं कृषि भूमि, मकान, कुंआ, हैण्डपम्प एवं वस्त्र आदि परिसम्पत्तियों के समतुल्य मुआवजे के रूप में 21.55 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि का अन्तरण करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने 136 परिवारों के खातों में 01 लाख 20 हजार रुपये प्रति लाभार्थी की दर से 01 करोड़ 63 लाख 20 हजार रुपये की धनराशि, आवास के लिए प्रत्येक लाभार्थी को 748 वर्ग फीट भूमि का पट्टा तथा पात्रता के अनुसार आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड तथा शौचालय आदि के स्वीकृति पत्र का वितरण किया।

ज्ञातव्य है कि आज के कार्यक्रम के अन्तर्गत भरथापुर में 29 अक्टूबर, 2025 को नाव हादसे से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता एवं पुनर्वास, नवीन भरथापुर (ग्राम सेमरहना) में पुनर्वासित होने वाले प्रत्येक परिवार को 748 वर्ग फीट भूमि का आवंटन, पुनर्वासित कॉलोनी में सड़क, ग्रीन बेल्ट, सी0सी0 मार्ग, एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट, इन्टरलॉकिंग टाइल्स एवं जल सप्लाई आदि अवसंरचनात्मक सुविधाओं के लिये 4.55 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त प्राविधान तथा कॉलोनी में अन्नपूर्णा भवन, प्राथमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य सम्मिलित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भरथापुर के विस्थापित होने वाले परिवारों को मुआवजे के रूप में उनकी निजी परिसम्पत्तियों के मूल्य के बराबर कुल 21 करोड़ 55 लाख 55 हजार 851 रुपये उपलब्ध कराया गया है। इन परिवारों को ग्राम पंचायत-सेमरहना में ग्राम पंचायत की भूमि का अधिग्रहण कर मुख्यमंत्री आवास योजना से आच्छादित किया गया। सभी लाभार्थियों के बैंक खातों में आवास व शौचालय निर्माण हेतु धनराशि प्रेषित की गयी है। जिलाधिकारी, बहराइच को जिम्मेदारी दी गयी है कि लाभार्थियों के आवास बेतरतीब नहीं, बल्कि सुव्यवस्थित कॉलोनी के रूप में बने। सभी परिवारों के लिए कॉलोनी के नजदीक विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, राशन की दुकान आदि की व्यवस्था होगी। इस नयी कॉलोनी का नाम भरतपुर रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों की पूरी जमीन नदी की धारा में कट गयी थी। वहां जलीय जीव, मगरमच्छ, अजगर, जहरीले सांप, हाथी, तेंदुए, बाघ आदि हिंसक जानवर थे। इन हिंसक जानवरों के बीच 500 आपदा प्रभावित लोग रहने के लिए मजबूर थे। अब इन सभी लोगों के लिए ग्राम-सेमरहना में भूमि उपलब्ध करायी गयी है, जो इस ग्राम पंचायत में भरतपुर कॉलोनी के रूप में अलग टोला होगा। प्रभु श्रीराम व भरत जी की तरह इन आपदा प्रभावित परिवारों का सम्बन्ध ग्राम पंचायत-सेमरहना के लोगों के साथ भाई जैसा होगा। प्रभु श्रीराम जब 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस आए थे, तब अयोध्या का शासन उनके भाई भरत जी सम्भाल रहे थे।

# आर.डी.एस.ओ. में समीक्षा बैठक का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक, प्रभास दनसाना की अध्यक्षता में 25 मार्च को आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही महादेवी वर्मा जी की जयंती के अवसर पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की कार्मिक माधवी वर्मा द्वारा महादेवी वर्मा के कृतित्व पर प्रस्तुति दी गई। बैठक में महानिदेशकमहोदय ने पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार-प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथासभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया। आर.डी.एस.ओ. की मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधीक्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। राजभाषा अधिकारी अखिलेश उपाध्याय द्वारा विषयगत तिमाही की राजभाषा से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कीगयी। संगठन के मनोज कुमार, संयुक्त निदेशक /ईएमएस द्वारा विद्युत का झटका लगने के कारण, प्रभाव और बचाव विषय पर प्रस्तुत राजभाषा में दी गयी।

# ओडीओपी योजना पर स्वयंसेवकों को दी गई जानकारी

- नौ साल पूरे होने पर विश्वविद्यालय में विशेष कार्यक्रम



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लकनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के नौ गौरवमयी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय ओडीओपी - वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट था, जिसका आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चार द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के कोऑर्डिनेटर डॉ. नांलिनी मिश्र के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी आशीष शाही ने की। मुख्य वक्ता के रूप में वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर सैयद हैदर अली सर ने भाग लिया और लगभग 100 स्वयंसेवकों को संबोधित किया।प्रोफेसर अली ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2018 में शुरू की गई ओडीओपी योजना की प्रशंसा की और इसके लाभों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना उत्तर प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष शाही ने किया और इसमें विधि विषय किस प्रकार से ओडीओपी को संरचित् करता है के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और ओडीओपी योजना के महत्व को समझा। कार्यक्रम में ख़्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ मनीष कुमार, डॉ अभय कृष्ण , डॉ कृष्ण मुकुंद, डॉ अंशुल पांडे, डॉ तान्या सागर की भी गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान और ग्रुप फोटो के साथ हुआ।

# अजय राय ने हरीश राणा को दी श्रद्धांजलि

- गाजियाबाद में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक
- परिजनों से मिलकर जताई संवेदनाएं



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को गाजियाबाद पहुंच कर हरीश राणा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर माता-पिता व परिजनों से मिल कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। स्वर्गीय हरीश राणा को श्रद्धांजलि देने और परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करने के बाद श्री राय ने कहा कि यह देश में पहला मामला है, जिसमें न्यायालय ने इच्छा मृत्यु की अर्जी स्वीकार की। स्वर्गीय राणा का लम्बा संघर्ष अत्यंत पीड़ादायक रहा। उनके माता-पिता के त्याग और सेवा को शब्दों में बयान करना कठिन है, जिन्होंने इतने सालों तक साये की तरह अपने बेटे का साथ निभाया। श्री राय ने स्वर्गीय के परिजनों के असीम धैर्य और ममता को शत-शत नमन किया। श्री राय ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। श्री राय ने परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस दुख की इस घड़ी में स्वर्गीय हरीश राणा के परिवार के साथ खड़ी है। विदित हो कि हरीश राणा एक दुर्घटना में सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से पिछले एक दशक से अधिक समय तक कोमा की स्थिति में थे। उनकी स्थिति देखते हुए उच्चतम न्यायालय ने 11 मार्च 2026 को उनकी इच्छा मृत्यु की याचिका स्वीकार की थी, जिसके बाद उन्हें परोक्ष इच्छा मृत्यु के लिए 14 मार्च को दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में शिफ्ट कराया गया था और मंगलवार 24 मार्च को उनका निधन हो गया।

## राज बब्बर को 1996 मामले में कोर्ट से राहत



लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद राजबब्बर पर वर्ष 1996 के लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज मुकदमे को न्यायालय के खारिज कर श्री बब्बर को बरी कर दिया। न्यायालय से बरी होने पर श्री बब्बर ने कहा कि उस वक्त के राजनीतिक परिदृश्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने के मकसद से मुझ पर इस तरह की कार्रवाइयां की गयी थीं, जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थीं। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस का सिपाही हूं और देश के लोकतंत्र और संविधान में अपनी आस्था रखता हूं। मैं हमेशा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करता रहूंगा। लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूर्व सांसद व पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजबब्बर पर वर्ष 1996 के लोकसभा चुनाव के दौरान मुकदमों को खारिज कर बरी कर दिया।

## पूर्व विधान परिषद सदस्य के निधन पर किया शोक व्यक्त



लखनऊ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में उपनेता विरोधी दल प्रमोद तिवारी ने पूर्व विधान परिषद सदस्य आनंद भूषण सिंह बब्बू राजा के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय आनंद भूषण सिंह से मेरे पारिवारिक संबंध थे। वे एक मिलनसार, मृदुभाषी और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। कठिन परिस्थितियों में वे कभी विचलित नहीं होते थे। उनका जीवन सादगी भरा रहा और सबके प्रति सम्मान भाव रखना और सरल स्वभाव ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी थी। उनके निधन से अपूर्णनीय क्षति हुई है। श्री तिवारी न स्वर्गीय आनंद भूषण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा को चिरशांति प्रदान करने और परिजनों व शुभचिंतकों को दारुण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# जयवीर सिंह की मौजूदगी में संस्कृति संरक्षण को बढ़ावा

- लोक एवं जनजातीय संस्कृति के लिए हुआ अहम समझौता

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की समृद्ध लोक एवं जनजातीय संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार के उद्देश्य से आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ज्ञापन उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ एवं स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के मध्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह जी ने इस समझौते को प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस साझेदारी से उत्तर प्रदेश की लोक एवं जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी।इस समझौते के माध्यम से दोनों संस्थाएं शिक्षा, शोध, प्रशिक्षण एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में मिलकर कार्य करेंगी। इसके अंतर्गत लोक एवं जनजातीय कला, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण हेतु संयुक्त कार्यक्रम, कार्यशालाएं, सेमिनार, सांस्कृतिक उत्सव एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।समझौता ज्ञापन के तहत दोनों संस्थान सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने, शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों एवं कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए मिलकर प्रयास करेंगे। साथ ही, पारंपरिक कलाकारों एवं शिल्पकारों के कौशल विकास, दस्तावेजीकरण एवं प्रचार-प्रसार पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह समझौता ज्ञापन उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के आवास पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी भी मौजूद रहे।

## दानिश आजाद अंसारी के 'ईद स्नेह मिलन' में दिखा भाईचारे का संदेश

# ईद देती है प्रेम और इंसानियत का संदेश



- भव्य आयोजन में जुटे जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आमजन
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा 'ईद स्नेह मिलन' समारोह

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी सोमवार को आयोजित ईद स्नेह मिलन कार्यक्रम अत्यंत भव्य एवं सफल रहा। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, धार्मिक गुरू, युवा एवं आमजन उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य ईद के पावन अवसर पर आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने एक-दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दीं और मिल-जुलकर प्रदेश की तरक्की एवं शांति के लिए अपने संकल्प को दोहराया।

अपने संबोधन में राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी जी ने कहा कि ईद का पर्व हमें प्रेम, त्याग और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना के साथ कार्य कर रही है और समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य मंत्रीगणों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी विश्वास को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता को दर्शाया। पारंपरिक व्यंजनों की भी विशेष व्यवस्था की गई, जिससे कार्यक्रम का माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण बन गया। कार्यक्रम में आए विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्नेह मिलन कार्यक्रम समाज में आपसी दूरी को कम करने और भाईचारे को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस की कार्यकारिणी समीक्षा बैठक संपन्न



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे में मान्यता प्राप्त यूनियन एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस की कार्यकारिणी समीक्षा बैठक ऐशबाग में संपन्न हुई जिसमे मैलानी, सीतापुर, ऐशबाग, कैरेज, लोको रनिंग, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, बादशाहनगर, गोंडा आउटडोर, मेकेनिकल, लोकोशेड, बहराइच, बस्ती, आनंदनगर एवम गोरखपुर की शाखाओं से कार्यकारी सदस्य एवम मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता कोषाध्यक्ष इवेंद्र नागवंशी एवम समस्त पदाधिकारी तथा जोनल सहायक महामंत्री राजकुमार उपस्थित रहे।

मंडल मंत्री राकेश चंद्र वर्मा की अगुवाई में यूनियन की एक वर्ष की कार्यवृत्त रिपोर्ट , सदस्यता एवम भावी रणनीतियों, सदस्यों की सक्रियता, सामाजिक कार्यों में वृद्धि, सदस्यता विस्तार, शाखाओं का परिसीमन, पदाधिकारियों का रिपोर्टकार्ड, कर्मचारी कल्याण के लिए तमाम बिंदुओं पर चर्चा हुई।

यूनियन द्वारा गूगल पर सीधे यूनियन को डिजिटल माध्यम से शिकायतें दर्ज कराने हेतु आईटी सेक्टर के विशेषज्ञ विजय कुमार गुप्ता द्वारा मंडलमंत्री जी के निर्देशन में ऐप लांच किया गया जिसके माध्यम से सीधे डिजिटल फार्मेट में शिकायते यूनियन को प्राप्त होंगी। समीक्षा बैठक के अंत में लखनऊ मंडल में कर्मचारियों में ब्लड मशीन के तौर पर पहचाने जाने वाले कर्मचारी मोहम्मद नसीम को उनकी टीम के साथ यूनियन की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई।

# सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़: ए.के. शर्मा

- पूर्वांचल में बनेगी बनास डेयरी, किसानों को मिलेगा लाभ
- घोसी चीनी मिल के आधुनिकीकरण का आश्वासन



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मऊ जनपद के नगर पालिका कम्युनिटी हॉल में आयोजित जिला सहकारी बैंक के चतुर्थ वार्षिक अधिवेशन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने सहकारिता आंदोलन की महत्ता पर जोर देते हुए इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया।

अपने संबोधन में मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने आनंद (गुजरात) की बनास अमूल डेयरी का उदाहरण देते हुए कहा कि सहकारिता की ताकत से किस प्रकार एक क्षेत्र आर्थिक रूप से सशक्त बन सकता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आनंद के जिलाधिकारी के रूप में उन्होंने सहकारिता की शक्ति को बहुत करीब से देखा है। यदि पारदर्शिता, विश्वास और सहयोग की भावना के साथ कार्य किया जाए तो सहकारिता कभी असफल नहीं हो सकती।

मंत्री शर्मा ने बताया कि बनारस की तर्ज पर पूर्वांचल में भी बनास डेयरी स्थापित करने की दिशा में प्रयास जारी हैं और शीघ्र ही इस क्षेत्र में एक नई डेयरी स्थापित की जाएगी, जिससे किसानों और पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा तथा उनकी आय में वृद्धि होगी।घोसी चीनी मिल का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि घोसी चीनी मिल का कोई बाल बांका भी नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि हाल ही में कैबिनेट बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से इसके लिए फंड की मांग की थी, जिसके लिए उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया है। फंड मिलते ही चीनी मिल का आधुनिकीकरण किया जाएगा। मंत्री शर्मा ने कुछ लोगों द्वारा विकास कार्यों में बाधा डालने की कोशिशों पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि कुछ लोग शांत पानी में पत्थर मारकर लहर पैदा करने की राजनीति करते हैं।

उन्होंने जनता से अपील की कि ऐसी नकारात्मक राजनीति का समर्थन न करें और विकास की मुख्यधारा के साथ जुड़ें। उन्होंने यह भी बताया कि मऊ अब विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसे कोई रोक नहीं सकता। टी-सीरीज द्वारा मऊ महादेव पर शूटिंग के लिए किया गया अनुरोध क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मंत्री शर्मा ने आश्वासन दिया कि मऊ की सहकारी समितियों के सभी ब्रांच को सुदृढ़ किया जाएगा और उनके विकास के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय लोग एकजुट होकर विचार-विमर्श करें तो बनारस की तर्ज पर मऊ में भी अमूल-बनास डेयरी की स्थापना जल्द संभव है।

# जयपुरिया स्कूल में 'मास्करेड ऑफ आर्ट' प्रदर्शनी शुरू

- लखनऊ में सजी बच्चों की रचनात्मकता की अनोखी झलक
- कला और कल्पना का संगम: `मास्करेड ऑफ आर्ट' बना आकर्षण



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, लखनऊ का परिसर इन दिनों कल्पना और रचनात्मकता के रंगों से सजा हुआ है, क्योंकि विद्यालय की वार्षिक कला प्रदर्शनी 'मास्करेड ऑफ आर्ट' अब आम जनता के लिए खुल गई है। 24 मार्च से शुरू हुई इस प्रदर्शनी में शहर भर से अभिभावकों, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है।

यह प्रदर्शनी केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक अनोखा कलात्मक अनुभव है। यहाँ हर कलाकृति भावनाओं को छूती है और हर रचना बच्चों की असीम कल्पनाशक्ति को दर्शाती है। प्रदर्शनी में कला की विभिन्न शैलियों का सुंदर संगम देखने को मिलता है। इसमें बारीकी से बनाए गए कथकली मास्क, जनजातीय कला से प्रेरित कृतियाँ, और आधुनिक पाश्चात्य डिज़ाइन शामिल हैं, जो पहचान और संस्कृति के विषयों को दर्शाते हैं। दर्शक वारली कला की सादगी, प्राकृतिक दृश्यों की शांति, अमूर्त चित्रों की गहराई और भावनात्मक पोर्ट्रेट्स की अभिव्यक्ति का भी आनंद ले सकते हैं इस प्रदर्शनी का एक मुख्य आकर्षण एक विशाल भित्ति चित्र (म्यूरल) है, जिसमें सिरेमिक और पेंटिंग का अनोखा मेल देखने को मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम कोचित्ती ने कहा: जयपुरिया में हम मानते हैं कि शिक्षा केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है। यह प्रदर्शनी हमारे विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और संस्कृति के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यहाँ की हर कलाकृति प्रतिभा के साथ-साथ अभिव्यक्ति के साहस और अलग सोच को भी दिखाती है। विद्यार्थियों ने भी अपने कार्य को लोगों के सामने प्रस्तुत करने पर गर्व व्यक्त किया। एक विद्यार्थी ने कहा लोगों को हमारी बनाई हुई चीज़ों को देखते और सराहते हुए देखना बहुत अच्छा लगता है। हमारी कला के माध्यम से हम अपनी सोच और भावनाएँ भी साझा कर रहे हैं। 'मास्करेड ऑफ आर्ट' प्रदर्शनी 27 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक विद्यालय परिसर में खुली रहेगी। प्रवेश निःशुल्क है और सभी कला प्रेमियों एवं आम जनता के लिए यह प्रदर्शनी खुली है।

# सड़क निर्माण संबंधी कार्यों के लिए 87.43 लाख की मंजूर

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद कानपुर नगर में सड़क निर्माण से संबंधित 04 कार्यों के लिए कुल 87 लाख 43 हजार रूपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में नियोजन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए इसकी प्रति जिलाधिकारी, कानपुर नगर को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार जनपद कानपुर नगर के ग्राम पंचायत रहनस के लिए 20.60 लाख रूपये, ग्राम पंचायत हरचन्द्र खेड़ा के लिए 30.99 लाख रूपये, नागापुर पतारी के लिए 16.97 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत सलेमपुर के लिए 16.87 लाख रूपए की धनराशि मंजूर की गई है। इस कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जाएगी।

